दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 | कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 08 | जयपुर | रविवार, 10 नवम्बर, 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष नवमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹ 2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## लॉरेंस गैंग के निशाने पर पुणे का बड़ा नेता था

### बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद मर्डर करने का प्लान था; पुलिस ने पिस्तौल बरामद की

बढ़ता राजस्थान

**पुणे ( एजेंसी )।** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लेने वाले लॉरेंस गैंग के निशाने पर पुणे का एक बड़ा नेता भी था। बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच कर रही मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस बात का खुलासा किया है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक लॉरेंस गैंग ने अपने शूटर्स को इस नेता की हत्या करने की जिम्मेदारी दी थी।

मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया कि बाबा सिद्दीकी को मारने के लिए लॉरेंस गैंग ने प्लान बी बनाया गया था। जिन शूटर्स को इस प्लान बी में शामिल किया गया था, उन्हें बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद पुणे के नेता को मारने की जिम्मेदारी दी गई थी।

क्राइम ब्रांच ने बताया कि इस साजिश का पर्दाफाश तब हुआ जब उन्हें वह पिस्तौल बरामद हुई, जिससे इस हत्या को अंजाम दिया जाना था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आरोपियों ने इस नेता की रेकी की थी या नहीं। हालांकि, पुलिस ने नेता के नाम का खुलासा नहीं किया गया है।

## ट्रूडो ने माना- कनाडा में खालिस्तानी समर्थक मौजूद

### बोले- यहां पीएम मोदी के हिंदू समर्थक भी, लेकिन वे सभी हिन्दुओं को रिप्रेजेंट नहीं करते



बढ़ता राजस्थान

**ओटावा ( एजेंसी )।** भारत और कनाडा के बीच जारी कूटनीतिक विवाद के बीच कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने पहली बार यह माना है कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक मौजूद हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि ये लोग पूरे सिख समुदाय को रिप्रेजेंट नहीं करते। ट्रूडो ने यह बात 8 नवंबर को कनाडाई संसद पार्लियामेंट हिल में आयोजित दिवाली समारोह में कही। उन्होंने यह भी कहा कि कनाडा में रहने वाले कई हिंदू पीएम मोदी के समर्थक भी हैं, लेकिन वे पूरे कनाडाई हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व नहीं करते। दरअसल, भारत का आरोप है कि कनाडा खालिस्तानी आतंकियों को शरण देता है। इस आरोप को अब तक कनाडाई पीएम और अन्य मंत्री खारिज करते आए हैं। ऐसे में ट्रूडो का बयान काफी अहम माना जा रहा है। कनाडा ने स्टूडेंट डायरेक्ट वीजा प्रोग्राम बंद किया, भारतीय छात्रों को नुकसान कनाडा ने 8 नवंबर से स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम वीजा प्रोग्राम बंद कर दिया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक कनाडा ने 2018 में एसडीएस वीजा प्रोग्राम शुरू किया था। इसके तहत 14 देशों के छात्रों को जल्दी वीजा देने के लिए यह प्रोग्राम शुरू किया गया था। इन 14 देशों में भारत के अलावा पाकिस्तान, चीन, मोरक्को जैसे देश शामिल हैं।

### सीएम शर्मा की झुंझुनूं के सुलताना कस्बे में जनसभा

# झुंझुनूं की हवा इस बार बदली हुई है : सीएम शर्मा

## राजेन्द्र भांबू ने कहा-वोट की भीख मांगता हूं



बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झुंझुनूं दौरे पर हैं। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू हैं। शनिवार को सुलताना कस्बे में जनसभा में सीएम भजनलाल दोपहर 1.30 बजे पहुंचे। सभा सुलताना में चिड़ावा रोड स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में हुई। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- झुंझुनूं वीर सपूतों, सैनिकों, किसानों, सेठों और शिक्षितों की धरती है। इस धरती को नमन करता हूं। झुंझुनूं की हवा इस बार बदली सी नजर आने लगी है। 70 साल कांग्रेस ने राज किया। आपको उनसे काम का हिसाब लेने का हक है।

### कांग्रेस ने शिलान्यास के झूठे पत्थर लगाए

सीएम ने कहा- मैं कहना चाहता हूं कि 70 साल में किसी ने राज किया है तो वो कांग्रेस ने किया है। तो आपको पूछने का हक बनता है कि कांग्रेस ने मुल्क के मालिक को भिखारी बना दिया और जो भिखारी थे, वो आबाद हो गए।

सीएम ने जनता को असली मालिक बताते हुए कहा- अरे मेरे मुल्क के मालिकों जागिए... आप पहचान करिए कि आपका भला कौन कर सकता है। उन लोगों से पूछिए, जिन्होंने लंबे समय तक राज किया है। अभी हमारी सरकार को सिर्फ 11 महीने हुए है, जिस दिन हमारी सरकार का एक साल होगा, उस दिन राजस्थान की जनता के सामने एक साल का पूरा का पूरा हिसाब देंगे।

मैं कहना चाहता हूं कि वो 70 साल तक शिलान्यास के झूठे पत्थर लगाते रहे और आप उनको ही तराशते रहे। शेखावाटी का पानी भी गहरा है, यहां का व्यक्ति भी गहरा है। पूरे राजस्थान में जाता हूं और देखता हूं तो पता चलता है कि झुंझुनूं से भोला आदमी कहीं का नहीं है।

### कांग्रेस राज में 17 पेपर लीक, हमने 200 से ज्यादा को जेल में डाला

कांग्रेस के शासन में 19 में से 17 पेपर लीक हुए। किसान के बेटे के साथ धोखा हुआ। हमने 200 से ज्यादा पेपर माफिया जेल में डाले।

हमने 2 साल का कलेंडर दिया है। जगह निकाली हैं। तय किया है कि कब पेपर होना है, परिणाम किस दिन आना है। कैबिनेट ने 90 हजार वैकेंसी निकाली, हमने मंजूरी दी। 60 हजार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद क्या 10 महीने में खाली हो गए। किसान के बेटे को समय पर नौकरी देते तो काम चलता।

### राजेंद्र भांबू ने किया बबलू चौधरी का शुक्रिया

इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए प्रत्याशी राजेंद्र भांबू ने कहा- सुलताना हाथीराम की पवित्र धरा है। सीएम पल-पल का फीडबैक ले रहे हैं। वे दूसरी बार झुंझुनूं आए हैं। उनका आभार। झुंझुनूं की प्यासी धरती के लिए उन्होंने यमुना जल समझौता किया। यह बड़ी सौगात है।

### ओला परिवार 26वीं बार चुनावी मैदान में

20 साल से झुंझुनूं के विकास की जो योजनाएं बंद पड़ी थीं, वे शुरू हो गई हैं। झुंझुनूं ने परिवार विशेष (ओला) की विरासत को बदलने का ठान लिया है। ओला परिवार आपके बीच 26वीं बार चुनावी मैदान में है। बजट में किए प्रावधान से जिले की जनता गदगद है। मैं 10 साल से लोगों के बीच हूं। पार्टी ने दूसरी बार मुझे प्रत्याशी बनाया। आपसे झोली फैलाकर वोटों की अपील करता हूं। मोदी और भजनलाल के सहयोग से में झुंझुनूं की काया पलट दूंगा। सैनिक और किसान का बेटा आपसे वोट की भीख मांगता है।

### बबलू चौधरी का कई बार लिया नाम

राजेंद्र भांबू ने कई बार बबलू चौधरी का नाम लिया। कहा- मैं आश्वस्त करता हूं कि विकास में कमी नहीं आने देंगे। मैं आपके बीच रहूंगा, 24 घंटे तत्पर रहूंगा। आपके मान सम्मान में कमी नहीं आएगी। बबलू चौधरी सहित सभी नेताओं को नमन, सभी ने खूब साथ दिया है।



## पाकिस्तान में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर सुसाइड अटैक

### धमाके में 26 लोगों की मौत, इनमें 14 सैनिक; बलूच लिबरेशन आर्मी ने जिम्मेदारी ली

बढ़ता राजस्थान



**इस्लामाबाद ( एजेंसी )।** पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह ब्लास्ट में 26 लोगों की मौत हो गई। धमाके में 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले की जिम्मेदारी मिलिटेंट ग्रुप बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है। बीएलए प्रवक्ता ने कहा कि आत्मघाती हमले को मजीद ब्रिगेड यूनिट ने अंजाम दिया। उनका निशाना मिलिटेंट इन्फेंट्री स्कूल के सैनिक थे, जो कोर्स पूरा कर जाफर एक्सप्रेस से पेशावर जाने वाले थे।

अधिकारियों ने बताया कि कई घायल यात्रियों की मौत अस्पताल में हुई। क्वेटा सिविल हॉस्पिटल के प्रवक्ता वसीम बैग ने पाकिस्तानी अखबार द डॉन को बताया कि मारे गए लोगों में 14 आर्मी जवान और 12 आम नागरिक हैं।

उधर, अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि इस हमले के पीछे बीएलए है। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में यह एक सुसाइड ब्लास्ट लग रहा है। प्लेटफॉर्म पर भीड़ थी, ट्रेन आने से पहले ब्लास्ट पाकिस्तानी न्यूज वेबसाइट ट्रिब्यून एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक जाफर एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म पर पहुंचने से ठीक पहले यह हादसा हुआ। क्वेटा के एक सीनियर पुलिस अफसर ने कहा कि ट्रेन को 9 बजे पेशावर के लिए रवाना होना था।

## राहुल बोले- मोदी अंबानी के घर जाते हैं गरीब के यहां शादी में नहीं जाते, तार के पीछे खड़े गरीब बच्चे उनसे झिझककर मिलते हैं : राहुल



बढ़ता राजस्थान

**रांची ( एजेंसी )।** राहुल गांधी ने शनिवार को झारखंड के बाघमारा और जमशेदपुर में कहा- मोदी जी अंबानी की शादी में जाते हैं, लेकिन किसी गरीब के यहां शादी में नहीं जाते। एक बार मैंने देखा कि वे तार के पीछे खड़े गरीब बच्चों से झिझककर मिले रहे थे। हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री गरीबों, किसानों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के पास जाते ही नहीं हैं। इससे पता चलता है कि वो आपके नहीं हैं। राहुल ने कहा- हिंदुस्तान में युवा और महिलाएं दुखी हैं। देश में महंगाई बढ़ती है तो सबसे ज्यादा चोट हमारी माताओं-बहनों को लगती है। नरेंद्र मोदी ने हर चीज पर जीएसटी जोड़ दिया है। टैक्स का पूरा ढांचा देश के गरीब लोगों से पैसा लेने का तरीका है। देश में करीब 50% ओबीसी, 15% दलित, 8% आदिवासी और 15% अल्पसंख्यक वर्ग के लोग हैं। लेकिन आपको देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के मैनेजमेंट में ओबीसी, दलित और आदिवासी वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा।

मैंने मोदी जी से साफ कह दिया है- आप जातिगत जनगणना को रोक नहीं सकते हैं। हम इसी संसद में जातिगत जनगणना को पास करके दिखाएंगे और आरक्षण में 50% की दीवार को तोड़ देंगे। झारखंड में हम आदिवासियों को 28%, दलितों को 12% और पिछड़े वर्ग को 27% आरक्षण देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी बड़े-बड़े भाषण करते हैं। बड़े-बड़े प्लेन में उड़ते हैं। लेकिन बोझ आम आदमी को उठाना पड़ता है। मोदी जी गरीबों से हाथ मिलाने से भी कतराते हैं।

## सीएम सोरेन के पीएस के घर आईटी रेड रांची-जमशेदपुर में 17 ठिकानों पर छापेमारी

बढ़ता राजस्थान

**रांची ( एजेंसी )।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निजी सचिव सुनील श्रीवास्तव के घर पर इनकम टैक्स की छापेमारी हुई है। टीम ने सुनील कुमार श्रीवास्तव और उनके संबंध रखने वाले 17 ठिकानों पर रेड मारी है। जानकारी के मुताबिक, इनकम टैक्स की रेड रांची में सात जगह और जमशेदपुर में नौ जगह के करीब छापेमारी चल रही है। जमशेदपुर के अंजानिया इस्पात समेत अन्य ठिकानें भी शामिल हैं। छापेमारी को लेकर विस्तृत जानकारी आना बाकी है। इनकम टैक्स की यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब 13 नवंबर को पहले फेज की वोटिंग होनी है। जानकारी के मुताबिक, आयकर विभाग को विधानसभा चुनाव में हवाला के सहारे पैसों की लेन-देन की सूचना मिली थी।

# पुष्कर मेले में ऊंट का डांस; पहली बार निकाली रैली

## विदेशी मेहमानों ने बजाया नगाड़ा; अमेरिकी टूरिस्ट बोली- ऐसा अनुभव आपको कहीं नहीं मिलेगा

बढ़ता राजस्थान

**पुष्कर ( अजमेर )।** अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले की शनिवार से विधिवत शुरुआत हो गई है। 15 नवंबर तक चलने वाले इस मेले के पहले दिन पुष्कर और आसपास के सरकारी स्कूलों की 200 से ज्यादा छात्राओं ने राजस्थानी गीतों पर परफॉर्मेंस दी। विदेशी पर्यटकों ने इन छात्राओं के साथ फोटो भी खिंचाए। इस दौरान विदेशी मेहमानों ने प्रसिद्ध नगाड़ा वादक के साथ नगाड़ा भी बजाया।

मेले में पहली बार 51 ऊंटों की रैली (परेड) निकालकर ऊंटों के संरक्षण का मैसेज दिया। यह रैली पुराने मेला मैदान से नए मेला मैदान तक 1 किलोमीटर निकाली गई। इस दौरान सेंड आर्टिस्ट अजय रावत ने रेत पर ऊंटों की आकृति उकेरी। मेले में ऊंट ने डांस भी किया। भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों के बीच चक दे इंडिया फुटबॉल मैच का आयोजन हुआ। रोमांचक मुकाबले में भारतीय टीम ने 4-3 से जीत हासिल की।

### मंत्री ने झंडा फहराकर की शुरुआत

मेले का उद्घाटन शनिवार सुबह 10 बजे कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत ने झंडा फहराकर किया। इसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। जिला कलेक्टर लोक बंधु, एसपी वंदिता राणा, नगर परिषद अध्यक्ष कमल पाठक और उपाध्यक्ष शिव स्वरूप महर्षि भी मौजूद रहे। विधिवत पूजा-पाठ के बाद मेले का शुभारंभ होने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। प्रसिद्ध नगाड़ा वादक नाथूलाल सोलंकी और उनकी टीम ने नगाड़ा बजाया। इस दौरान विदेशी युवतियों ने नगाड़ा बजाने की बात की तो टीम ने उन्हें मंच पर बैठा लिया और स्टिक हाथ में थमा दी।

पुष्कर और आसपास गांवों की स्कूलों की 200 छात्राओं ने राजस्थानी गीतों पर डांस किया। पुष्कर सरोवर के 52 घाट पर दीपक जलाकर महाआरती की जाएगी। नगर परिषद आयुक्त कीर्ति कुमावत ने बताया- 52 घाट पर महाआरती के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, छात्राओं और स्थानीय लोगों घाटों पर खूबसूरत रंगोलियां बनाई है। अलग-अलग संस्थाओं को घाट सजाने का जिम्मा दिया है।

### पर्यटक बोले- मेला बहुत शानदार, ऊंट-घोड़े बहुत ही खूबसूरत

अमेरिका से आई पर्यटक सिंथिया ने बताया- मैं दूसरी बार पुष्कर आई हूं। बताना चाहती हूं कि यह शानदार है। दूसरी बार में यह मेला ज्यादा अच्छा लग रहा है। इस बार ज्यादा पशु हैं। सजे-धजे ऊंट और राजस्थानी पोशाक में नाचती महिलाओं को देखना शानदार अनुभव है। मैं सभी से कहना चाहती हूं कि भारत आएं और पुष्कर मेले का लुत्फ लें। ऐसा अनुभव आपको कहीं नहीं मिलेगा।

अमेरिका से आई टूरिस्ट एर्लिन ने कहा- मैं पहली बार पुष्कर आई हूं। यह मेला बहुत शानदार है। यहां लोग बहुत फ्रेंडली हैं, स्वागत करने का तरीका बहुत अच्छा लगा। स्विट्जरलैंड की कैथरिना ने कहा- मैं पहली बार ही भारत और पुष्कर आई हूं। यह मेला बहुत ही शानदार है। ऊंटों को बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया है। यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। न्यूजीलैंड से आए पर्यटक टेओ ने कहा- मेला बहुत शानदार है। ऊंट और घोड़े बहुत ही खूबसूरत हैं। ये जगह भी बहुत ही सुंदर है।



### कैलाश खेर और अनूप जलोटा देंगे परफॉर्मेंस

मेले में 12 नवंबर को भजन गायक अनूप जलोटा और 14 नवंबर को बॉलीवुड गायक कैलाश खेर प्रस्तुति देंगे। कैलाश खेर तीसरी बार पुष्कर पहुंचेंगे। पहली बार ब्रह्मा मंदिर में क्लासिकल म्यूजिक और ध्रुपद गायन का आयोजन किया जाएगा।

### होटल-धर्मशालाएं फुल

मेला कमेटी के सदस्य के मुताबिक- इस बार 4500 विदेशी पर्यटक पहुंचे हैं। पिछले साल विदेशी पर्यटकों की संख्या करीब 3000 रही थी। मेले से पहले ही 70 प्रतिशत बुकिंग हो चुकी थी। अभी सभी होटल और धर्मशालाएं फुल हैं।

### 5 हजार से ज्यादा पशु आए

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सुनील घीया ने बताया- मेले में अब तक 5000 से अधिक पशु पहुंच चुके हैं। इनमें 1831 ऊंट और 3328 घोड़े हैं। अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले को लेकर विदेशी टूरिस्ट में खास आकर्षण होता है। यहां विदेशी मेहमानों को लुभाने के लिए टेंट सिटी बसाई गई है। ऊंटों की परेड, कालबेलिया समेत पारंपरिक डांस, गीत-संगीत समारोह, खेल प्रतियोगिताओं और पुष्कर सरोवर पर दीपदान जैसे कार्यक्रमों के कारण इसे लेकर विदेशी पर्यटकों में आकर्षण रहता है।

### मांडना प्रतियोगिता में श्रीनगर की टीम जीती

देशी-विदेशी पर्यटकों की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें राजस्थान की कला-संस्कृति से रूबरू कराने के उद्देश्य से दोपहर करीब 1 बजे मांडना प्रतियोगिता और चक दे इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# गोपाष्टमी पर्व मनाया

## गोपाष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में विजयवर्गीय वैश्य समाज द्वारा पिंजरा पोल गौशाला में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गोपाष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में विजयवर्गीय वैश्य समाज द्वारा पिंजरा पोल गौशाला में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्याम जी टहला वाले, बनवारी लाल विजय (बांदीकुई) और देवेंद्र (बांदीकुई) का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। राधे श्याम बासेड़ा विजयवर्गीय, सीताराम, और शिव रतन एडवोकेट ने समारोह में उपस्थित होकर समाज के गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान किया और उन्हें सम्मान चिन्ह भेंट किए। इस दौरान सभी ने गौशाला में गौमाता की सेवा का संकल्प लिया और गौसंरक्षण एवं संवर्धन के महत्व पर चर्चा की। विजयवर्गीय समाज के विभिन्न सदस्यों ने गौशाला में सेवा कार्य कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024

# जेडीए द्वारा युद्ध स्तर पर करवाए जा रहे हैं विकास कार्य

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 (09 से 11 दिसम्बर) को पूर्ण सफल बनाने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा युद्धस्तर पर जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों में तीव्रगति से विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि जेडीए द्वारा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के अंतर्गत करवाए जा रहे विकास कार्यों के अंतर्गत नाहरगढ़ रोड पर नवीनीकरण कार्य, आमेर रोड पर सड़क मरमत्तीकरण कार्य, दिल्ली रोड पर सड़क पर मिट्टी/मलबे हटाने का कार्य, अजमेर रोड पर नवीनीकरण कार्य उपरांत कर्व स्टोन एवं फुटपाथ रिपेयर, रंग-रोगन, रेलिंग पर पेंट का कार्य एवं इंडिया गेट, जोरावर सिंह गेट पर मरमत्तीकरण कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही जेडीए द्वारा बालाजी मोड़ पर मिलिंग कर सड़क सुधारीकरण कार्य प्रगति पर है। रामगढ़ मोड, धोबी घाट सर्कल पर नवीनीकरण कार्य, बंबाला पुलिया पर रंग-रोगन कार्य करवाया गया है तथा दिल्ली रोड पर मशीन द्वारा कर्व स्टोंस कास्ट का कार्य करवाया जा रहा है। इसके साथ ही जिन सड़कों एवं क्षेत्र में नवीनीकरण कार्य गत दिनों ही किया गया है, वहां शीघ्र ही थर्मोप्लास्टिक पेंट, जेब्रा क्रॉसिंग, रोड फर्नीचर इत्यादि कार्यों की तैयारियां लगभग पूर्ण की जा चुकी है। जेडीए द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण जंक्शन के ट्रेफिक सुधारीकरण कार्य भी किए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ सड़कों से अतिक्रमण से हटाने की कार्यवाही भी निरंतर की जा रही है। जनपथ पर थर्मोप्लास्टिक पेंट कार्य प्रगति पर है, आरोग्य पथ पर कंपाउंड वॉल पर पेंट करवाया जा रहा है, कठपुतली नगर की दीवार पर रंग-रोगन का कार्य करवाया जा रहा है, अमर जवान ज्योति के अपग्रेडेशन का कार्य भी किया जा रहा है। आमेर रोड पर बंबू मास्किंग की जा रही है।

# मुनेश गुर्जर के बाद पूर्व एडिशनल कमिश्नर से बदसलूकी के मामले ने पकड़ा तूल

## जा सकती है हेरिटेज उपमहापौर की कुर्सी, महापौर के बाद पूर्व एडिशनल कमिश्नर से बदसलूकी मामले की जांच तेज, तीन पार्षदों को नोटिस जारी कर जांच के लिए बुलाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** हेरिटेज निगम में सियासी विवाद गहराता जा रहा है। पूर्व मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ भ्रष्टाचार की कार्रवाई के बाद अब निगम के पूर्व एडिशनल कमिश्नर राजेंद्र कुमार वर्मा से बदसलूकी मामले की जांच तेज हो गई है। माणक चौक थाना पुलिस ने एससी - एसटी एक्ट को लेकर पूर्व मेयर मुनेश गुर्जर, डिप्टी मेयर असलम फारूकी समेत नगर निगम के 13 पार्षदों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत निगम के तीन पार्षद उम्रदराज, नीरज अग्रवाल और फरीद कुरैशी को नोटिस देकर 13 नवंबर के दिन अनुसंधान के लिए बुलाया गया है। गौरतलब है कि नगर निगम के पूर्व एडिशनल कमिश्नर राजेंद्र वर्मा की शिकायत पर पिछले साल जून में माणक चौक थाना पुलिस ने मेयर हेरिटेज मुनेश गुर्जर, उप-महापौर अस्लम फारुखी, पार्षद उम्रदराज, नीरज अग्रवाल, शफीक कुरैशी, सुनिता मावर, राविया, अंजलि, पार्षद पति मोहम्मद अस्तर, आयशा सिद्दीकी, फरीद कुरैशी, फूलचंद, पार्षद के रिश्तेदार शाकिर, मेयर के पति सुशील गुर्जर, बसन्त असवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। राजेन्द्र कुमार वर्मा ने पुलिस में दर्ज अपनी शिकायत में बंधक बनाने, अपशब्द कहने और धमकाने के आरोप लगाए थे। वर्मा ने कहा है कि 16 जून को वह अपने चैंबर में काम कर रहे थे। इसी दौरान उनके पास मैसेज आया कि मेयर बुला रही हैं। मैंने कहा कि कुछ जरूरी फाइल हैं, उन्हें निपटा दूं, फिर 15 मिनट में आ रहा हूं। 5 मिनट बाद कुछ पार्षद और उनके साथ आए बाहरी लोग चैंबर में घुस आए। मुझसे कहा कि टेंडर की फाइल (बीट पत्रावली) पर हस्ताक्षर क्यों नहीं किए। वे लोग मुझे जबरन चैंबर से उठा कर मेयर के कमरे में ले गए। वहां पर मुनेश गुर्जर ने पार्षदों के सामने अपशब्द कहते हुए बोलीं कि तुम ने बीट की पत्रावली पर साइन क्यों नहीं किए। राजेन्द्र ने बताया कि उन्हें जबरन मेयर के चैंबर में शाम तक बंधक बनाकर रखा गया। शाम को जब पीएचईडी मंत्री महेश जोशी वहां आए, तो उन्हें सारी बात बताई। जोशी के जाने के बाद भी मेयर पति सुशील गुर्जर और अन्य पार्षदों ने कहा कि तू साइन कर के ही जाएगा। विवाद बढ़ने के बाद शाम करीब 7-15 बजे मंत्री महेश जोशी नगर निगम पहुंचे और दोनों पक्षों को सुना। लेकिन मामला नहीं सुलझ पाया। महेश जोशी के रवाना होने के कुछ देर बाद अतिरिक्त आयुक्त भी पुलिस की मौजूदगी में भारी विरोध के बावजूद नगर निगम मुख्यालय से



निकल गए थे। इस पूरे विवाद पर कांग्रेस से बीजेपी में शामिल पार्षद नीरज अग्रवाल ने कहा कि राजेंद्र कुमार वर्मा द्वारा भी बुनियाद आरोप लगाए गए हैं। मैं तो उनकी शक्ल तक नहीं पहचानता हूँ, ना ही उनके खिलाफ मैं किसी तरह के आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया है। वह बेवजह हम सबको फसाने की कोशिश कर रहे हैं। जो पूरी तरह से झूठी साजिश है। चालान पेश होने पर पार्षदी जाना तय,फिर बन जाएगा बीजेपी का बोर्ड डीएलबी के पूर्व डायरेक्टर लॉ अशोक सिंह ने बताया कि राजस्थान नगर पालिका अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव नियम 2017 में स्पष्ट है कि डिप्टी मेयर को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया जा सकता है। अगर पहले से ही डिप्टी मेयर के खिलाफ थाने में मामला दर्ज है। तो उसमें चालान पेश होने पर राज्य सरकार अभियोजन स्वीकृति देकर निलंबित कर सकती है। ऐसे में इस पूरे विवाद के बाद अब नगर निगम हेरिटेज में कांग्रेस के मेयर के बाद डिप्टी मेयर की सीट भी जाती नजर आ रही है। क्योंकि नियमों के तहत अगर डिप्टी मेयर असलम फारूकी के खिलाफ सरकार जांच पूरी कर चालान पेश करती है। तो उन्हें पद से बर्खास्त किया जा सकता है। उनके साथ बाकी पार्षदों को भी बर्खास्त किया जा सकता है। जिसके बाद नगर निगम हेरिटेज में बीजेपी का बोर्ड बन जाएगा।

# राज्य स्तरीय गोपाष्टमी महोत्सव का आगाज पिंजरा पोल गौशाला में हुआ आयोजित

## राज्यपाल ने किया श्री पिंजरापोल गौशाला में गौ पूजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जयपुर में होने जा रहे गोपाष्टमी महोत्सव की अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद द्वारा लगातार माँग उठाई जा रही थी । कृष्ण काल से चले आ रहे गोपाष्टमी महोत्सव को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया तथा गोपाष्टमी महोत्सव बड़ी धूम-धाम के साथ समस्त प्रदेश में मनाया गया इसको लेक सांगानेर स्थित श्री पिंजरापोल गौशाला में महामहिम राज्यपाल गौ-पूजन अर्चना सेवा की राजस्थान में गौमाता के संवर्धन व गौसेवा के प्रति जनता को जागरूक करने हेतु महामहिम राज्यपाल श्रीमान हरिभाऊ बागड़े , स्कूली शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर , जिला कलेक्टर (जयपुर) डॉ0 जे0 के0 सोनी, निदेशक-गोपालन विभाग प्रह्लाद नागा , राजस्थान चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स से अरुण अग्रवाल ,सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र अध्यक्ष -नीलेश अग्रवाल व अन्य अनेक क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति गौ पूजन



करने के उपरांत जैविक औषधीय पादप केंद्र में गौ आधारित जैविक कृषि, गोबर के निर्यात की व्यवस्था, गौ उत्पाद औषधीय पादपों से बने अन्य - अन्य उत्पादों का भ्रमण किया । कार्यक्रम में हैनिमन चेरिटेबल मिशन सोसाइटी एवं सनराइज़ ग्रुप ऑफ़ कम्पनीज़ के द्वारा विशाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें 100 से अधिक स्वयं सहायता समूह ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया । जिसमें जैविक कृषि उत्पाद, जैविक अचार, जैविक मुरब्बे, जैविक हर्बल जूस, गाय का देशी घी व महिलाओं द्वारा बनाये गए अनेक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया । यह आयोजन अपने आप में अतुलनीय, अभूतपूर्व व अति महत्वपूर्ण रूप से मनाया जायेगा । एडवोकेट राजेंद्र शर्मा धौलपुर समाज संस्था, जयपुर एडवोकेट शिवरतन विजयवर्गीय सांगानेर बार एसोसिएशन, आचार्य पंडित विष्णु टोरड़ी सर्व ब्राह्मण समाज के संरक्षण ओपी शर्मा ,अवनीश शर्मा हजारों की तादाद में लोग उपस्थित रहे । यह संपूर्ण जानकारी अखिल भारतीय



गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर अतुल गुप्ता ने दी।

गुप्ता ने बताया कि स्वयं सहायता समूह का नेतृत्व कर रही मोनिका गुप्ता द्वारा 25 से अधिक स्वयं सहायता समूह स्टॉल्स लगाई गई जिसमें गाय के गोबर के अनेकों उत्पादन का प्रदर्शन किया गया । मेला बहुत ही आनंददायक था लगभग 25000 लोगों ने मेले में शिरकत की।

# घर से 2 नाबालिग बच्चियां लापता, एक युवक पर शक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सोड़ाला थाना इलाके में दो नाबालिग बालिकाएं घर से लापता हो गए। परिजनों ने पड़ोसी युवक पर बालिकाओं को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार नानक पुरी कॉलोनी रावल जी का बंधा खातीपुरा रोड निवासी एक व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी 16 और 14 साल की बेटियां घर से लापता हो गई। उसकी एक बेटी को किसी ने पड़ोस में रहने वाले युवक के साथ बातचीत करते देखा था। हमें शक है कि आरोपी उसकी बेटियों को बहला फुसलाकर ले गया।

# होटल में दिल्ली की महिला से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बजाज नगर थाना इलाके में दिल्ली की एक महिला से होटल में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार दिल्ली निवासी एक महिला ने मामला दर्ज करवाया कि वह 7 नवम्बर को होटल रैड फॉक्स में रात को पहुंची, जहां पर आरोपी डीके शर्मा ने उस के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने इसका विरोध किया लेकिन वह नहीं माना। जिस पर पीड़िता की ओर से होटल के बाहर आने पर पुलिस को शिकायत दी गई।पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर डीके शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली हैं। थानाधिकारी ममता मीणा ने बताया कि दिल्ली की महिला जयपुर में बिजनेस के सम्बन्ध में मीटिंग करने के लिए आई थी। जयपुर में महिला की मीटिंग डीके शर्मा नाम के व्यक्ति के साथ होनी थी। रिपोर्ट के अनुसार डीके शर्मा ने पीड़ित महिला को जेएलएन मार्ग स्थित होटल रेड फॉक्स में बुलाया । जहां पर पर महिला करीब 9 बजे पहुंची और होटल से रात 11.50 पर बाहर निकली। महिला ने शिकायत दी है कि उस के साथ होटल में डीके शर्मा ने दुष्कर्म किया। वह किस को यह बात बताने पर मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की शिकायत पर डीके के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। वहीं महिला का मेडिकल कराया गया महिला के जल्द 164 के बयान दर्ज कराए जाएंगे।



# मिस फ्रेशर बनी समृद्धि और मुस्कान : दुबई फैशन वीक की स्पेशल गेस्ट माशा आफरीन बनी नव गुंजन की जज, विजेताओं को पहनाया ताज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** मानसरोवर स्थित जीडी बढ़ाया ऑडिटोरियम में 2023-24 और 2024-25 के लिए मिस फ्रेशर को लेकर नव गुंजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्टूडेंट्स द्वारा किए जाने वाले रैंप वॉक और मिस फ्रेशर चुनने के लिए दुबई फैशन वीक की स्पेशल गेस्ट और माशा अपरेल की डायरेक्टर माशा आफरीन को विशिष्ट अतिथि के साथ जज की जिम्मेदारी भी दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयपुर सांसद मंजू शर्मा और लिम्का वर्ल्ड रिकॉर्डर माधुरी शर्मा रही। कॉलेज डायरेक्टर केशव बढ़ाया ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर गुलदस्ता भेंट किया। नव गुंजन प्रोग्राम में स्टूडेंट्स ने रैंप वॉक डांस में उनकी स्पीच भी रखी गई डायरेक्टर केशव बढ़ाया ने कहा कि नव गुंजन प्रोग्राम स्टूडेंट के मनोरंजन के साथ-साथ उन्हें कॉन्फिडेंस भी पैदा होता है और अपने टैलेंट को बाहर निकलने का मौका मिलता है ।उन्होंने कहा माशा आफरीन इसी कॉलेज की स्टूडेंट रही है और आज इंटरनेशनल लेवल पर अपना प्रेजेंटेशन भी दे रही है गर्व महसूस होता है।कॉलेज की प्रिंसिपल मनीषा तिवारी ने कहा कि नव गुंजन को लेकर स्टूडेंट्स में काफी उत्साह था और सभी स्टूडेंट्स ने अपने टैलेंट दिखाएं ।

उन्होंने कहा कि माशा आफरीन भी इसी कॉलेज की स्टूडेंट के साथ मिस फ्रेशर भी रही है और माशा अपरेल के नाम से अपना आउटलेट भी चलती है । हाल ही में उन्हें दुबई फैशन वीक में स्पेशल निमंत्रण पर बुलाया गया था । उन्होंने कहा कि स्टूडेंट की कामयाबी देखकर गर्व महसूस होता है । माशा आफरीन ने कहा कि कॉलेज से अपनी ग्रेजुएशन किया यहां बहुत प्यार और सम्मान मिला ।

उन्होंने गर्व महसूस हो रहा है कि उन्हें विशिष्ट अतिथि के साथ मिस फ्रेशर चुनने की भी जिम्मेदारी दी गई। सभी स्टूडेंट से काफी अच्छी परफॉर्मेंस दी।

उन्होंने मिस फ्रेशर के लिए 2023-24 के लिए समृद्धि जैन ,2024-25 के लिए मुस्कान अग्रवाल को चुना ,फर्स्ट रनरअप 2023- 24 की दिव्यांशी और 2024- 25 की गुंजन रही। मिस चार्मिंग भूमिका कश्यप रही मिस प्रेशर को माशा आफरीन ने ताज व शेशे पहनाया।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में मानसिक स्वास्थ्य पर हुआ राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ओर एमएनआईटी जयपुर के मध्य आधुनिक तकनीक के साथ आयुर्वेद के क्षेत्र में काम करने के लिए हुआ एमओयू

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय में चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर आयुर्वेद और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार उद्घाटन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएनआईटी जयपुर के डायरेक्टर प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा, डॉक्टर शिव गौतम, डॉक्टर सुहास कुमार शेट्टी, प्रोफेसर किशोर राम कृष्ण, डॉक्टर कैलाश थापर, कुलसचिव प्रोफेसर अनीता शर्मा, प्रोफेसर दुर्गावती देवी और प्रोफेसर हरिमोहन मीणा ने किया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति और राष्ट्रीय सेमिनार के चेयरपर्सन प्रोफेसर संजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय आज अपना चौथा स्थापना दिवस मना रहा है रहा है। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया है।

साइकोलॉजिकल डिसऑर्डर के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ रहा है जिसके कारण मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े रोगियों के आंकड़े बढ़ रहे हैं । यदि आकलन किया जाए तो आज जो 10 बड़ी बीमारियां हैं उनमें से मानसिक स्वास्थ्य भी उनमें से एक बीमारी है। मानसिक स्वास्थ्य सही नहीं होने के कारण बहुत सारे इश्यूज वर्कप्लेस या घर में होते रहते हैं। आज जो युवा पीढ़ी या बच्चे आज के कॉम्पिटेटिव

देश के जाने-माने मनोचिकित्सको ने लिया राष्ट्रीय सेमिनार में भाग



माहौल के कारण बहुत ज्यादा स्ट्रेस ले रहे है, वो अपनी बातों और समस्याओं को लेकर मेंटली रेस्पॉन्ड नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण बिगड़ते मानसिक स्वास्थ्य में युवा पीढ़ी के आंकड़े भी बहुत ज्यादा बढ़ रहे। आयुर्वेद के माध्यम से हम मेंटल हेल्थ को मेंटेन करें और इसके डिसऑर्डर से हम किस तरह से निजात पा सकते हैं ताकि हम प्रत्येक व्यक्ति के लिए फोकस करें कि वह अपने लिए, परिवार के लिए ओर अपने समाज के लिए योगदान दे सके क्योंकि वह मानसिक स्वस्थ होगा तभी देश के विकास में अपना योगदान दे पाएगा।

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आज मानसिक स्वास्थ्य पर इस एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि एमएनआईटी जयपुर के डायरेक्टर प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी ने कहा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ओर एमएनआईटी जयपुर के मध्य आज आधुनिक तकनीक के साथ आयुर्वेद के क्षेत्र में प्रभावी काम करने के लिए एमओयू किया गया है जिसका लाभ आमजनता को बेहतर स्वास्थ्य के लिये मिलेगा। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें कहा कि ड्रीम और रियलिटी की दुनिया में बहुत अंतर है, आज जो आप है इस पर फोकस करें और आगे बढ़े तभी आप अपने बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के साथ अपने काम और अपने क्षेत्र में अच्छे परिणाम दे पाएंगे। एक दिवसीय सेमिनार में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर और पंचकूला के विद्यार्थियों के साथ चिकित्सकों को अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## आर्टिफिशियल इन्टलीजेन्स आज की नहीं 1950 की तकनीक

# एशरे व इशरे उदयपुर सब चेप्टर की ओर से एआई इन बिल्ट इन एनवायरमेन्ट व बेस्ट प्रेक्टिस इन ग्रीन एरनवायरमेन्ट पर कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** राजस्थान के सूचना,तकनीक एवं प्रौद्यागिकी विभाग के मुख्य अभियन्ता अमित कक्कड़ ने कहा कि आज जिस आर्टिफिशियल इन्टलीजेन्स जैसी तकनीक को नई तकनीक बता रहे है,दरअसल वह तकनीक भारत में 1950 में विद्यमान थी। यह कोई नई तकनीक नहीं है। अपने फिल्ड के अलावा अन्य फिल्ड के बारें में जानने के लिये एआई को गहराई से समझना होगा। वे आज एशरे व ईशरे राजस्थान के उदयपुर सब चेप्टर की ओर से रेडिसन ग्रीन होटल में आयोजित केस स्टडी एण्ड बेस्ट प्रक्टिस इन ग्रीन बिल्डिंग व केस स्टडी ऑफ एआई इन बिल्ट एनवायरमेन्ट विषयक कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन में हमेशा सीखते रहना चाहिये। जिसने एआई तकनीक को स्वीकार नहीं किया वह व्यक्ति अन्य से काफी पिछड़ जायेगा। हमें बिजनेस डोमेन नोलेज की आवश्यकता होती है। कक्कड़ ने बताया कि एआई एप्लीकेशन की अच्छाईयां है तो इसमें कई चुनौतियां भी है। इसमें कोई सुरक्षा नहीं है। आपके डाटा को कोई भी चुरा सकता है। एआई का सबसे अच्छा उपयोग एनएचएआई और रेलवे में हो रहा है।

इससे पूर्व आयोजित संगोष्ठी में इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (प्ळठब) के डॉ. शिवराज ढाका ने इंजीनियरिंग और वास्तुकला की बुनियादी अवधारणाओं को साझा किया, जिनका उपयोग ग्रीन बिल्डिंग में किया जाता है। हरित भवन अब व्यक्तियों और परियोजनाओं के लिए कोई विकल्प नहीं रह गए हैं, वास्तव में यह सभी संगठनों के लिए अपने व्यवसाय को बनाए रखने के लिए और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। डॉ. ढाका ने सभी पेशेवरों, आर्किटेक्ट्स, प्रोजेक्ट मालिकों आदि को हरित भवन प्रथाओं को अपनाने और हमारे पर्यावरण को बचाने में योगदान देने की सलाह दी। संगोष्ठी में आर्किटेक्ट प्रियंका अर्जुन ने कहा कि स्थायित्वता की आज के सन्दर्भ में कोई चोईस नहीं है। इसके लॉजिक को समझ कर चलना होगा। इस क्षेत्र में हो रहे बदलावों को लेकर हमें अपडेट रहना होगा। अजय दक ने कहा कि इस क्षेत्र में और अधिक मेहनत के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। समाज की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर हमें आगे बढ़ना होगा। संगोष्ठी में एन. राम ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन धीरज टांक व इन्द्रा राम ने किया। आभार एशरे चेयरमैन अशोक जैन ने ज्ञापित किया।



# विधानसभा क्षेत्र में बढ़े जेंडर रेश्यो : सहारण

## एडीएम ने किया न्यूनतम रेश्यो व न्यूनतम ईपी रेश्यो वाले बूथों का निरिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के गाँव आलनपुर में लिंगानुपात के निरिक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने न्यूनतम ईपी रेश्यो वाले बूथ आलनपुर सहित अन्य बूथों का निरिक्षण किया।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं आमजन को मतदान में लिंगानुपात में रेश्यो की दर बढ़ाने की अपील की। राजस्थान निर्वाचन विभाग जयपुर द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र बानसूर में प्रोजेक्टेड मतदाताओं का लिंगानुपात वास्तविक मतदाताओं के लिंगानुपात का



अंतर 10अंक से अधिक व 9सौ न्यून है। उक्त मतदान केंद्र सहित सभी मतदान केंद्रों पर महिला मतदाताओं का सौ फीसदी पंजीकरण हो। सहारण ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की इस पर गहरी नजर बनी हुई है। भारत सरकार आबादी व मतदाताओं के साथ जेन्डर अनुपात को लेकर बहुत संजीदा है। उन्होंने कहा कि इसी कारण प्रशासन महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

# एमईएआई के प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमईएआई) ने अपने प्रतिष्ठित प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम (एमपीडीपी-ट) के पाँचवें एपिसोड का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम खनन उद्योग में कौशल विकास को बढ़ावा देने की एमईएआई की प्रमुख पहल है, जिसे इस बार भी खनन क्षेत्र के प्रमुख अतिथियों, 49 प्रतिभागियों और विशेषज्ञों का भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ। उद्घाटन समारोह की शुरुआत एमईएआई के अध्यक्ष एस.एन. माथुर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इस अवसर पर एनएमडीसी के निदेशक (तकनीकी) विनय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने खनन क्षेत्र में कौशल विकास की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने एनएमडीसी की इस दिशा में प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए एमपीडीपी जैसे कार्यक्रमों के सकारात्मक प्रभाव की सराहना की।

इस अवसर पर एमएसपीएल के सीईओ और एमईएआई के तत्कालीन पूर्व अध्यक्ष के. मधुसूदन, महासचिव एम. नरसैया, और प्रशिक्षण, विकास और कार्यक्रम समिति (टीडीपीसी) के अध्यक्ष श्री दीपक विद्यार्थी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उदयपुर चैप्टर की ओर से अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, सचिव आसिफ मोहम्मद अंसारी, और संयुक्त सचिव डॉ. हितांशु कौशल ने भी इस महत्वपूर्ण आयोजन में भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक दीपक विद्यार्थी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया और एमपीडीपी की यात्रा और इसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। एमपीडीपी के अब तक के सफल एपिसोड्स का संक्षिप्त इतिहास एमईएआई का प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम (एमपीडीपी) अब तक



चार सफल एपिसोड आयोजित कर चुका है, जिनका खनन क्षेत्र में गहरा प्रभाव रहा है। इन सभी एपिसोड्स को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया और बढ़ती हुई सहभागिता ने एमपीडीपी-ट को एक नई ऊँचाई दी है। इस बार के एपिसोड में भी विविध पृष्ठभूमियों के प्रतिभागियों का स्वागत किया गया है। टीडीपीसी के अध्यक्ष दीपक विद्यार्थी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों और इस बार के विशेष बदलावों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि विनय कुमार ने एनएमडीसी के कौशल विकास के प्रति प्रयासों का उल्लेख करते हुए एमपीडीपी जैसे कार्यक्रमों की सराहना की।

## सहकारी बैंक के अधिकारी टाइमलाइन निर्धारित कर लक्ष्य प्राप्त करें : सुराणा

# जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने चूरू सेण्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की बैठक में बैंक के प्रधान कार्यालय व शाखाओं के सभी अधिकारियों को दिए निर्देश

### लक्ष्य पूर्ति नहीं होने पर लगाई फटकार, कहा- जिम्मेदारी तय करें, लापरवाही करने वालों पर करें कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को डीओआईटी वीसी सभागार में दी चूरू सेण्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के प्रधान कार्यालय एवं सभी शाखा कार्यालय के अधिकारियों, कार्मिकों के साथ बैठक कर समुचित दिशा-निर्देश दिए। जिला कलेक्टर सुराणा ने कहा कि बैंक के अधिकारी अपने लक्ष्य को टाइमलाइन निर्धारित कर पूरा करें तथा बैंक के वसूली कार्य को गति दें। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधाओं के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि बैंकिंग एक व्यवसायिक गतिविधि है, इसमें ऋण दिए जाने के साथ-साथ वसूली भी उतनी ही आवश्यक है। बैंक की समृद्धि के लिए जरूरी है कि निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध एवं समुचित पूर्ति हो तथा किसानों व आमजन को बैंक सेवाओं का समुचित लाभ मिलता रहे। लक्ष्यों की पूर्ति के लिए बैंक अधिकारी फील्ड में जाएं तथा किसानों को मोटिवेट करते हुए निवेश के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने को-ऑपरेटिव एमडी मदनलाल से कहा कि सभी शाखों की नियमित रूप से मॉनीटरिंग करें। इस दौरान जिला कलेक्टर ने जिले के समस्त शाखा कार्यालयों के विभिन्न गतिविधियों में निर्धारित लक्ष्य एवं लक्ष्य पूर्ति की चर्चा की। सालासर एवं सुजानगढ़ शाखा में लक्ष्य पूर्ति में कमी रहने पर जिला कलक्टर ने नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई। इसी के साथ चूरू को-ऑपरेटिव के प्रधान कार्यालय के प्रबंधक कुलदीप परिहार के बैठक में उपस्थित नहीं होने पर चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि कार्मिकों की जिम्मेदारी तय हो। अपेक्षित प्रगति नहीं लाने वालों व लापरवाही



करने वालों पर कार्यवाही करें। जिला कलक्टर सुराणा ने बैठक के दौरान अमानतों की लक्ष्य पूर्ति, अल्पकालीन फसली ऋण की मांग वसूली, अकृषि निवेश ऋणों की वसूली, कृषि निवेश ऋणों की वसूली, गैर फसली ऋण वितरण, एनपीए वसूली, एक मुश्त समाधान योजना 2023, ग्रामीण आजीविका योजना में वसूली, केवाईसी, रिस्क कैटिगराइजेशन, पेंडिंग एएमएल अलर्ट, सीआईसी रिपोर्ट रिजेक्शंस, एनपीसीएल से आधार मैपिंग, चेक बुक आवेदनों एवं जारी करने सहित बिंदुओं पर चर्चा कर विस्तृत दिशा- निर्देश दिए। चीफ मैनेजर सर्वेश वर्मा ने विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान को-ऑपरेटिव एमडी मदनलाल, एपीआरओ मनीष कुमार, ईओ अमीलाल सहारण, वरिष्ठ प्रबंधक हजारी राम, वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन सुरेन्द्र सिंह भाटी, राजपाल सिंह, संगीता राठौड़, निष्ठा माथुर, विपिन मुंजाल, संजय पूनिया, विरेन्द्र सिंह, अभिषेक भारद्वाज, राधा जाखड़ सहित समस्त बैंक शाखों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# गीत-संगीत से सजा रोटरी क्लब उदयपुर सूर्या का दीपावली मिलन समारोह




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब उदयपुर सूर्या का वर्ष 2024-25 का दीपावली मिलन समारोह भैरव बाग में आयोजित किया गया। जहां सदस्यों ने गीत-संगीत का आनन्द लिया। समारोह के मुख्य अतिथि क्लब सूर्या की संरक्षक रोटेरियन मधु सरीन और डॉ.देवेंद्र सरीन थे। इस अवसर पर क्लब के दो नये सदस्यों को क्लब मेंटोर रोटेरियन मधु सरीन जी ने शपथ दिलाते हुए कहा कि, रोटरी एक विशाल परिवार है जिसमें हर सदस्य की महती भूमिका है और रोटरी न सिर्फ़ सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है बल्कि त्योहारों को मनाते हुए परिवार में खुशियाँ और उल्लास का भी संचार करती हैं। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन पूनम अग्रवाल ने क्लब के नये सदस्यों स्वागत करते हुए कहा कि क्लब सूर्या में हर सदस्य ऊर्जा वान है और इसी ऊर्जा और उत्साह से हम सब को समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। गीत संगीत से सजे इस आयोजन में क्लब चार्टर प्रेसिडेंट पुनीत सक्सेना, राजेन्द्र अग्रवाल, मनीष बेंजामिन ,विक्रांत शाकद्वीपी, धीरज जोशी ,अमित माथुर, करन भसीन, रिषी भसीन, संजय कमल,संदीप दधीच,छगन पटेल ,निधि सक्सेना ,जयश्री बेंजामिन, अनिका भसीन,सुनीता शर्मा, प्राचि शाकद्वीपी, मोना भसीन व अन्य सदस्यों ने आयोजन में उपस्थित होकर आयोजन का आनंद लिया। अंत में क्लब सचिव ने आयोजन को सफ़ल बनाने में प्रत्येक सदस्य का आभार और धन्यवाद अर्पित किया।

# हिन्दुस्तान जिंक द्वारा आयोजित शिक्षण शिविर में 4 हजार से अधिक छात्र छात्रांए लाभान्वित

## सीएसआर के तहत शिक्षा संबल कार्यक्रम में गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषयों की अतिरिक्त कक्षाएं

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** हिन्दुस्तान जिंक द्वारा प्रदेश के 7 जिलों में दीपावली अवकाश के दौरान शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित कर ग्रामीण क्षेत्रों के राजकीय विद्यालयों के 4 हजार 250 छात्र छात्राओं को गणित, विज्ञान व अंग्रेजी विषय की कोचिंग दी गयी। इस शिक्षण शिविर का उद्धेश्य शैक्षणिक रुप से कमजोर छात्र छात्राओं को गणित, विज्ञान और अग्रेजी विषय में कोचिंग देकर बेहतर परिणाम हेतु सशक्त करना था।

शिविर के दौरान शैक्षणिक रुप से कमजोर छात्रों को व्यावहारिक एंव प्रायोगिक कक्षाओं के माध्यम से कठिन विषयों को सरल रुप में सीखाया गया। कैम्प में विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी पढ़ने-लिखने के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा विद्याभवन सोसायटी के सहयोग से आयोजित इन शिविरों में आगुचा, चित्तौड़गढ़, कायड़, दरीबा, देबारी और जावर के 4000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर के दौरान कमजोर छात्रों पर ध्यान देंते हुए पढ़ने और लिखने, समझने, गणितीय बुनियादी समस्याओं और विज्ञान की बुनियादी बुनियादी अवधारणाओं में कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष



ध्यान दिया गया। शिविर हेतु कमजोर छात्रों की सूची फिल्ड कार्मिकों द्वारा पहले से ही सूची तैयार की गयी। इन छात्रों पर कक्षाओं के दौरान गहन ध्यान दिया गया। दीवाली शिक्षण शिविर में कक्षाओं के दौरान मुख्य कार्य सीखने को बढ़ाने के लिए कार्यपुस्तिका गतिविधियों पर केंद्रित था। हिंदुस्तान जिंक द्वारा शिक्षा संभल कार्यक्रम शिक्षा पर केंद्रित सीएसआर पहल है, जो 2008 से संचालित है जो कि विद्या भवन सोसाइटी के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण छात्रों के बीच वैचारिक ज्ञान को मजबूत करना है, जिससे उनके सीखने के स्तर में सुधार हो सके।

# परिवादी को डरा धमकाकर उसके मोबाईल फोन को छीनकर 6,48,997 टीआरएक्स क्रिप्टो करेंसी ट्रांसफर कर ले जाने के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

## एक अभियुक्त पूर्व में हो चुका है गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त वाहन स्विफ्ट कार जप्त

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( नि.स. )।** स्थानीय थाना पुलिस ने परिवादी को डरा धमकाकर उसको सुनसान जगह पर ले जाकर उसके मोबाईल फोन को छीनकर बाईनेन्स एप से 6,48,997 टीआरएक्स क्रिप्टो करेंसी ट्रांसफर कर ले जाने के मामले में दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिला एसपी राजन दुष्यंत ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत 05 जुलाई 2024 को परिवादी ललित सैनी (24) पुत्र बुधराम निवासी टेलिफोन एक्सचेंज रोड़ ढ़ाणी बागवाली, कोटपूतली ने उपस्थित थाना होकर रिपोर्ट पेश की थी कि 03 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे राकेश उर्फ राका व राधेश्याम उर्फ चीकू व उनके साथ एक अन्य व्यक्ति मेरे को मेरे घर के सामने से अपनी स्विफ्ट गाड़ी में बैठाकर पूतली कट से आगे ले गये तथा वहां पर मुझे डरा धमकाकर एवं मारपीट कर मेरा मोबाईल फोन छीन लिया तथा मेरी फिंगर लगवाकर मेरे मोबाईल में इंस्टॉल बाईनेन्स एप से 648997 टीआरएक्स क्रिप्टो करेंसी ट्रांसफर कर ली तथा मेरा फोन रिसेट कर मुझे पाना देवी कॉलेज के पास उतारकर चले गये। एसपी राजन दुष्यंत ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुये आरोपियान की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये। जिस पर एएसपी वैभव शर्मा के निर्देशन व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस द्वारा कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करते हुये उक्त वारदात को अंजाम देने वाले अभियुक्तगण राधेश्याम उर्फ चीकू (25) पुत्र रामस्वरुप जाति माली निवासी कृपा का तिबारा डाबला रोड़ कोटपूतली व सुरेन्द्र कुमार उर्फ कल्लू (22) पुत्र रामशरण गुर्जर निवासी छीतरोड़ा की ढ़ाणी तन पूतली, कोटपूतली को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त वाहन स्विफ्ट कार नम्बर आर जे 32 सी बी 0175 को जप्त किया गया। पुलिस द्वारा अभियुक्तगण से गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है। वहीं घटना में संलिप्त अभियुक्त राकेश उर्फ राका को पूर्व में



गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया जा चुका है।

# ट्यूबवेल से मोटर-पाइप चोरी कर ले गए चोर, कॉलोनीवासी तरसे पीने के पानी को

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मालवीय नगर में चोर एक ट्यूबवेल से पानी की मोटर, पाइप व केबिल चोरी कर ले गए। ऐसे में मालवीय नगर और उसके आस-पास की कॉलोनियों में पीने के पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। इस मामले में पीएचईडी की जेईएन महिमा गुप्ता ने मालवीय नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीएचईडी की जेईएन महिमा गुप्ता ने मामला दर्ज करवाया कि पॉम कोर्ट कॉलोनी में स्थित एक ट्यूबवेल से चोर पानी की मोटर, जीआई पाइप और केबल ले गए।

सुबह पानी की सप्लाई के लिए जब स्टाप पहुंचा तो उसे इस घटना का पता चला। पानी की मोटर चोरी होने से पॉम कोर्ट कॉलोनी के साथ अन्य कॉलोनियों में पीने के पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। इससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। यह घटना 8 नवम्बर की रात की है।

## सम्पादकीय

# उच्च शिक्षा के लिए फंडिंग

उच्च शिक्षा की फंडिंग में सरकारी धन के उपयोग को लेकर बहस नई नहीं है। उच्च शिक्षा के अधिकांश लाभ जहां इसे हासिल करने वाले व्यक्ति को होते हैं, वहीं इसके कुछ बाहरी लाभ भी हैं, मसलन प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ, उच्च शोध एवं नवाचार और अर्थव्यवस्था में अधिक कुशल श्रम शक्ति की उपलब्धता। उच्च शिक्षा में शामिल लागत को देखते हुए खासकर स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) पाठ्यक्रमों की तो छात्रों को अक्सर अधिक राशि चुकानी होती है। इस संदर्भ में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी है और इसका स्वागत किया जाना चाहिए। 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों को अपने दायरे में लेने वाली इस वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत उन प्रतिभाशाली और उत्कृष्ट विद्यार्थियों को शैक्षिक ऋण प्रदान किया जाएगा जिन्हें उच्च शिक्षा संस्थानों में दाखिला मिला हो लेकिन वे वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहे हों। शुरुआत में यह योजना देश के शीर्ष 860 गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों पर लागू होगी। सेंट्रल सेक्टर ब्याज सब्सिडी (सीएसआईएस) और शैक्षणिक ऋण के लिए ऋण गारंटी फंड योजना (सीजीएफएसईएल) के पूरक के रूप में पीएम विद्यालक्ष्मी योजना स्थगन अवधि के दौरान 4.5 लाख रुपये तक की पारिवारिक आय वाले विद्यार्थियों को पूर्ण ब्याज अनुदान प्रदान करेगी। इसके अलावा 8 लाख रुपये तक की पारिवारिक आय वाले विद्यार्थियों को स्थगन अवधि के दौरान 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए 3 फीसदी की ब्याज सब्सिडी दी जाएगी। 7.5 लाख रुपये तक के ऋण की पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों को बकाया देनदारी पर 75 फीसदी की ऋण गारंटी मिलेगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि गारंटर मुक्त शिक्षा ऋण गरीब छात्रों को उच्च शिक्षा हासिल करने में मदद करेगा। देश में शिक्षा ऋण का बाजार बीते कुछ वर्षों में काफी विकसित हुआ है। शिक्षा ऋण के तहत बकाया पोर्टफोलियो 2022-23 में 17 फीसदी बढ़कर 96,847 करोड़ रुपये हो गया।

बहरहाल देश के शिक्षा ऋण का 90 फीसदी से अधिक हिस्सा विदेशों में पढ़ाई के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा 2022-23 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा वितरित कुल शिक्षा ऋण का करीब 8 फीसदी फंसे हुए कर्ज में तब्दील हो गया। यह बैंकिंग क्षेत्र के औसत फंसे हुए कर्ज से अधिक है। इससे संकेत मिलता है कि शिक्षा ऋण के क्षेत्र में ऐसे छात्रों का योगदान अधिक है जो दूसरे दर्जे के संस्थानों में पढ़ते हैं। इस संदर्भ में योजना न केवल गरीब विद्यार्थियों को ऋण तक आसान पहुंच मुहैया कराएगी बल्कि कुछ हद तक बैंकों को भी बचाएगी। बहरहाल, यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि आसान ऋण की मदद से उच्च शिक्षा को सब्सिडी देना जरूरी हो सकता है लेकिन यह वांछित परिणाम पाने के लिए पर्याप्त नहीं है। देश में समस्या न केवल ऋण के किफायती होने या वित्तीय मदद के विकल्पों की है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण संस्थानों की उपलब्धता भी एक अहम मुद्दा है। राष्ट्रीय पात्रता सह अर्हता परीक्षा समेत शीर्ष परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक होने, कोचिंग सेंटरों का विस्तार और शीर्ष संस्थानों में प्रवेश की तैयारी कर रहे बच्चों द्वारा आत्महत्या करने जैसी घटनाएं अच्छे उच्च शिक्षा संस्थानों की कमी की एक बड़ी समस्या का संकेत हैं।

# शांति और विकास के लिये विश्व विज्ञान दिवस
# शांति और विकास के लिए विज्ञान के साथ अध्यात्म जुड़े

**तेजी से बदलती दुनिया में कई महत्वपूर्ण कारणों से हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान महत्वपूर्ण है और समाज पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ता है। विज्ञान दिवस उन वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की कड़ी मेहनत को मान्यता देता है जिन्होंने ज्ञान और प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने में मदद की है। यह दिन वैज्ञानिकों, शिक्षकों और जनता के बीच टीमवर्क को बढ़ावा देता है ताकि वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए विश्वास और समर्थन का निर्माण किया जा सके। विज्ञान दिवस मनाकर, हमारा उद्देश्य सभी में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और प्रेम-संबंध को प्रेरित करना है, जिससे एक अधिक आदर्श, संतुलित एवं शांतिपूर्ण समाज का निर्माण हो सके।**

ललित गर्ग



शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस हर साल 10 नवंबर को मनाया जाता है। विश्व विज्ञान दिवस का प्रस्ताव पहली बार 1999 में हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व विज्ञान सम्मेलन के दौरान रखा गया था। यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में इस बात पर चर्चा की गई कि विज्ञान समाज पर किस प्रकार प्रभाव डालता है और समाज के लिये अधिक उपयोगी हो सकता है। इसी उद्देश्य से विज्ञान की अहमियत को सामने लाना और विज्ञान से जुड़े मुद्दों पर आम लोगों की बहस को बढ़ावा देकर इस दिन के ज़रिए, विज्ञान को समाज एवं व्यक्ति से और ज्यादा करीबी से जोड़ा गया है। यह दिन हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व और उसकी प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए युग की समस्याओं एवं चुनौतियों का समाधान करता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि कैसे विज्ञान जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और प्राकृतिक आपदाओं जैसी वैश्विक समस्याओं को हल करने में मदद करता है। यह युवाओं को विज्ञान का पता लगाने और दुनिया कैसे काम करती है, इस बारे में जिज्ञासा विकसित करने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। जागरूकता बढ़ाकर, विश्व विज्ञान दिवस लोगों को समाज पर वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के सकारात्मक प्रभाव की सराहना करने के लिए एक साथ लाता है। लेकिन अब इस दिवस के साथ अध्यात्म को भी जोड़ा जाना चाहिए।

वैज्ञानिक खोजें दुनिया भर में शांति और विकास में सहयोग करते हुए लोगों को नई वैज्ञानिक प्रगति के बारे में बताती है। गरीबी, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य चुनौतियों जैसी वैश्विक समस्याओं को हल करने के लिए विज्ञान के ज़िम्मेदाराना उपयोग को प्रोत्साहित भी करती है। वैज्ञानिक इस उल्लेखनीय नाजुक ग्रह एवं सृष्टि के बारे में हमारी समझ को व्यापक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसे हम अपना घर कहते हैं और हमारे समाजों को अधिक टिकाऊ बनाने में भूमिका निभाते हैं। शांतिपूर्ण और स्थायी समाज के लिए विज्ञान की भूमिका पर जन जागरूकता को मजबूत करते हुए यह दिवस विभिन्न देशों के बीच साझा विज्ञान के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देता है। समाज के लाभ के लिए विज्ञान के उपयोग के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करना तथा विज्ञान के सामने आने वाली चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित करना और वैज्ञानिक प्रयास के लिए समर्थन जुटाना भी इस दिन का ध्येय है।. आज जबकि जलवायु परिवर्तन अरबों लोगों और ग्रह के जीवन के लिए एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है, इसके लिये जलवायु परिवर्तन को सकारात्मक मोड़ देने के लिए विश्व समुदायों का निर्माण करने की अपेक्षा है। यह दिवस हमारे दैनिक जीवन पर विज्ञान के प्रभाव का प्रतीक है। यह हमें वैज्ञानिक प्रगति को आकर्षित करने और हमारे ग्रह के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र की अधिक गहन समझ को प्रोत्साहित करने का आग्रह करता है। विज्ञान के ज़रिए वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मदद करना और विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के लिए युवाओं को प्रेरित करना भी इस दिवस का मकसद रहा है। यूनेस्को द्वारा 2001 में इसकी घोषणा के बाद से, शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस ने दुनिया भर में विज्ञान के लिए कई ठोस परियोजनाएं, कार्यक्रम और वित्तपोषण उत्पन्न किया है। इस दिवस ने संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले वैज्ञानिकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में भी मदद की है, इसका एक उदाहरण यूनेस्को द्वारा समर्थित इजरायल-फिलिस्तीनी विज्ञान संगठन का निर्माण है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2024-2033 की अवधि को सतत विकास के लिए विज्ञान के अंतर्राष्ट्रीय दशक के रूप में घोषित किया है। यह एक स्थायी भविष्य के लिए वैज्ञानिक ज्ञान का दोहन करने के वैश्विक प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। यूनेस्को के नेतृत्व में, इस दशक का उद्देश्य बुनियादी और अनुप्रयुक्त विज्ञान, सामाजिक और मानव विज्ञान, साथ ही अंत:विषय और उभरते क्षेत्रों सहित वैज्ञानिक विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को संगठित करना है, ताकि समाज, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण में परिवर्तनकारी बदलाव में योगदान दिया जा सके। वैज्ञानिक साक्षरता को बढ़ावा देने और सरकारों, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करके, दशक सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने और सभी के लिए सुरक्षित, अधिक समृद्ध, शांतिपूर्ण भविष्य की दिशा में काम करने में विज्ञान की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास करता है। निश्चित ही विज्ञान ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार किया है, रोज़गार के अवसर बढ़ाए हैं, असंख्य लोगों की जान बचाई है, कई उद्योगों में अहम भूमिका निभाई है, ऊर्जा और पानी तक पहुंचने में मदद की है, बीमारियों को ठीक करने में मदद की है, चिकित्सा-क्रांति का माध्यम बनकर कर असाध्य बीमारियों को नियंत्रित किया है। विकास, विज्ञान एवं उपलब्धियों पर सवार आज की दुनिया का एक बहुत बड़ा वर्ग आज भी गरीबी, अभाव, भूखमरी में घुटा-घुटा जीवन जीता है, जो परिस्थितियों के साथ संघर्ष नहीं, समझौता करवाता है। हर वक्त अपने आपको असुरक्षित-सा महसूस करता है। जिसमें आत्मविश्वास का अभाव अंधेरे में जीना सिखा देता है। विश्व की करीब दो अरब तीस करोड़ आबादी को भूखमरी एवं भूख का सामना करना पड़ रहा है। दो वक्त की भोजन सामग्री जुटाने के लिए इस आबादी को जिन मुश्किलों, संकटों एवं त्रासद स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसी जटिल स्थितियों में विज्ञान दिवस ने सभी को भोजन देने में मदद की है, शांति एवं सह-जीवन के निर्माण में मदद की है। विज्ञान दिवस को अधिक उपयोगी एवं प्रासंगिक बनाने की अपेक्षा है। अब तक विज्ञान अध्यात्म से अछूता रहा है, जिसके कारण विज्ञान के वास्तविक परिणाम सामने नहीं आ पाये हैं। जरूरत है अध्यात्म एवं विज्ञान के समन्वित प्रयत्नों की, आध्यात्मिक-वैज्ञानिक व्यक्तित्वों के निर्माण की। नये सत्यों को खोजने की। न्यूटन से कहा गया- 'आपने बहुत से नियम खोजे हैं।' उन्होंने बहुत मार्मिक उत्तर दिया- 'तुम लोग कुछ भी कहो। लेकिन मेरी स्थिति तो समुद्र के तट पर खड़े उस बालक जैसी है, जो समुद्र के किनारे पड़ी सीपियों को बटोर रहा है। किन्तु विशाल समुद्र के गर्भ में छिपे रत्न उससे बहुत दूर हैं। विज्ञान की स्थिति भी अध्यात्म के बिना लगभग ऐसी ही है। विज्ञान एवं वैज्ञानिक व्यक्तित्व तभी अधिक प्रासंगिक हो सकेगे जब चेतना की खोज, मानव की खोज होगी। आज इसकी सर्वाधिक अपेक्षा है। मानव की खोज बहुत कम हुई है। वैज्ञानिकों ने जितने परीक्षण किये हैं, चूहों पर, मेढकों और बन्दरों पर किए हैं। सारे प्रयोग पशुओं पर हुए हैं। मनुष्य को उसने अपनी प्रयोग भूमि नहीं बनाया। मनुष्य को समझने का सबसे कम प्रयत्न हुआ है। अब आवश्यकता है कि मानव का भलीभांति अध्ययन हो। मानवीय मस्तिष्क का अध्ययन उसमें प्रमुख बने।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
साहित्य एवं कला के प्रति आज आपकी रुचि रहेगी। काल्पनिक दुनिया में आप सैर करेंगे। दोस्तों के साथ समय अच्छा गुजरेगा। तार्किक एवं बौद्धिक चर्चा से दूर रहें। आज आप का शारीरिक स्वास्थ्य और मनोदशा अच्छी नहीं होगी।

**वृष**
आज आप यात्रा प्रवास टालें, क्योंकि पेट संबंधी बीमारी और समस्या हो सकती है। संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई की चिंता बनी रहेगी। किसी काम में सफलता नहीं मिलने से मन व्याकुल रहेगा। क्रोध की भावना पर संयम रखें।

**मिथुन**
आपका आज का दिन अनुकूलता से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप निकटता के क्षण का आनंद उठा सकेंगे। दांपत्यजीवन में मधुरता रहेगी। सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्क**
नए संपर्क से आपको लाभ होगा। आज का दिन शुभ तथा अनुकूलता से भरा होगा। ऑफिस में सहकर्मचारी तथा अधिकारी के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। पदोन्नति के योग हैं। विपरित परिस्थिति बनी रहेगी।

**सिंह**
परिजनों से उपहार मिल सकते हैं। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सांसारिक जीवन आनंदमय रहेगा। आज आप धार्मिक काम और पूजा-पाठ में व्यस्त रहेंगे। मंदिर या किसी धार्मिक आयोजन में जाने का प्रसंग बन सकता है।

**कन्या**
किसी तरह का महत्वपूर्ण निर्णय आज ना लें। चिंता में वृद्धि होगी। अधिक लाभ के लालच में आपकी हानि हो सकती है। धन वृद्धि तथा पदोन्नति होने के योग हैं। व्यापार के लिए किए गए सौदे में सफलता मिल सकती है। वाणी पर संयम रखें।

**तुला**
आज आपको हर काम संभलकर करना चाहिए। स्वास्थ्य बिगड़ने से आकस्मिक खर्च आ सकता है। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। ईश्वर-स्मरण तथा आध्यात्मिकता आपको शांति प्रदान करेगी। स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दें।

**वृश्चिक**
आप का दिन अस्वस्थता और चिंता में गुजरेगा। सर्दी, कफ और बुखार आपको हो सकता है। किसी का भला करने की जगह आज अपने काम में ही व्यस्त रहें। किसी से पैसों का लेन-देन न करें। जमीन और संपत्ति के काम आज ना ही करें।

**धनु**
नौकरी में सिद्धि और सफलता मिलेगी। ननिहाल पक्ष की तरफ से कोई समाचार मिलेगा। आर्थिक लाभ की संभावना रहेगी। सहकर्मियों और अधीनस्थों का सहयोग मिलेगा। आप के गृहस्थ जीवन में शांति एवं आनंद का वातावरण होगा।

**मकर**
भागीदारों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। उत्तम भोजन और वस्त्र आभूषण तथा वाहन की प्राप्ति होगी। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। सुखदायक घटनाएं घटेंगी। कार्य में यश और सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य बना रहेगा।

**कुंभ**
परिवार में झगड़े के वातावरण से खिन्नता होगी। शरीर में ताजगी और स्फूर्ति का अभाव होगा। रिश्तेदारों से मनमुटाव हो सकता है। छाती में दर्द या कोई विकार हो सकता है। चैन की नींद नहीं आएगी। मानहानि की आशंका बनी रहेगी।

**मीन**
शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। दफ्तर में सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी और महिलाओं को मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के चमकते सितारे हैं डॉ.मनीष कुमार फौजदार। जी हां जिन्हें आरएएस एसोशिएसन में एंग्री यंग मैन के नाम से भी जाना जाता है। क्या शानदार अधिकारी हैं। खुद पर जबरदस्त आत्मविश्वास और आत्मबल। इन पर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल की ये पंक्तियां ध्यान आ रही हैं कि 'पलट देते हैं हम मौजे-हवादिस अपनी जुर्रत से कि हमने आँधियों में भी चिराग अक्सर जलाये हैं'। इनका जन्म 2 अप्रेल सन 1977 को भरतपुर में हुआ। इन्होंने शिक्षा में एमए(इतिहास)ए नेट.जेआरएफ (इतिहास) पीएचडी भी (इतिहास) में कर प्रशासन के साथ पंगा लेने वाले का भूगोल को बिगाड़ दिया जिसने प्रशासन से दो दो हाथ करनी की सोची हो। आज ये प्रबन्ध निदेशक जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ, जयपुर पद को सुशोभित कर रहे हैं। ये इससे पूर्व प्रोटोकॉल अधिकारी, सामान्य प्रशासन विभाग जयपुर। प्रबन्ध निदेशक जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ, जयपुर। आयुक्त नगर परिषद्, अलवर रहे जहां इनके रहते ही नगर परिषद से नगर निगम बना। विशेषाधिकारी राजस्थान पर्यटन विकास निगम, जयपुर। उपखण्ड अधिकारी जयपुर शहर (उत्तर)। उपखण्ड अधिकारी साबला डूंगरपुर। प्राधिकृत अधिकारी जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर। उपखण्ड अधिकारी खाजूवाला बीकानेर। उपायुक्त नगर निगम जयपुर। विशेषाधिकारी, जयपुर शहर परिवहन सेवा लिमिटेड जयपुर। उपखण्ड अधिकारी, जयपुर। प्राधिकृत अधिकारी, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर। उपखण्ड अधिकारी, धौलपुर। उपखण्ड अधिकारी, उनियारा टोंक। तहसीलदार चौमू, जयपुर। तहसीलदार चाकसू, जयपुर। तहसीलदार शाहपुरा जयपुर। तहसीलदार आमेर जयपुर। नायब तहसीलदार अलवर। नायब तहसीलदार जालोर। नायब तहसीलदार, अलवर। नायब तहसीलदार, बारां। नायब तहसीलदार, अलवर। नायब तहसीलदार, उदयपुर। नायब तहसीलदार, जैसलमेर जैसे पदों पर रहे। गजब की कार्यशैली रही इनकी। किसी के भी दबाव में काम करना इनकी व्यक्तित्व में शामिल नहीं जहां भी रहे



श्री मनीष कुमार फौजदार
(राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी)

अपने विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ मिलकर कार्य किया। मैं समझता हूं इस अधिकारी की सबसे बड़ी खूबी यही है कि ये फैसला लेने और उस पर काबिज रहने वाले बिरले अडिग अधिकारी हैं। वरना फैसला तो लिया जाता है लेकिन हालात और हाल उसे बदलने पर मजबूर कर देते हैं लेकिन अपनी आत्मशक्ति व आत्मविश्वास के साथ ये उस फैसले के सामने आने वाले परेशानियों को अपना कर्तव्य समझ कर उनका सामना करते हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 10 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- गोटलिएब डेमलेर ने 1885 में दुनिया की पहली मोटरसाइकिल पेश की।
- रोमानिया में 1940 को आए भूकंप में एक हजार से ज्यादा लोग मारे गए तथा 4 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए।
- अमेरिका के लेखक विलियम फॉकनर को 1950 में साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मनित किया गया।
- राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 1951 में प्रस्ताव 96 को स्वीकार किया।
- अमेरिका में 1951 को डायरेक्ट डायलिंग फोन सेवा प्रारम्भ हुई।
- बिल गेट्स ने 1983 में विंडोज 1.0 की शुरूआत की।
- जर्मनी में बर्लिन की दीवार को गिराने का कार्य 1989 में शुरू।
- पुलिस ने 1994 में श्रीयंत्र टापू (श्रीनगर) टापू में पहुँचकर अपना कहर बरपाया।
- न्यूजीलैंड के आकलैंड में राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन 1995 में प्रारम्भ।
- नाइजीरिया में पर्यावरण कार्यकर्ता-नाट्यकार केन सारो वीवा के साथ आठ लोगों को 1995 में सरकार ने फांसी दी।
- वर्ल्ड कॉम और एमसीआई कम्युनिकेशन ने 37 बिलियन में विलय की घोषणा 1997 में की। यह उस वक्त तक अमेरिका का सबसे बड़ा विलय था।
- चीन-रूस घोषणा पत्र से दोनों देशों के बीच सीमांकन विवाद 1997 में समाप्त।
- गंगा-मेकांग सम्पर्क परियोजना का कार्य 2000 में प्रारम्भ।
- भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 2001 में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया।
- आस्ट्रेलिया ने 2002 में इंग्लैंड से पहला एशेज टेस्ट जीता।
- झेंगझोऊ चीन का आठवाँ सबसे पुराना शहर 2004 में घोषित।
- चीन के विरोध को अस्वीकार करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने 2005 में तिब्बत के निर्वासित धार्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात की। जार्डन के तीन होटलों में विस्फोट में 57 लोगों की मृत्यु।
- कोलम्बो में 2006 को श्रीलंका के तमिल राजनेता नाडाराजाह रविराज की हत्या कर दी गई।
- एक ब्रिटिश अपीलीय कोर्ट ने 2007 में ब्रिटिश सरकार को भारतीय डॉक्टरों के साथ यूरोपीय संघ के डॉक्टरों के समान बर्ताव करने का आदेश दिया।
- भारत-कतर सम्बन्धों को रणनीतिक गहराई देते हुए दोनों देशों ने 2008 में रक्षा और सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- भारत ने 2008 में आस्ट्रेलिया को हराकर 2-0 से बार्डर-गावस्कर ट्राफी जीती।

## विशेष आलेख

# क्या महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए आरएसएस बनेगी संजीवनी?

अशोक भाटिया




महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए कहीं ना कहीं प्रतिष्ठा का सवाल बन चुका है। यही कारण है कि भाजपा अपने महायुति गठबंधन के साथियों के साथ-साथ इस चुनाव में पूरी ताकत लगा रही है। इस चुनाव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भाजपा के लिए माहौल बनाने के लिए जमीनी स्तर पर काफी काम कर रहा है। संघ के कार्यकर्ता भाजपा के 'बटेंगे तो कटेंगे' वाले नारे को जन-जन तक पहुंचाने में काफी मेहनत कर रहे हैं। संघ के लोक जागरण मंच के द्वारा लोगों के बीच पंफलेट बांटे जा रहे हैं, जिसमें उनसे अपील की जा रही है कि वे बीते लोकसभा चुनावों के परिणामों से सीख लें और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर भाजपा की अगुवाई वाली गठबंधन को वोट दें।

जानकारी के मुताबिक के महाराष्ट्र में आरएसएस के 65 से अधिक मित्र संगठन बीजेपी की मदद कर रहे हैं। यह संगठन सजग रहो नामक एक अभियान भी चला रहे हैं। इसका उद्देश्य पूरी तरीके से भाजपा की मदद करना और हिंदू वोटो को लामबंत करना है। आरएसएस के कार्यकर्ता लोगों के घर तक पहुंच रहे हैं। उन्हें भारी संख्या में मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनके घर चाय भी पी रहे हैं और साथ ही साथ बटेंगे तो कटेंगे नारे का याद भी दिला रहे हैं। इन कार्यकर्ताओं द्वारा हिंदी और मराठी में वितरित किया जा रहा एक पेज का पैम्फलेट लोगों को आरएसएस द्वारा समर्थित मंत्र की याद दिलाता है और अप्रैल-जून के आम चुनाव परिणामों से सबक लेता है। 48 लोकसभा सीटों वाले राज्य में चुनाव में भाजपा सिर्फ नौ सीटों पर सिमट गई थी । पैम्फलेट में लोगों से उन लोगों से सावधान रहने के लिए कहा गया है जो संविधान, आरक्षण और एससी और एसटी के बारे में अफवाहें फैला रहे हैं और एक ऐसी सरकार चुनने को कहा जा रहा है कि जो भूमि जिहाद, लव जिहाद, धार्मिक रूपांतरण, चोरी-डकैती और दंगे पर रोक लगाएगी। बिना किसी का नाम लिए, क्रमश: नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के स्पष्ट संदर्भ में पैम्फलेट में यह भी कहा गया है कि लोगों को विश्व मंच पर भारत की छवि सुधारने के लिए काम करने वाले और विदेशों में देश को बदनाम करने वाले के बीच अंतर का एहसास होना चाहिए। नागपुर में आरएसएस के रेशिमबाग कार्यालय में, जहां प्रतिदिन एक बड़ी शाखा आयोजित की जाती है, स्थानीय संघ कार्यकर्ताओं के कदमों में भी तेजी आती दिख रही है। महाराष्ट्र एक ऐसा राज्य है जिसके बारे में आरएसएस सबसे अच्छी तरह से जानता है और इसकी जड़ें सबसे ज्यादा मजबूत हैं - इसका मुख्यालय नागपुर में है। आरएसएस का राज्य के शीर्ष भाजपा नेताओं-देवेंद्र फड़नवीस और नितिन गडकरी के साथ भी घनिष्ठ संबंध है। दरअसल, फड़णवीस ने हाल ही में कहा था कि उन्होंने लोकसभा नतीजों के बाद अराजकतावादियों और वोट जिहादियों से लड़ने में मदद के लिए आरएसएस से संपर्क किया था। मीडिया की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पंफलेट में लोगों को संविधान, आरक्षण और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बारे में फैलाई जा रही अफवाहों से सावधान रहने की सलाह दी जा रही है। साथ ही आरएसएस के द्वारा लोगों को यह भी कहा जा है कि ऐसी सरकार को चुनें जो भूमि जिहाद, लव जिहाद, धर्मांतरण, पत्थरबाजी और दंगे को रोकने के लिए काम करे। लोगों को यह भी समझाने की कोशिश की जा रहा है कि कैसे पीएम मोदी ने भारत की छवि को वैश्विक मंच पर सुधारने का काम किया है। वहीं, राहुल गांधी पर भारत को विदेशों में बदनाम करने के आरोप लगाए जा रहा हैं। हालांकि, इस दौरान संघ के स्वयंसेवक मोदी और राहुल में से किसी का नाम नहीं लेते हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनावों के बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि उनकी पा ्अबटी आत्मनिर्भर है और संघ पर पहले जैसी निर्भरता नहीं है। उनके इस बयान के बाद आरएसएस ने अपने हाथ पीछे खींच लिए। इसका खामियाजा भगवा पार्टी को महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों में भुगता पड़ा है। हालांकि दोनों ही संगठनों के बीच संबंध सुधरे हैं। अब आरएसएस फिर से महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में सक्रिय रूप से शामिल हो गया है। संघ के कार्यकर्ता राज्यभर में लगभग 50,000 से 70,000 छोटे-छोटे बैठकें आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। हरियाणा में भी संघ ने 16,000 से अधिक ऐसी बैठकें आयोजित की थीं, जिनके अच्छे परिणाम मिले थे और बीजेपी ने वहां चुनाव में जीत हासिल की थी। आपको बता दें कि महाराष्ट्र एक ऐसा राज्य है जहां आरएसएस की जड़ें गहरी हैं। क्योकि संघ का मुख्यालय भी यहीं नागपुर में स्थित है। आरएसएस का राज्य में बीजेपी नेताओं देवेंद्र फडणवीस और नितिन गडकरी के साथ भी गहरा संबंध है। हाल ही में फडणवीस ने लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद संघ से मदद मांगी थी। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से यह कहा था कि अगर बीजेपी को पूर्ण बहुमत मिलता है तो वह संविधान को बदल देगी और आरक्षण समाप्त कर देगी। मीडिया से बात करते हुए आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने कहा, हम चाहते हैं कि लोग ऐसी अफवाहों और गलत धारणाओं को न मानें। गलतफहमी में मत रहिए। अब लोग ज्यादा समझदार हो गए हैं और नागपुर के विधानसभा क्षेत्रों में वे कम से कम 80 प्रतिशत वोटिंग हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित कर चुके हैं। अपने दशहरा संबोधन में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को दलितों से दोस्ती करने का आह्वान किया था।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# पुलिस थाने के नजदीक बाग रोड़ पर अज्ञात चोरों ने किराना गोदाम का ताला तोड़ करीब 12 लाख कीमत का सामान चुराया

- घटना के विरोध में व्यापार मंडल के आव्हान पर बाजार बंद कर व्यापारियों ने पुलिस थाने का किया घेराव
- सोमवार तक चोरी का खुलासा करने का पुलिस अधिकारियों द्वारा मिले आश्वासन के बाद व्यापारियों ने हटाया धरना

बढ़ता राजस्थान

**उनियारा ( अजय जैन )।** शुक्रवार की मध्य रात्रि को उनियारा शहर के बस स्टैंड के पास सरदार बाग रोड पर स्थित एक दुकानदार के किराने के गोदाम से अज्ञात चोर लाखों रुपए का सामान भरकर चुरा कर ले गए। आसपास ज्यादा बस्ती नहीं होने के कारण दुकानदार जब सुबह गोदाम पर पहुंचा तब उसको इसकी जानकारी मिली और उसने इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन सहित व्यापार संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार गुप्ता को दी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना करते हुए पुलिस ने जानकारी में जुट गई। लेकिन आए दिन कस्बे के अंदर हो रही वारदातों के कारण व्यापार संघ के सभी पदाधिकारी ने विरोध प्रदर्शन करते हुए व्यापार संघ अध्यक्ष संदीप गुप्ता के नेतृत्व में पूरा बाजार बंद करवाया और पुलिस थाने के सामने धरने प्रदर्शन पर बैठ गए। देखते ही देखते हैं वहां हजारों की संख्या में पुलिस थाने के बाहर भीड़ जमा हो गई। भीड़ को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक मौके पर पहुंचे और उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि वह शीघ्र ही इस पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करेंगे। लेकिन दुकानदारों एवं सभी गणमान्य लोगों के अनुरोध के कारण सभी लोग वहीं बैठे रहे। साथ ही कार्रवाई की मांग करने की बात करते रहे। पुलिस उपाधीक्षक ने कई बार उच्च अधिकारियों से वार्ता की उसके बाद 1.00 बजे पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस उपाधीक्षक को दिए निर्देशानुसार शीघ्र ही इस पर टीम गठित कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कहते हुए पुलिस उपाधीक्षक ने सोमवार तक सभी लोगों से इसका समय मांगा तब जाकर व्यापारियों ने अपना धरना समाप्त किया।



**पुरानी चोरिया का भी नहीं हुआ खुलासा :** उनियारा कस्बे में कुछ दिनों पूर्व घर में से एक वृद्ध महिला के कान के टोपिस तोड़ कर ले जाना, साथ ही एक चाय की दुकान पर महिला के जेवर खुलवाकर वारदात को अंजाम देना सहित, आए दिन अन्य वारदातों के शिकार हो रहे हैं। व्यापारियों का आक्रोश शुक्रवार की रात्रि को हुई गोदाम में से पिकअप भर के माल ले जाने के बाद फूट पड़ा और उन्होंने अपनी दुकान बंद करते हुए विरोध प्रदर्शन कर थाने के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।



### तेल व घी सहित काजू के पीपे किए चोरी....

अज्ञात चोरों ने रात्रि में पहले 9.30 पर वहां खाली पिकअप खड़ी करी उसके बाद गोदाम का ताला तोड़ा और अंदर प्रवेश कर गोदाम को खोलकर चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए पूरी पिकअप में देसी घी, तेल के पीपे, काजू के, मूंगफली रिफाइंड के पीपे,दाल, रिफाइंड के कच्ची घानी के पीपे सहित अन्य कई तरह की सामान और मसाले के सामानों को पिकअप में भरकर और रात्रि में 2.00 बजे वहां से निकलते हुए सवाई माधोपुर मार्ग की ओर पिकअप को ले गए। ये सारा नजारा सीसीटीवी में कैद हो गया है। पुलिस सीसीटीवी देख अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है।

### ये रहे धरने में शामिल.....

धरना प्रदर्शन के दौरान व्यापार संघ के अध्यक्ष संदीप गुप्ता,वरिष्ठ अधिवक्ता बाबूलाल कासलीवाल, कमरुद्दीन खान,राधेश्याम मेरोठा, निर्दलीय प्रत्याक्षी नरेश मीणा, जगदीश साहू, चेतन पटवा, दिनेश पाटोदी,राजा बाबू, उम्मेद सिंह चौहान, सुरेंद्र धाकड़, चंद्र प्रकाश जैन, मुरली मित्तल, ओमप्रकाश जैन सहित पूरा व्यापार मंडल सहित सैकड़ो लोग धरने में शामिल रहे।

ताबड़तोड़ एक्शन, फिर भी रिजल्ट 'शून्य'

# पुलिस पर भारी बजरी माफिया का 'खौफ'

## मलारना डूंगर में हो चुका है पुलिस पर डंपर चढ़ाने का प्रयास

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** मलारना डूंगर थाना क्षेत्र में बजरी माफियाओं का 'खौफ' दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। स्थिति यह है कि पुलिस के अपने ही 'चन्द' लोगों के बजरी माफियाओं के मुखबिर बनने से यह स्थिति बनी हुई है कि अब पुलिस भी बजरी माफियाओं के खिलाफ एक्शन लेने में लाचार नजर आ रही है। गौरतलब है कि लगातार अवैध बजरी खनन और परिवहन की शिकायतों के बाद गत माह जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन पर भाड़ोती पुलिस चौकी के सामने नाकाबंदी की गई थी, लेकिन ठोस रिजल्ट सामने नहीं आए। यही वजह है कि मलारना डूंगर थाना क्षेत्र में बजरी माफियाओं का 'खौफ' दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। आलम यह है कि बजरी माफिया पुलिस प्रशासन और माइनिंग विभाग की आंखों में धूल झोंक कर धड़ल्ले से अवैध बजरी परिवहन कर रहे हैं। मगर बजरी के अवैध व ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है।

### पुलिस पर भारी, बजरी माफिया

लगातार अवैध बजरी खनन और परिवहन की शिकायतों के बाद जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन पर भाड़ोती पुलिस चौकी के सामने नाकाबंदी की गई! जिस पर पुलिस ने बजरी के अवैध वाहनों को रोकने का प्रयास किया लेकिन माफियाओं ने तेज रफ्तार में बजरी का डंपर लेकर फरार हो गए। हाईवे पर पुलिस ने जब डंपर का पीछा कर रसूलपुर गांव के पास रोका और चालक को नीचे उतरने के लिए कहा, इतने में चालक और हेल्पर ने नीचे उतरने की बजाए डंपर के दरवाजे लॉक कर लिए। इसी के साथ पुलिसकर्मी ने जब डंपर की फोटो खींचने का प्रयास किया तब चालक ने उसके ऊपर डंपर चढ़ाने का प्रयास किया। यही नहीं बजरी



से भरे डंपर को लेकर फरार हो गया। डंपर चालक बीच सड़क पर बजरी खाली कर पुलिस की गाड़ी के आगे आगे डंपर को दौड़ता रहा। हालांकि गाड़ी में सवार पुलिसकर्मियों ने सायरन बजाकर आगे निकलने का प्रयास किया मगर डंपर चालक ने पुलिस की गाड़ी को साइड नहीं दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते मलारना चौड़ पुलिस चौकी के सामने नाकाबंदी कर डंपर को रोकने का प्रयास किया। मगर एक बार फिर पुलिस की नाकाबंदी को तोड़कर डंपर चालक फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस में डंपर चालक सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ राजकार्य में बाधा, पुलिसकर्मियों को कुचलने का प्रयास,बजरी चोरी सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच तो शुरू की, लेकिन नासूर से निजात आज तक नहीं मिल सकी। इतना जरूर किया था कि पुलिस ने हाइवे पर फैली बजरी को ट्रैक्टर की सहायता से हटाकर यातायात को सुचारू जरूर करवाया था। लोगों का कहना है कि पुलिस को अपने ही लोगों के खिलाफ अभियान चला कर यानि कि मलारना डूंगर थाने के समूचे स्टाफ को बदलकर नया स्टाफ लगाने के बाद ही इस नासूर प्रकरण से निपटा जा सकता है।

# 72 घंटे की एसओपी की पालना प्रो-एक्टिव होकर सुनिश्चित करें : संभागीय आयुक्त

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** जिले के देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर शनिवार को अजमेर रेंज के संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा एवं पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने संयुक्त रूप से चुनाव तैयारियों को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा एवं पुलिस अधीक्षक विकास सागवान ने चुनाव से जुड़ी तैयारियों को लेकर जानकारी दी।

संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा ने कहा कि चुनाव कार्य से जुड़े अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग की मतदान दिवस के 72 घंटे पूर्व की एसओपी की पालना प्रो-एक्टिव होकर सुनिश्चित करें। चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य को जिम्मेदारी एवं सर्तकता के साथ पूरा किया जाये। सभी अधिकारी एवं कार्मिक चुनाव आयोग की गाइड लाईन को भली भांति पढ़ ले, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना नहीं रहे। ईवीएम और वीवीपेट की आवाजाही, भंडारण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सावधानी रखी जाए। शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर विशेष कार्य योजना बनाकर मतदाताओं को बूथ पर लाने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही, मतदान केंद्र पर आधारभूत न्यूनतम सुविधाओं जैसे रैंप, पीने योग्य पानी, फर्नीचर, बिजली, मतदाता सहायता बूथ, उचित साइनेज, मतदाता सुविधा पोस्टर आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने कहा कि अवैध नगदी, शराब वितरण एवं फ्रीबीज़ को लेकर पुलिस अधिकारी नजर रखे। जिले की सीमाओं पर लगे हुए नाकों पर आने-जाने वाले वाहनों की कड़ी जांच करें। चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आदर्श आचार संहिता की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मतदान के 72 घंटे पूर्व और अधिक चौकसी की आवश्यकता रहती है। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस विशेष निगरानी रखते हुए शिकायत मिलने पर तुरंत कार्यवाही करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन सौकरिया, सीईओ परशुराम धानका, रिटर्निंग अधिकारी जिला आयकर अधिकारी राकेश शर्मा, देवली-उनियारा शत्रुघन गुर्जर, उपखंड अधिकारी देवली मनोज कुमार मीणा, उप वन संरक्षक मरिय शाहीन ए, कोषाधिकारी हरीश लालावत, जिला आबकारी बाबूलाल जाट समेत विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारी एवं सहायक प्रभारी मौजूद रहे।



# जलदाय मंत्री का दावा : उप चुनावो की सातो सीटो पर भाजपा जीत रही है





बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने प्रदेश में होने जा रहे सात विधानसभा सीटो चुनावो को लेकर दावा किया है कि उप चुनावो में प्रदेश की सभी सातो सीटो पर भाजपा बड़ी जीत का परचम लहराने जा रही है।

चौधरी जो जिले की उनियारा देवली विधानसभा सीट के उप चुनावो के लिए प्रभारी है। जलदाय मंत्री शनिवार को इस सीट के भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र गुर्जर के प्रचार में कई गांवो का दोरा कर ग्रामीणो से रूबरू हो रहे थे। गांवो की नुक्कड़ सभाओ में उमड़े ग्रामीणो को सम्बोधित करते हुए जलदाय मंत्री ने दावा करते हुए कहा कि प्रदेश की सभी सातो विधानसभा सीटो के चुनावो में भाजपा बड़ी जीत की ओर अग्रसर रहकर जीत का परचम लहराने जा रही है। जलदाय मंत्री चौधरी ने इस दौरान कहा कि प्रदेश की लोकप्रिय एवं डबल इंजन की प्रदेश सरकार अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के चलते प्रदेश के हर आम जन के मानस पटल पर स्थान बना चुकी है। चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने एक वर्ष के अल्प कार्यकाल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में आम जन से किए अपने वादो को पूरा करने का सफल प्रयास कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राजस्थान जैसे बीमारू प्रदेश में गिने जाने वाले प्रदेश के चहुमुंखी विकास के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार युवाओ को रोजगार देने व प्रदेश के विकास को गति देने के लिए अनेक बड़ी कम्पनीयो । बड़े औद्योगिक घरानो से समझोते कर औद्योगिक विकास को गति देने का प्रयास कर रही है। इस चौधरी जलदाय मंत्री चौधरी देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवो का दौरा कर प्रदेश सरकार की एक वर्ष की अल्प अवधि की जनकल्याणकारी एवं विकास की योजनाओं के बल पर वोट मांगे।

चुनाव प्रचार के दौरान चौधरी जहां भी पहुंचे वहां के ग्रामीणो ने चौधरी के सम्मान एवं स्वागत में पलक पावड़े बिछाए।

# विधिक सेवा दिवस पर निकाली जागरूकता रैली




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वाधान में शनिवार को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर आमजन में विधिक सेवा योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने एवं समाज के गरीब व वंचित वर्ग के लोगो की विधिक सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए देवेन्द्र दीक्षित, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में ए.डी.आर. सेन्टर जिला न्यायालय परिसर सवाई माधोपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीक्षित ने बताया कि सभी नागरिकों के लिए नि:शुल्क, सुलभ और त्वरित न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर ने विधिक सेवा दिवस पर लोगों को उनके मौलिक अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाता है और उन्हें सामान्य जीवन में न्याय व्यवस्था से रूबरू कराया जाता है। साथ ही जिला मुख्यालय पर संचालित लीगल एड डिफेंस काउसिंल कार्यालय के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह के संबंध मे लीगल एड डिफेंस काउसिंल कार्यालय संचालित है, जिसके माध्यम से विधिक सहायता के लिए पात्र व्यक्तियों की न्यायालयों में नि:शुल्क पैरवी की जाती है। शिविर में राधेश्याम जोगी चीफ लीगल एड डिफेंस काउसिंल, वीरेन्द्र कुमार वर्मा डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउसिंल,अक्षय राजावत असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउसिंल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर अरविन्द कुमार प्रिन्सीपल मजिस्टेऽट किशोर न्याय बोर्ड सवाई माधोपुर, राजवीर कौर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्टेऽट सवाई माधोपुर, जयराम राजावत सचिव अभिभाषक संघ सवाई माधोपुर, राधेश्याम जोगी चीफ लीगल एड डिफेंस काउसिंल, वीरेन्द्र कुमार वर्मा डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउसिंल, अक्षय राजावत असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउसिंल, न्यायमित्र गोविंद प्रसाद शर्मा, पैनल अधिवक्तागण अभय कुमार गुप्ता, हनुमान प्रसाद गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

# महिला मंडल का स्नेह मिलन कार्यक्रम सम्पन्न सुमन आगीवाल प्रथम, सुमन बघेरा रही द्वितीय

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** अजमेर रोड स्थित श्री श्याम रिसोर्ट में अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की मालपुरा महिला मंडल का दिपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए उषा विजय ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारम्भ में हाऊजी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसके पार्सल गेम में सुमन आगीवाल प्रथम व सुमन बघेरा द्धितिए स्थान पर रही। वहीं इन आउट गेम में प्रियंका रानोली प्रथम व संगीता कापड़ी द्धितिए स्थान पर रही। कार्यक्रम में मौजुद महिलाओं ने एकदूसरे को गले लगाकर दिपावली की बधाई दी। कार्यक्रम में नीलू विजय, मेघा जैन, माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष सुमन बिड़ला, सरंक्षक संतोष कोठारी, सुमन आगीवाल, रेखा विजय, सुशीला बिड़ला, रानी विजय का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अरूणा बिड़ला, जूली विजय, कुसुम देशमी, सुनीता लावा, प्रभा माहेश्वरी, पिंकी जैन, गुड्डी पाटोदी, सहित अन्य कई महिलाऐं मौजुद रही। वहीं प्रतियोगिताओं में विजेता रही महिलाओं को सम्मानित किया गया।




# वार्डसभा का आयोजन कर मतदाताओ को किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा ( नि.स. )।** कस्बे में स्थित श्री बद्रीनाथ मन्दिर परिसर में शनिवार को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओ को जागरूक करने के लिए वार्ड़सभा का आयोजन किया गया। विशेष अभियान के तहत नए मतदाताओ के नाम जोड़ने एवं नाम सशोधन के लिए आवेदन लिए गए। बीएलओ राजेश कुमार पारीक, बबलेश वर्मा एवं रामेश्वर प्रसाद बैरवा ने बताया कि एक जनवरी 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवक एवं युवतिया एवं वंचित मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं । उन्होने बताया कि फार्म सख्यां 6 के तहत 15 एवं फार्म सख्यां 7 के तहत 10 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बैठक में बूथ सख्यां 281,282 एवं 283 की घर-घर सर्वे रिर्पोट की जानकारी दी गई।

चिंतात्मक

# काली दिवाली



रोशनी के साथ उमंग व उल्लास का त्यौहार दीपोत्सव पूरा शहर जगमगा रहा था,आसमां में रंग बिरंगी आतिशबाजियों की गूंज थी लोगों के घरों में दीपक टिमटिमा रहे थे लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस दिपावली पर ऐसे दर्जनों घर हैं जिनके चिराग बुझ ही गए हैं। जी हां आंकड़ों की बात करें तो प्रदेश भर लगभग 225 युवा झुलसें हैं,तो लगभग 27 युवाओं ने अपनी आँखे गंवाई हैं। ये कौनसी दिवाली थी दोस्तों जो उन माता-पिता के जीवन में अंधेरा कर गई जिन्हे दो-तीन दशक बाद अपने पुत्र की आँखों से इस संसार को देखना था। ये कैसी दिवाली थी दोस्तों जो उन युवाओं को अंधा बना गई जो शायद अब कभी इस रंगीन दुनिया को देख ना सकें। अब उठता है कि इस सारे मामले में गलती किसकी थी? क्या युवाओं की गलती थी या माता पिता की परवरिश में कहीं भूल हुई है या फिर पुलिस प्रशासन का भय नहीं था। तो मैं अपने आलेख में कहना चाहूंगा दोस्तों गलती इस समाज की ही है। जब हमारे युवा भटक रहे हैं तो इन्हें भटकने से रोकेगा कौन?

समाज को सही दिशाए देने के लिए इन युवाओं की ऊर्जा को कहीं और लगाना बेहद जरूरी है वरना एम्बूलैंस तो शहर में दिन भर घूमती है लेकिन उसे देखकर कोई अपनी स्पीड़ धीरे नहीं करता क्योंकि वो सोचता है ये तो दुनियां के लिए बनी है मेरा तो कभी एक्सीड़ेंट हो ही नहीं सकता। बस इसी सोच के कारण आज का युवा अपने मार्ग से भटक गया है। इस दिवाली पर पूरा जहां रोशन था जरा उस बाप से पूछो तो सही कि जिसके इकलौते पुत्र ने आँखें ही खो दी। बेहद चिंता का विषय है दोस्तों,ये कैसी दिपावली मनाई इस बार जो आनन्द व उल्लास की नहीं बल्कि चिंता और भय की नजर आई, जो धर्म की स्थाप्रा की नहीं बल्कि अधर्म के नंगे नाच की नजर आई। जो रोशनी व उजाले की नहीं बल्कि आग और अंगारों की दिखाई पड़ी, खुशी और भाईचारे की नहीं बल्कि दहशत और दर्द की नजर आई। ऊपर से ना शिवजी आऐंगे ना राम जी समझाने आऐंगे। हमें ही समझना होगा और एक बड़ा चेंज लाना होगा इस समाज के लिए ताकि इन युवाओं का मार्ग तो बदले वरना वो दिन दूर नहीं जब दिवाली सबके लिए ही काली ही नजर आने लगेगी।

**रूपक शर्मा**
**बढ़ता राजस्थान,अलवर**

# लायंस क्लब बहरोड़ ने गोपाष्टमी पर्व गौ सवामणी कर धूमधाम से मनाया

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** लायंस क्लब बहरोड़ द्वारा शनिवार को सुबह 8 बजे क्षेत्र की राठ गौशाला दहमी मे गोपाष्टमी के पावन अवसर पर गौ सवामणी का आयोजन किया गया जिसमे 7 मण दलिया व 45 किलो गुड गायों को खिलाया गया ।इस पावन अवर पर क्लब पदाधिकारी असिस्टेंट गवर्नर एम जे एफ लायन प्रमोद अग्रवाल ने कहा कि क्लब द्वारा समय समय पर गौ सवामणी की जाती रहती है आज गोपाष्टमी के अवसर पर इस आयोजन का होना विशेष महत्त्वपूर्ण व लाभदायक होता है , अनादीकाल से मानव जाति गायों की सेवा करती आ रही है हमारे समाज में गाय को माता का दर्जा दिया जाता है गाय माता में सहस्त्रों देवी देवता निवास करते है गायों की सेवा करने से ना सिर्फ़ पुण्य प्राप्त होता है अपितु स्वास्थवर्धक भी होता है । सवामणि कार्यक्रम के संयोजक लायन प्यारेलाल सेनी रहे व इन्ही के आर्थिक सहयोग से किया गया ।आयोजन मे क्लब अध्यक्ष एम जे एफ लायन मुकेश यादव चार्टर अध्यक्ष राकेश रोहिल्ला प्रदीप यादव उमेश यादव राहुल यादव राकेश गोयल मधुबाला गोयल भावेश शिवम सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे ।



# शहर के सुव्यवस्थित यातायात के लिए मिलकर करने होंगे प्रयास : जिला कलक्टर

## 6 स्थानों पर लगेगी ट्रैफिक लाईट, व्यापारी दुकानों के बहार नही रखेगें सामान

### शहर की सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( यतेन्द्र पाण्डेय)।** शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार एवं दुर्घटना व प्रदुषण मुक्त सुव्यवस्थित यातायात के लिए जिला कलक्टर डॉ अमित यादव की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई जिसमें पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी शहर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला कलक्टर ने कहा कि शहर को दुर्घटना मुक्त, प्रदूषण मुक्त एवं जाम रहित यातायात व्यवस्था के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा जिससे देसी विदेशी के पर्यटकों के साथ स्थानीय नागरिकों को सुव्यवस्थित यातायात की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भरतपुर में अनेकानेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं जिससे यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ प्रदूषण मुक्त शहर भी होगा। उन्होंने कहा कि शहर में लगने वाले यातायात जाम के कारण आम जन को परेशानी होती है व्यापारियों को आर्थिक नुकसान भी होता है तथा देश-विदेश के पर्यटक शहर में स्थित ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों तक पहुंचने में परेशान होते हैं। हमें सभी को मिलकर यातायात को व्यवस्थित करने में सक्रिय सहायोग देना होगा। उन्होंने यातायात पुलिस, परिवहन विभाग को शहर में यातायात दबाव वाले स्थान पर रेड लाइट की व्यवस्था के लिए चिन्हिकरण करने, शहर में लगने वाले जाम एवं दुर्घटना स्थलों को चिन्हित कर सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने व्यापारियों का आह्वान किया कि सुव्यवस्थित यातायात से रोजगार तथा व्यवसाय में वृद्धि होगी सक्रियता से इसमें भागीदार बनें। बैठक में अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतीश यादव, पुलिस उपाधीक्षक यातायात नरेंद्र, सीओ सिटी पंकज यादव, एसडीएम राजीव शर्मा, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, सुमंगल पाराशर, योगेश व्यास, सुरेंद्र जैन, भगवान दास, विपुल शर्मा सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रीजी लेबोरेट्री प्राइवेट लिमिटेड सोतानाला ने जिला अस्पताल को लाखों के चिकित्सकीय उपकरण भेंट किये

## मरीजों के परिजनों व हॉस्पिटल स्टाफ ने कंपनी स्टाफ का आभार जताया

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** मैनकाइंड फार्मा की सोतानाला स्थित श्रीजी लेबोरेट्री प्राइवेट लिमिटेड ने शनिवार को जिला अस्पताल के नेत्र विभाग को अपने सीएसआर हेड के तहत राजकीय जिला अस्पताल बहरोड़ को लगभग साढ़े तीन लाख रुपए के ऑपरेशन उपकरण और एयर कंडीशनर प्रदान किए हैं। जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ. सुरेश यादव ने बताया कि उद्योगों और भामाशाहों के सहयोग से क्षेत्र के लोगों के इलाज में सुविधाएं बढ़ती हैं, जिससे मरीजों का इलाज करने में आसानी होती है। उपकरणों के मिलने से मरीजों और स्टाफ को राहत मिलेगी। उपस्थित मरीजो के परिजनों व अस्पताल स्टाफ ने कंपनी के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया ।इस दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कनिका यादव ने बताया कि श्रीजी लेबोरेट्री कंपनी द्वारा दो एयर कंडीशनर, ऑपरेशन के उपकरण, विजन चार्ट और रेटीनोस्कोप भेंट किया गया, जिसकी कुल कीमत लगभग साढ़े तीन लाख रुपए है। इन उपकरणों के मिलने से मरीजों का उपचार करने में सुविधा होगी ।इस अवसर पर श्रीजी लेबोरेट्री प्राइवेट कंपनी के यूनिट हेड एनएस राव, एचआर हेड गोविंदसिंह परिहार, राजेश गुप्ता और हरीश सेन व डॉ. प्रियंका यादव, डॉ. आदर्श अग्रवाल सहित अस्पताल स्टाफ मरीजों के परिजन उपस्थित रहे।



# बालिका शिक्षा में प्रतिभाओं को निखारना मुख्य उद्देश्य : डॉ. शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय) ।** शाहिद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन की ओर से उनके जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । फाउंडेशन के मध्यप्रदेश में आयोजित किए गए कार्यक्रमों में ग्वालियर मुख्यालय की ओर से झांसी रोड स्थित शासकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में ( आतंकवाद बनाम मानवबाद) (बालिका शिक्षा एवं पर्यावरण) विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जाति की बालिकाओं को भी विषय अंतर्गत अपनी कला दिखाने का समान अवसर प्राप्त हो। उनकी प्रतिभाओं को शाहिद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन द्वारा निखारने की एक सफल कोशिश की गई, इस अवसर पर छात्रावास की बालिकाओं ने प्रतियोगिता में उत्साहित होकर भाग लिया। विषय को ध्यान में रखते हुए अत्यधिक दर्शनीयकला का प्रदर्शन किया । बालिकाओं ने विषय से संबंधित समकालीन विचारों एवं अच्छे सुझावों को अपनी कला से दर्शाने की कोशिश की। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र कुमार शर्मा ने फाउंडेशन द्वारा संपूर्ण देश में किए जा रहे एवं आगामी कार्यक्रमों के बारे में उपस्थित संभागियो को अवगत कराया।

फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय शिवकुमार शर्मा की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके द्वारा फाउंडेशन को अग्रसर किए जाने पर विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाजसेवी संस्था जीकेएसएस के अखिल भारतीय अध्यक्ष प्रकाश सिंह नीमराजे, मानव अधिकार से संबंधित समस्याओं को समय-समय पर अवगत कराने वाले मानव अधिकार मित्र अंशुमान शर्मा ,भारत विकास परिषद ग्वालियर महानगर के राजेंद्र चतुर्वेदी , फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य एवं सचिव आलोक द्विवेदी संयुक्त सचिव संजय अरोड़ा पूर्व सचिव रचना शर्मा पूर्व कोषाध्यक्ष राजकुमारी शर्मा कोषाध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय फाउंडेशन के सदस्य एवं यूथ रीयल फीडम के अध्यक्ष इंजीनियर सागर शर्मा, प्रियंका शर्मा, छात्रावास अधीक्षक ईमा रानी मिंज एवं नीलम भार्गव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



# भारत विकास परिषद अरावली ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सामाजिक सरोकार में अहम भूमिका निभाने वाली संस्था भारत विकास परिषद अरावली का दिवाली मिलन समारोह होटल अलवर रॉयल्स में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें 40 सदस्यों ने भाग लिया व मनमोहक अंदाज में दीप प्रज्वलन कर स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। खेल में मनीष जैन व अशोक गुप्ता ने उपहार जीते। यह जानकारी प्रमुख समाजसेवा व उधोगपति अमित श्यामसुखा ने दी।



# चर्म एवं यौन रोग विशेषज्ञों का दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** होटल द फर्न में चर्म एवं यौन रोग विशेषज्ञों का दो दिवसीय प्रादेशिक स्तरीय सम्मेलन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर दिनेश माथुर वरिष्ठ चर्म एवं यौन रोग विशेषज्ञ राजस्थान, ने दीप प्रज्वलित कर इस सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर सुरभि दयाल रोहतक से एवं डॉक्टर ऋषि पराशर दिल्ली से कील मुंहासे पर, डॉक्टर पुनीत सिंह बिहार से कुष्ठ रोग पर, डॉक्टर बेला शाह गुजरात से महिलाओं के यौन रोगों पर,डॉक्टर राजीव सिकरी नोएडा से चर्म रोगों की नई दवाओं पर, डॉक्टर नीना खन्ना दिल्ली से हिरूटिसम पर, डॉ महावीर मेहता दुबई से लेजर पद्धति पर, डॉक्टर नीति खुंगर दिल्ली से केमिकल पील पर, डॉक्टर टी राणा बोटोक्स फिलर पर, डॉक्टर रमनजीत सिंह रिसरफेसिंग स्किन पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसी सम्मेलन में रविवार को डॉक्टर गोपाल सिंह राजपूत मुंबई से, एमडी छात्रों की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करेंगे एवं विभिन्न महाविद्यालयों में अध्यनरत पोस्ट ग्रेजुएट छात्र अपना पेपर प्रेजेंटेशन एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन भी देंगे। इनमें अव्वल आने वालों को पारितोषिक भी प्रदान किया जाएगा। इस सम्मेलन में देश विदेश के ख्याति प्राप्त लगभग 300 प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस सम्मेलन के सफल संचालन हेतु डॉक्टर संजय सैनी को अध्यक्ष व डॉक्टर मंजीत चौधरी को संगठन सचिव नियुक्त किया गया।

# नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान


**भुसावर /भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय) ।** भुसावल थाना पुलिस ने नाबालिक का अपहरण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है आरोपी गत लगभग सवा साल से फरार चल रहा था। भुसावर थाना अधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जय नारायण मीणा एवं भुसावल पुलिस उपाधीक्षक धर्मेंद्र शर्मा के सुपरविजन में उनके द्वारा टीम का गठन कर भुसावर थाने में दर्ज प्रकरण संख्या 501 /2023 धारा 363,366,120 बी आईपीसी व16/ 17 पोक्सो एक्ट में फरार चल रहे टॉप 10 वांछित आरोपी अभिषेक पुत्र धर्म सिंह जाति जाट उम्र 21 वर्ष निवासी कैलूरी थाना नदबई को थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 स्थित छोकरवाड़ा कलां से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है ।

# विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की मौत : उपचार के दौरान जिला अस्पताल में ली अंतिम सांस

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** पुलिस सर्किल के गढ़ीबाजना थाना इलाके के गांव कोट में गुरुवार रात एक युवक ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने युवक को बयाना सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन युवक को भरतपुर जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए।

जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर शुक्रवार सुबह गढ़ीबाजना थाना पुलिस भरतपुर पहुंची और मृतक युवक का जिला आरबीएम अस्पताल में पोस्टमॉर्टम और पंचनामा की कार्रवाई कराई। गढ़ी बाजना थाना के एएसआई राजाराम गुर्जर ने बताया कि मृतक युवक निशांत (23) पुत्र मोरध्वज गुर्जर कोट गांव का रहने वाला था। जिसकी एक साल पहले ही शादी हुई थी। परिजनों का कहना है कि अनाज में कीड़े मारने वाली दवाई रखने के दौरान जहरीली गोलियां अचानक युवक के मुंह में चली गई थी। जिसकी वजह से उसकी मौत हुई। पुलिस ने बताया कि पोस्टमॉर्टम और पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



# नियमानुसार हो अतिक्रमण हटाने की कानूनी कार्यवाही : शेखावत

## अतिक्रमण से चारागाह भूमि हो मुक्त, विधायक को सौंपा मीरापुर के ग्रामीणों ने ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मांची के ग्रामीणों ने यादराम नेताजी के नेतृत्व में विधायक देवीसिंह शेखावत को ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में मांग की गई है कि खसरा नम्बर 5 रकबा 3.39 हेक्टेयर गैर मुमकिन चारागाह भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करावें। ग्रामीण यादराम नेताजी ने बताया कि उक्त खसरा नम्बर से आमजन गुजरता है। पहाड़ का पानी भी इसी चारागाह भूमि से होकर गुजरता है। उक्त भूमि पर दशरथ नाम के व्यक्ति ने अतिक्रमण किया हुआ है। उक्त भूमि से ग्रामीणों को आने जाने से भी गुजरने पर धमकी देता है। यादराम नेताजी ने बताया कि उक्त चारागाह भूमि से ग्रामीणों के साधन व शमशान में जाने का रास्ता भी है। उन्होंने बताया कि हमने पूर्व में भी प्रशासन को अवगत कराया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। वहीं विधायक देवीसिंह शेखावत ने ज्ञापन को तहसीलदार के नाम मार्क कर आदेश दिया है कि नियमानुसार कानूनी कार्यवाही करावें। उधर तहसीलदार गजेन्द्रसिंह राठौड़ ने बताया कि मीरापुर के ग्रामीणों ने चारागाह भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत दी है।

उक्त खसरा नम्बर 5पर नाइन टी वन की कार्यवाही जयकार है और पटवारी से मंगवा ली गई है। जल्दी ही अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर रामशरण पंच, देशराज गुर्जर, यादराम नेताजी, हरदान, जीतराम, हरिसिंह, मुकेश, सतीश, रमेश गुर्जर, हरदान, प्रभु, नेतराम, रामफल, पप्पू, धर्मपाल, शेरसिंह, ताराचंद गुर्जर, धोलाराम, पप्पू चौधरी, बिल्लू, राजेन्द्र, श्रीराम, राजेश रावत, पतराम, मातादीन गुर्जर, कृष्ण सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



# भाजपा नेता डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी ने दौसा एवं देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में किया जन संपर्क

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय) ।** भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी ने विधानसभा उप चुनाव हेतु दौसा एवं देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जन संपर्क किया। दौसा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा के समर्थन में आयोजित चुनाव सभा में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा, पूर्व सांसद राज्यसभा राम कुमार वर्मा, महवा विधायक राजेंद्र मीणा, शाहपुरा भीलवाड़ा विधायक लाला राम, डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश डंगोरिया आदि ने सभा को सम्बोधित करते हुए उपस्थित लोगों से भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। सभा के पश्चात् डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी ने दौसा के विभिन्न क्षेत्रों में जन संपर्क किया। इसी प्रकार देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र में खण्डार विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल के साथ जन संपर्क कर मतदाताओं से विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

# प्रभात फेरी के सातवें दिन लोगों का उमड़ा हुजूम

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** अलवर में गुरुद्वारा कमेटी द्वारा निकाली जा रही प्रतिदिन प्रभात फेरी के शनिवार को सातवें दिन लोगों का रुझान प्रभात फेरी में हुआ और अधिक संख्या में लोगों ने भाग लिया। अब प्रभात फेरी के केवल 3 दिन शेष रह गए हैं यह प्रभात फेरी 10 दिनों तक लगातार निकाली जावेगी। दिनांक 13 नवंबर को मालाखेड़ा बाजार से भव्य नगर कीर्तन पूरे शहर में होता हुआ निकलेगा । जिसका जगह.जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया जाएगाए तथा नगर कीर्तन का समापन स्कीम नंबर दो गुरुद्वारे में आकर होगा उसके उपरांत 13 तारीख से ही गुरु ग्रंथ साहब के लगातार पाठ चलेंगे जो की तीन दिन तक चलेंगे जिसका भोग 15 तारीख को पड़ेगा तथा उसी दिन पाठ के भोग के बाद विशाल लंगर का आयोजन किया जाएगाए जिसमें सभी धर्म और जाति के लोग एक साथ बैठकर लंगर का सेवन करेंगे।

# कोटा के कुन्हाड़ी जैन मंदिर में स्थापित होगी विश्व की सबसे ऊंची स्फटिक मूर्तियां, मल्टीनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में होगा नाम दर्ज

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( का.स. )।** शिक्षानगरी कोटा में स्थित जैन मंदिर में स्फटिक मणि से निर्मित भगवान की सबसे ऊंची मूर्तियां स्थापित होगी दुनिया की सबसे ऊंची पदमासन श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान की 35.80 इंच (लगभग तीन फुट) एवं श्री 1008 संभवनाथ भगवान की स्फटिक मणि की कमलासन प्रतिमा जिसकी उंचाई 30.20 इंच है।

बनकर तैयार हो चुकी हैं और आगामी 14 नवम्बर को दोनों प्रतिमाएं श्रुत संवेगी श्रमण 108 श्री आदित्य सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में वेदी पर प्रतिष्ठित हो जाएंगी। भगवान की ये दोनों मूर्तियां कुन्हाड़ी स्थित श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर रिद्धि-सिद्धि नगर कोटा में प्रतिष्ठित की जाएगी। मूर्ति को विश्व की सबसे ऊंची स्फटिक मूर्ति के रूप में मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (लंदन) के भारत के सीईओ कृष्ण कुमार उपाध्याय ने रिकॉर्ड कैटेगरी में प्रतिमाओ को शामिल करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही सम्मान हेतु सर्टिफिकेट संस्था द्वारा दिया जाएगा। वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल होने की घोषणा होते ही समाजबंधुओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुनि श्री 108 आदित्य सागर जी महाराज ने कहा कि ये कोटा ही नहीं अपितु पूरे देश के लिए गौरव का विषय है कि ये गौरव कोटा की धरती पर जैन समाज को प्राप्त हो रहा है। महाराजश्री ने कहा कि ये सम्मान अकेले जैन समाज के लिये ही नहीं अपितु सर्व समाज के लिए हर्ष का विषय है।

मूर्ति बनने में करीब आठ महीने का समय लगा, उसके पॉलिश होकर तैयार होने में लगभग 15 महीने का समय लगा। इन प्रतिमाओं का वजन लगभग डेढ़ सौ से दो सौ किलो है। उन्होंने बताया कि स्फटिक वास्तु के लिहाज से स्फटिक पॉजीटिव एनर्जी का स्त्रोत होता है। इसलिए किसी मंदिर,घर या ऑफिस के शिलान्यास पर वास्तुकार स्फटिक रखने की सलाह देते हैं। जिसमें प्रतिमाओं की पॉजीटिव उर्जा इन सबसे बढ़कर होती है। मुनि श्री ने बताया कि भगवान की मूर्तियों की स्थापना मंदिर में 14 नवम्बर को होगी, कार्यक्रम के अनुसार 14 नवम्बर को वेदी पर मूर्ति स्थापना और 15 नवम्बर को मूर्ति का विधिवत रूप से महामस्ताभिषेक कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि छोटी मूर्तियां भारत में कई जगहों पर हैं, लेकिन बड़ी मूर्तियां मध्यप्रदेश के सिवनी, इंदौर, सागर, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र व भीलवाड़ा में ही स्थापित हैं।

इस अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज के कार्याध्यक्ष प्रकाश जैन बज ने कहा कि मुनि श्री के सानिध्य में कोटा के जैन मंदिर में स्फटिक मणि की स्थापना होने से कोटा के जैन समाज का गौरव बढ़ा है। इससे समाज में खुशी की लहर है। पत्रकार वार्ता के दौरान करनी झाला, शुभम पाटनी, महामंत्री पारस बज आदित्य,चिंटू पाटनी,जम्बु बज,चंद्रेश रंवका,सुधी बड़जात्या,राकेश पाटोदी,पारस जी सौगानी ,अंकित जैन समेत अन्य समाजबंधु मौजूद रहे।

विधिक सेवा प्राधिकरण के स्थापना दिवस पर हुए कार्यक्रम

# जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सरिता मीना ने

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बून्दी द्वारा शिक्षा विभाग के समन्वय से विधिक सेवा दिवस 2024 के अवसर पर शनिवार दिनांक 09 नवंबर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चौगानगेट, बून्दी से स्कूली छात्रा-छात्राओं की विधिक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विधिक जागरूकता रैली को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बून्दी श्रीमती सरिता मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी बून्दी राजेन्द्र कुमार व्यास, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी बून्दी ओमप्रकाश गोस्वामी द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बून्दी से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। विधिक जागरूकता रैली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चौगान गेट बून्दी बून्दी से प्रारंभ होकर अहिंसा सर्किल, के.एन. सिंह सर्किल होते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चौगान गेट बून्दी पर समाप्त हुई। इस जागरूकता रैली के माध्यम से स्कूली छात्रा-छात्राओं एवं आमजन को विधिक अधिकार, लोक अदालत के लाभ, बाल विवाह रोकथाम एवं नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालयों के प्राचार्य, अध्यापकगण एवं लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अधिवक्तागण उपस्थित रहे। किसी संदर्भ में बूंदी नैनवा रोड पर स्थित आसरा'' वृद्धाश्रम एवं वात्सल्यधाम, सुदामा सेवा संस्थान बून्दी में वृद्धजनों एवं आमजन की स्वास्थ्य सम्बन्धी जाँच हेतु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा जांच शिविर में चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा वृद्धजनों एवं आमजन की स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सा जांच के उपरान्त कम सुनने वाले वृद्धजनों को श्रवण यंत्र एवं चलने में असमर्थ वृद्धजनों को बैसाखी का वितरण सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बून्दी श्रीमती सरिता मीणा व संरक्षक सुदामा सेवा संस्थान बून्दी हरिमोहन शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग शाखा प्रभारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग बून्दी विनोद नागर एवं लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# बोली-बोली में आंतरों एक हीरो तो एक कांकरो : राकेश मुनि जी महाराज

## श्री जैन दिवाकर पावन तीर्थ एवं शोध संस्थान समिति की ओर से चातुर्मास का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** श्री जैन दिवाकर पावन तीर्थ एवं शोध संस्थान समिति की और से बल्लभ बाडी स्थित श्री जैन दिवाकर दरबार में चातुर्मास 2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें उप प्रवर्तक श्री राकेश मुनि जी महाराज साहब अपने प्रवचन से सभी को कृतार्थ कर रहे हैं। शनिवार को महाराज सहाब ने भाषा पर अपने प्रवचन दिए और कहा कि हमारी भाषा सभ्य, सदाचारी, सरल, सुरीली और सर्व हितैषी होगी तो पुण्य का उदय होगा। उन्होंने कहा कि जिसे तीर्थंकरों ने निषेध किया ऐसी भाषा बुद्धिजीवियों को नहीं बोलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिससे अनेक प्राणियों की हिंसा हो भाव, चिंतन बिगड़े द्वेश की उत्पत्ति हो, विचारों में मतभेद हो, धर्म की हानि हो, अधर्म की विजय हो, धर्म की पराजय मिले, ऐसी भाषा का उपयोग हमें नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी भाषा नहीं बोलनी चाहिए कि जिससे हमारा और सभी का नुकसान हो, ऐसी भाषा का उच्चारण नहीं करना चाहिए जिस भाषा को झूठ के रूप में कहा जाए, जिसका पूरा तथ्य जानते नहीं हो, पूरा सत्य नहीं जानते हो, ऐसी भाषा भी नहीं बोलनी चाहिए। महाराज सहाब ने प्रवचन में कहा कि बोली बोली में अंतर होता है, बोली-बोली में अतरों एक हीरों तो एक कंकरों। उन्होंने श्रावकों को सत्य, सहज सरल मधुर भाषा बोलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें झूठ नहीं बोलना चाहिए ऐसी भाषा भी नहीं बोलनी चाहिए जिससे झूठ का आवरण हमारे में हो जाए। भाषा को बहुत ही सोच समझ कर चिंतन कर बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी का स्वार्थ सिद्ध नहीं हो रहा है तो उसके मन में संघ का भला



नहीं हो सकता। जो सहभागी बनते हैं वह भी पाप के अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि एक गुणधारी और एक नामधारी होते हैं जिसमें गुण धारी के गुण से वह श्री जैन दिवाकर बनता है। गुरुदेव के चरणों में यदि श्रद्धा से शीश झुकाया जाए तो उसका भला हो जाता है। महाराज साहब ने कहा कि सच्ची श्रद्धा सच्ची आस्था समर्पण भावों में उदारता नम्रता जिसमें होती है वह पुण्य का उदय करता ही करता है और जब पुण्य का उदय होता है तो जो कार्य नहीं होना होता है वह भी हो जाता है। सुदर्शना जी एवं साध्वी श्याम जी ने कहा कि हमें मददगार स्वभाव लेकर चलना चाहिए, मेहमान घर में आए तो वह बड़े पुण्यवादी होते हैं। उनकी सेवा करनी चाहिए और उनका मान सम्मान ही प्रभु की सेवा के बराबर होता है। इस अवसर पर श्रावक धर्म लाभ प्राप्त कर धर्म के मार्ग पर चलने का प्रयास कर रहे हैं।

# रामगंज मंडी में मेघवाल महासभा रचने जा रही है इतिहास आज होगा, भव्य आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**रामगंज मंडी ( महेश कुमार )।** रामगंज मंडी में इन दोनों मेघवाल महासभा की जमकर चर्चाएं हो रही है। हर दिन मेघवाल समाज के लोग मेघवाल महासभा से जुड़ रहे हैं और समाज के लिए कार्य करने का संकल्प ले रहे हैं जानकारी के अनुसार मेघवाल महासभा के तत्वाधान में मेघवाल समाज की ओर से रामगंज मंडी शहर के सुकेत रोड स्थित सामुदायिक भवन में दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं अतिथि सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसकी तैयारियां जोरों शोरों पर चल रही है आयोजक कर्ताओं ने सभी समाज बंधुओ को कार्यक्रम में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है आज बड़ी संख्या में मेघवाल समाज के लोग कार्यक्रम में पहुंचेंगे और कार्यक्रम को सफल बनाएंगे । राजस्थान प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश कुमार मेघवाल (बुरनखेड़ी) ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम रामगंज मंडी और मेघवाल समाज के लिए वरदान साबित होगा और मेघवाल महासभा रामगंज मंडी में इतिहास रचने जा रही है । प्रदेश महामंत्री बाबूलाल मेघवाल, प्रदेश सचिव दिनेश मेघवाल कोला वाले, उदयपुर संभाग अध्यक्ष प्रहलाद मेघवाल और कोटा संभाग अध्यक्ष सांवरलाल मेघवाल की सहमति से चित्तौड़ जिला अध्यक्ष राधा किशन मेघवाल एवं कोटा जिला अध्यक्ष अशोक मेघवाल ने चित्तौड़ जिला सचिव नरेश मेघवाल अलसखेड़ा, मनडेसरा पंचायत अध्यक्ष रामलाल मेघवाल मनडेसरा, मनडेसरा पंचायत उपाध्यक्ष धनराज मेघवाल रतनपुरा, लुहारिया पंचायत अध्यक्ष मांगीलाल मेघवाल, लुहारिया पंचायत उपाध्यक्ष देवीलाल मेघवाल शामिल होंगे।

# मां गायत्री विद्यापीठ चौमहला में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के मां गायत्री विद्यापीठ चौमहला में आयोजित हुआ सम्मान समारोह।विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर श्रोत्रिय ने बताया की निजी विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय तीन दिवसीय प्रतियोगिता में मां गायत्री विद्यापीठ विद्यालय चौमहला के भैया बहिनों के शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय में जुलूस निकालकर सम्मान समारोह आयोजित हुआ द्य तीन दिनों से जारी डग ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शुरुआत से ही मां गायत्री विद्या पीठ के भैय्या बहिन द्वारा अपना शानदार प्रदर्शन किया इस क्रम में कक्षा 8 वर्ग की 100 मीटर छात्रा दौड़ में कक्षा 5 की बहिन राजश्री कुँवर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया , कबड्डी में विद्यालय के भैय्या द्वारा अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया द्य लंबी कूद में विद्यालय के भैया जसवंत सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सेक रेस में भैया दीपक द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं खो खो छात्रा वर्ग में बहिनों एवं क्रिकेट छात्र वर्ग में में विद्यालय के भैयाओ द्वारा सेमी फाइनल तक का सफर किया द्य सभी भैया बहिनों का विद्यालय की और से सम्मान समारोह आयोजित किया गया द्य इस अवसर पर विद्यालय के संचालक वैद्य कृष्णचंद्र पाटीदार, संदीप श्रोत्रिय, हेमंत सिंह, अंजली सोलंकी प्रतियोगिताओं के कोच रामकल्याण बैरवा, बलवीर मेहर, हिमांशु व्यास, जीतेंद्र सिंह गुलाब विश्वकर्मा एवं विद्यालय आचार्य आरती सारस्वत,रिया भावसार ,दीपिका शर्मा,कविता कुमारी,सीमा मोदी,भावना पोरवाल,निशा मेहर,दिव्या मकवाना ,गूंजा कुमारी,राहुल ढोली,सूरत सिंह,कुलदीप प्रजापति,मीना निगम,साक्षी सिंह,पुजा,किशोर शर्मा, शंकर लाल शर्मा समस्त स्टाफ़गण उपस्थित रहे ।

# विश्व हिंदू परिषद के गौरक्षा विभाग द्वारा गोपाष्टमी कार्यक्रम आयोजित किया



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** विश्व हिंदू परिषद के गौरक्षा विभाग द्वारा शनिवार को गोपाष्टमी कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व हिंदू परिषद के महानगर प्रचार प्रमुख पवन पारीक ने बताया कि आज विश्व हिंदू परिषद गौरक्षा विभाग द्वारा किशोरपुरा गौशाला में गायों को चारा व गुड़ खिलाकर गोपाष्ठमी कार्यक्रम मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोदावरी धाम के संचालक बाबा शैलेंद्र भार्गव ने गौमाता के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया उन्होंने कहा कि आज गाय माता की जो दुर्दशा हो रही है वह किसी और की वजह से नहीं बल्कि हमारी वजह से हो रही है क्योंकि हमारे घरों में सुबह की गाय की रोटी निकलना बंद हो गयी इसलिए सभी हिंदू परिवारो को अपने घरों में पहली रोटी गाय की निकालनी ही चाहिए गाय को हम माता मानते हैं और आज देखने में आता है कि गाय माता की क्या दुर्दशा हो रही है यह हम सभी के लिए विचारणीय विषय है ।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रांत गौरक्षा प्रमुख राम चरण लोधा ने कहा कि आज हमारे देश में गाय माता की हालत बहुत दयनीय है विधर्मी गोवंश को ट्रकों में भरकर काटने के लिए ले जाते है इस पर रोक लगाने की जिम्मेदारी भी विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं की है इसलिए हम सब कार्यकर्ता गौमाता के प्रति संवेदनशील रहे गौमाता का उत्थान ही हिंदू धर्म का उत्थान है लोधा ने कहा कि गाय माता को काटने की वहीं सजा होनी चाहिए जो सजा इंसान की हत्या पर होती है । गौरक्षा प्रांत टोली सदस्य नरेश तलाईचा, विभाग मंत्री रौनक आनंद , जिला मंत्री सतीश स्वामी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया । महानगर गौ रक्षा महिला प्रमुख सोना गोस्वामी ने सभी का आभार व्यक्त किया संचालन शिव गौतम ने किया इससे पूर्व सभी महिलाओं सहित कार्यकर्ताओं ने बाबा शैलेंद्र भार्गव के नेतृत्व में गायों को चारा खिलाया व 100 किलो गुड़ खिलाया महिलाओं ने गायों की पूजा की । कार्यक्रम में महिला प्रमुख सोना गोस्वामी , रश्मि शर्मा , ज्योति शर्मा , किरण गौतम , दीपमाला कंवर , मंजू रानी , प्रखंड अध्यक्ष दीपक शर्मा , शिव गौतम , महानगर गौरक्षा प्रमुख जितेंद्र सुमन , सह गौरक्षा प्रमुख लोकेंद्र सिंह हाडा , गौसेवक वीरेंद्र भानावत , गजेंद्र शर्मा , सुरेश महरानियां , अनिल झांझोट , विपिन भास्कर , विजय सरीन , राजकुमार महेश्वरी , रामहेत , प्रांत विधि संयोजक नवीन शर्मा व महानगर सहमंत्री आशीष शर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# चंबल किनारे पेड़ पर लटका मिला युवक का शव : बेटी से बोलकर निकला था खाना बना कर रखना; जांच में जुटी पुलिस

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर के नयापुरा थाना क्षेत्र में चंबल किनारे एक पेड़ पर युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को नीचे उतारकर एमबीएस हॉस्पिटल लाए। ड्यूटी डॉक्टर ने चेक कर उसे मृत घोषित किया। घटना शुक्रवार दोपहर साढ़े 3 बजे के आसपास की है। मृतक श्याम बिहारी (42) किशनगंज, थाना बूढ़ादित हाल गांवड़ी दुर्गा माता मंदिर नयापुरा इलाके में रहता था। आज परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। फिलहाल मौत के स्पष्ट कारण सामने नहीं आए।

**पेड़ से लटका मिला :** छोटे भाई नरेंद्र ने बताया कि श्याम बिहारी 7-8 साल से कोटा में किराए से रहता था। मंडी में मजदूरी करता था। उसकी 14 साल की बेटी साथ में रहती है। पत्नी की काफी समय पहले मौत हो चुकी। भतीजी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर 1 बजे करीब श्याम बिहारी घर से निकला था। उसने बेटी से खाना बनाने की कहा था। दोपहर 3 बजे करीब भतीजी ने फोन करके श्यामबिहारी का शव पेड़ पर लटके होने की जानकारी दी।जिसके बाद परिवार सहित गांव से कोटा आए। तब तक शव को एमबीएस हॉस्पिटल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया जा चुका था। नयापुरा थाना हेड कॉन्स्टेबल भरत ने बताया कि युवक का शव चंबल किनारे पेड़ पर लटका हुआ मिला था। प्रारम्भिक तौर पर सुसाइड की जानकारी सामने आई है।

माधोपुर रोड़ पर सड़क किनारे भूमियों का बेचान

# एस सी-एस टी वर्ग की कृषि भूमियों पर बिना भूमि रुपान्तर कटी रही है कॉलोनिया

बढ़ता राजस्थान






**झालावाड़ ( सुरेश मोमिया )।** आने वाले दिनों झालरापाटन के माधोपुर चोराहे से उज्जैन मार्ग फ़ोर लेन के लिए प्रस्तावित बताया जाता है संभवतया भगवान मेहंदी पुर बालाजी से उज्जैन मार्ग मेघा हाइवे या फोन लेन भी इसी मार्ग जूडना तय है जानकार बताते हैं कि रोड़ के मध्य से एक ओर एक सौ बत्तीस फीट जगह छोड़ना आवश्यक है। लेकिन भूमाफियाओं द्वारा मात्र फीट छोड़कर कालोनियों विकसित की जा रही है जो नियम विरुद्ध भी है तथा भूखण्ड ख़रीद दारो के साथ धोखा भी है साथ क़रीब क़रीब सभी भूमि एस सी एस सी वर्ग की है तथा कृषी भूमि है जिनका भूमि रुपान्तर भी नहीं हुआ है। लेकिन माफियाओं द्वारा नियम कानून से बचने के लिए दलित वर्ग से सड़क किनारे की बेशकीमती भूमि स्टाम्प पेपर पर खरीद कर दलित वर्ग के लोगों से ही बिक्री करवाई जा रही है। सुत्रो से जानकारी प्राप्त हुई है की रोड के मध्य से पचास फीट भूमि छोड़कर बिक्री की जा रही है, तथा इसी मार्ग लोगों ने मिली भगत कर अतिक्रमण करवा कर निर्माण हो गये है।आने वाले दिनों फोर लेन मध्यप्रदेश की सीमा तक निर्माण होता है तो प्रशासन की अनदेखी के कारण सरकार को मुआवजा के रुप में लाखों रुपए की हानि वहन करनी पड़ेगी।

सार्वजनिक निर्माण विभाग व राजस्व विभाग ने समय रहते उचित क़दम नहीं उठाए तो भूखण्डो के खरीद दारो बड़ा नूकसान होने का खतरा है।

**इनका कहना है-**

इस बाबत तहसीलदार साहब को रिपोर्ट कर रखी है निर्णय करना उनके अधिकार क्षेत्र में है रोड कौनसा बनेगा यह अभी तय नहीं है।

**कुन्ती यादव**
**पटवारी गिरिधर पुराहल्का**

दिखवाता हूं नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी।

**नरेंद्र मीणा**
**तहसीलदार, झालरापाटन**

# खुले में किया शौच तो होगा जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**छोटीसादड़ी ( नि.स. )।** स्वच्छ भारत मिशन 2.0 शहरी के अन्तर्गत भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड एक से 25 को खुले में शोच से मुक्त करने की कार्यवाही पूर्ण कर नगरपालिका छोटीसादडी द्वारा ओडीएफ सर्टिफिकेट प्राप्त कर लिया गया है। इस कारण पुन: प्रत्येक वार्ड के वार्ड पार्षदगण, विद्यालय, आवासीय कल्याण संघ/ आवासीय समिति, विभिन्न कार्य श्रेणियों के प्रतिनिधि से स्वंय घोषित घोषणा पत्र प्राप्त कर लिये गये है। नगरपालिका द्वारा नगरपालिका छोटीसादडी क्षेत्र को ओडीएफ प्लस घोषित किया जाना है। यदि कोई व्यक्ति खुले में शौच/मुत्र करता पाया गया तो उससे नगरपालिका अधिनियम व नियमों के अनुसार जुर्माना वसूला जावेगा। नगरपालिका प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। किसी व्यक्ति को संबंधित विषय में आपत्ति हो तो यह सूचना जारी होने के 07 दिवस के भीतर कार्यालय समय में अपनी आपत्ति अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल नगरपालिका छोटीसादडी को प्रस्तुत करे।

# राजस्थान रोडवेज की बसे निजी होटलों पर रुकने से बेवजह देर रात तक परेशान होते हैं यात्री

## संध्याकालीन में चलने वाली कुछ बसों के चालक परिचालक को निजी होटल में मिलने वाले फ्री भोजन के फेरे में बस में सवार यात्री होते हैं परेशान





बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** आपको बता दें कि देवली शहर के जयपुर रोड पर संचालित कुछ निजी होटलों पर रोड़वेज बसों के रुकने से यात्री देर रात तक परेशान होते रहते हैं। लेकिन चालक और संचालक को बस में सवार मासूम बच्चे महिला यात्रियों और बुजुर्ग यात्रियों की परेशानियां दिखाई नहीं देती है इसका मुख्य कारण है कि इन निजी होटल पर रोडवेज की बस चालक और परिचालकों को खेरात के रूप में फ्री खाना उपलब्ध कराया जाता है । यहां बस चालक और परिचालक को फ्री खाना मिलने लालच बस में सवार यात्रियों पर भारी पड़ रहा है। जहां यात्रियों को अपने घर पहुंचने के लिए जल्दी रहती है ।वही यहां निजी होटल पर रुकने वाली बसें लगभग 1 घंटे का और लंबा इंतजार करवाती डालती है । यहां देखने वाली बात तो यह है कि सफर समय के बीच समय पर अपने-अपने घर पहुंचने का इंतजार और करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार यहां प्रतिदिन राजस्थान रोडवेज के कुछ चालक और परिचालक शहर के जयपुर रोड स्थित निजी होटलों से मिलने वाली खैरात के फेरे आकर निशुल्क जायकेदार भोजन के लालच में प्रतिदिन सैकड़ो बस यात्रियों को परेशानी में डाल रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि निजी होटल पर रुकने वाली राजस्थान रोडवेज की बसों के चालक परिचालक रोडवेज अधिनियम की नीति के विरुद्ध जाकर देवली शहर में सुविधायुक्त केंद्रीय बस स्टैंड बस स्टैंड में नहीं रुक रहे हैं और निजी होटल पर रोड़वेज की बसें रोक दी जाती है। यात्रियों द्वारा जब शहर और बस स्टैंड नजदीक होने का हवाला देखकर चालक और परिचालक की इस मनमानी का बस में सवार यात्री विरोध करते है तो। वह यह कहने से नहीं चूकते कि उन्हें निजी होटल में निशुल्क खाना मिलता है । और इसीलिए वह यहां रुकते हैं। यहां बस यात्रियों की माने तो सारा माजरा यह सामने आया कि राजस्थान रोडवेज के कुछ चालक परिचालक देर रात को निजी होटल को फायदा पहुंचाने के लिए चाय- नाश्ता यही मिलेगा यही कहकर यात्रियों की जेब ढीली करवाते हैं । जबकि देवली शहर में सभी सुविधाओं से युक्त केंद्रीय बस स्टैंड पूरी रात खुला रहता है। यहां देखने वाली बात तो यह है कि जयपुर जैसे शहर की तर्ज पर देवली बस स्टैंड में चाय नाश्ता खाना एवं गेस्ट हाउस होटल और आधुनिक निशुल्क सुलभ कंपलेक्स पलब्ध है । ऐसे हालातो की सूचना पर जब मीडिया ने देवली बस स्टैंड से मात्र 3 किलोमीटर दूरी पर पहुंच कर देखा तो गोविंदा सैनी होटल पर राजस्थान रोडवेज की तीन बसें ( राज 26 श्नड्ड 1603)( राज 09 का 6909)( राज 20 ब 2470 ) रुकी हुई थी। इनमें सवार सभी वर्ग के यात्री परेशान होते दिखाई दिए । यहां उक्त हालातो को मीडिया ने कमरे में कैद कर लिया और बस के परिचालक मुरारी ने मीडिया को देख जवाब में कहा कि राजस्थान रोडवेज के चालक परिचालकों को गोविंद सैनी होटल पर निशुल्क भोजन दिया जाता है। इसलिए हम बसें यहां रोकते हैं।

उल्लेखनीय की संध्याकाल में चलने वाली राजस्थान रोडवेज की कुछ बसे रात्रि 8.00 बजे बाद से ही देर रात तक निजी होटल पर बिना परमिशन और नियम विरुद्ध जाकर रुक जाती है। आपको यह भी बता दें कि जिन निजी होटल स्थान पर राजस्थान रोडवेज की बसें रूकती है वहां,लोगों की चहल-पहल कम होती है। और घोर अंधेरा छाया रहता है एवं सुनसान क्षेत्र संचालित इन निजी होटल रोडवेज की बसें रोक दिया जाता है। ऐसे में यात्रियों को काफी समय होटल पर गुजारना पड़ता है। ऐसे में निजी होटल पर रुकने वाली राजस्थान रोडवेज की मनमानी का खामियाजा आर्थिक तौर पर यात्रियों को भुगतना पड़ता है।

### क्या कहते हैं परिचालक

हमें रोडवेज के सीएम ने यहां रुकने के लिए कहा हुआ है आप चाहे तो बात कर ले और गोविंद सैनी होटल पर हमें फ्री में खाना मिलता है देवली बस स्टैंड पर खाने के लिए पैसा देना पड़ता है ।

**मुरारी लाल, परिचालक**
**बस संख्या राज 26 पीए 1603**

### क्या कहते हैं रोडवेज अधिकारी

राजस्थान रोडवेज की बसों को देवली शहर के बस स्टैंड से 8 किलोमीटर दूर लोनी होटल में रुकने के लिए आदेश और परमिशन लेटर दिए हुए हैं । ऐसे में शुक्रवार को लोनी होटल बंद होने के कारण रोडवेज की बसे गोविंद सैनी होटल पर रुक रही है। इन्हें भी भूख लगती है।

**9571 850 354**
**मोबाइल नंबर**
**सी एम**
**रोडवेज अधिकारी**

# राजस्थान बॉक्सिंग एसोसिएशन की मनमानी भरतपुर सीनियर बॉक्सिंग टीम को खेलने से रोका

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( नि.स. )।** कोटा में आयोजित की जा रही 40 बी राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो 8 से 10 नवंबर तक आयोजित की जा रही है उसमें भरतपुर सीनियर बॉक्सिंग पुरुष टीम को खेलने से मना कर दिया गया द्य गुरुवार को शाम को राजस्थान बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव नरेंद्र कुमार निर्माण ने भरतपुर बॉक्सिंग टीम को खेलने से मना कर दिया द्य माननीय न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश संख्या 02 भरतपुर सीताराम मीणा के आदेश दिनांक 4 सितंबर 2024 की अनुपालना में भरतपुर जिला बॉक्सिंग टीम 7 नवंबर 2024 को कोटा पहुंची जिसमें राजस्थान बॉक्सिंग संघ सचिव नरेंद्र कुमार निर्माण द्वारा भरतपुर जिले की तीन सदस्य पुरुष बॉक्सिंग टीम को खेलने से मना कर दिया द्य राजस्थान बॉक्सिंग संघ सचिव नरेंद्र कुमार निर्माण एवं अध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी ने भरतपुर बॉक्सिंग टीम को लिखित में जवाब मांगने पर बॉक्सरों एवं टीम कोच मैनेजर को धमकी दी गई तथा लिखित में कोई जवाब नहीं दिया गया एक प्रकार से खिलाड़ियों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है! दूसरी ओर जिला कोर्ट के आदेश की राजस्थान बॉक्सिंग सचिव नरेंद्र कुमार निर्माण एवं अध्यक्ष धीरज चौधरी द्वारा जिला कोर्ट के आदेश की छाया प्रति दिखाने पर कोर्ट के आदेश का अपमान किया गया कहा गया हम कोर्ट को नहीं मानते द्य भरतपुर बॉक्सिंग टीम कोच मैनेजर 500 एवं तीनों बॉक्सरों 350 का राजस्थान बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन माध्यम से होने के बावजूद भी खेलने से मना कर दिया गया द्य जिसकी भरतपुर बॉक्सिंग टीम द्वारा शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी महोदय को खिलाड़ियों को न्याय दिलवाने एवं राजस्थान बॉक्सिंग संघ के सचिव एवं प्रेसिडेंट पर ठोस से ठोस कार्रवाई करवाने की मांग की गई जिससे भविष्य में खिलाड़ियों के साथ धोखेबाजी मनमानी एवं तानाशाही को रोका जाए जिससे खिलाड़ी आगे बढ़ सके ।

# देवली में हैहय क्षत्रिय कलाल समाज संस्थान ने राजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी ) ।** शुक्रवार को यहां हैहय क्षत्रिय कलाल समाज संस्थान देवली की ओर से, श्री राजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती के उपलक्ष पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के संयोजक संपत सुवालका ने जानकारी में बताया कि यह आयोजन समाज मैं फैल रही कुरीतियों को समाप्त करने और प्रतिभाओं का सम्मान करने के लिए रखा गया । कलाल समाज के अध्यक्ष रतनलाल सुवालका ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संस्थान के संयोजक अजय मेवाड़ा ने जानकारी में बताया कि इस, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यनारायण मेवाड़ा अध्यक्ष सर्ववर्गी एक कलाल समाज के अध्यक्ष पुष्कर धर्मशाला रहे । विशिष्ट अतिथि रामेश्वर प्रसाद, श्रीमती माया सुवालका रही। इस कार्यक्रम में समाज के, गणमान्यों ने अतिथि के रूप में शिरकत की इस मौके पर समाज के द्वारा सभी का सम्मान किया गया। अर्जुन जयंती का यह कार्यक्रम शहर के निजी होटल में आयोजित हुआ । इस अवसर पर डॉ रतनलाल सुवालका ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन के साथ सामाजिक उत्थान एवं कलाल समाज संगठन को मजबूत करने की अपील की। तो वही समारोह के सफल आयोजन के लिए भामाशाह द्वारा प्रदत सहयोग करने की अपील की गई। जयंती कार्यक्रम में पहुंचे दर्जनों भामाशाहों ने वरिष्ठ नागरिकों का भी सम्मान किया । अतिथियों द्वारा संबोधन में रामेश्वर प्रसाद सुवालका ने समाज में प्रचलित, कुरीतियों के प्रभावी निदान पर जोर दिया । कार्यक्रम के समापन पर समाज के अध्यक्ष रतनलाल सुवालका एडवोकेट बंसी कलवार प्रदीप सुवालका ऊंचा ने कार्यक्रम को सफल बनाने एवं कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर महिला संगठन की घोषणा भी की गई समाज में महिला सशक्तिकरण का महत्व बताया और कलाल समाज में महिला अध्यक्ष का चुनाव करते हुए श्रीमती पार्वती देवी मेवाड़ा को सर्व सहमति से अध्यक्ष घोषित किया । अतिथियों द्वारा नवगठित कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करवाई गई। एवं समाज की शिक्षा क्षेत्र सरकारी सेवा में नियुक्तियां सेवा नियुक्त वरिष्ठ जनों को भी , सम्मानित चिन्ह भेंट किए गए ।

अंत में मुख्य अतिथि , सत्यनारायण मेवाड़ा ने अपने समाज में हर व्यक्ति को क्षमता अनुसार समय-समय पर सामाजिक सहयोग करने करते रहने और अपने सामाजिक सामूहिक ढांचा का विकास करने की बात कही और आयोजन करने की प्रशंसा करते हुए अंत में सभी को धन्यवाद व्यापित किया। मंच का संचालन , प्रधानाध्यापक कैलाश चंद्र सुवालका और ऐश्वर्या सुवालका द्वारा बखूबी निभाया गया।

# कमरे में सोने जाते समय युवक को खाया सर्प ने, तुरंत मिला उपचार तो बची जान

## जिला अस्पताल के पीएमओ की सलाह वायगीर या भोपा की जगह पहुंचे अस्पताल

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के जिला अस्पताल में सर्पदंश के शिकार एक युवक को भर्ती कराया गया है। अस्पताल के पीएमओ के निर्देशन में दिए गए उपचार के बाद अब युवक की हालत खतरे से बाहर है। पूरा मामला सरमथुरा उपखंड के बरौली गांव का है। जहां कमरे में सोते जाते समय पलंग के नीचे बैठे सर्प ने युवक को डस लिया। घटना के बाद युवक को घर के लोग और आसपास के लोग बायगीर के पास ले जाने लगे लेकिन उंस वक्त युवक होश में था और उसने तुरंत परिजनों को अस्पताल चलने की बोला। इसके बाद परिजन उसे बाड़ी जिला अस्पताल लेकर आये। जहां उसे तुरंत उपचार दिया गया। जिसके बाद अब उसे कोई खतरा नहीं है।

बरौली निवासी सर्पदंश का शिकार हुए युवक सियाराम मीणा पुत्र रामरतन मीणा ने बताया कि वह डिस्कॉम बरौली में जीएसएस पर प्राइवेट नौकरी करता है। बरौली स्थित अपने घर पर जब वह सोने जा रहा था तो कमरे में पलंग के नीचे सांप बैठा था। जो उस दिखाई नहीं दिया। सांप पर पैर पड़ते ही उसने डस लिया। इसके बाद उसने तुरंत अपने परिजनों को पूरी घटना बताते हुए सीधे अस्पताल ले जाने की बोला। अब उसे खतरा नहीं है लेकिन एक पैर में काफी जहर फैल गया है। जिसे उपचार से ठीक किया जा रहा है। बाड़ी अस्पताल के पीएमओ डॉ हरिकिशन ने बताया कि सर्प दंश में कभी भी किसी बायगीर या देवता के थान पर जाने की बजाय मरीज को लेकर सीधे नजदीकी अस्पताल पहुंचना ही सबसे बेहतर है। जल्द से जल्द उपचार मिलने पर मरीज की जान को खतरा उतना ही कम रहता है। यदि सर्प दंश में लेट अस्पताल पहुंचे तो उपचार में परेशानी आती है। कई बार तो चाहकर भी चिकित्सक मरीज को नहीं बचा पाते क्योंकि तब तक जहर पूरी बॉडी में फैल जाता है।

# दो तस्कर गिरफ्तार 35 पशु कराए मुक्त ट्रक में भरकर ले जा रहे थे उत्तर प्रदेश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर की सदर थाना पुलिस ने पशुओं से भरे एक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक से पुलिस ने 35 पशु मुक्त कराए हैं। जिन्हें उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मौके से 2 पशु तस्कर को भी गिरफ्तार किया है।

सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि मध्य प्रदेश से आगरा की ओर पशु तस्करी किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर थाने के हेड कॉन्स्टेबल उमेश और गोपाल के साथ पुलिस की टीम ने आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर सदर थाना चौराहे पर नाकाबंदी कर दी। इसी दौरान पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताए गए एक ट्रक को रोक कर चेक किया, तो उसमें 35 पशु ठूंस-ठूंस कर भरे हुए मिले। पुलिस ने ट्रक में मौजूद दो आरोपी राजू (49) पुत्र साधु निवासी खेरागढ़ रोड, कागारोल जिला आगरा और अयान (20) पुत्र वकील निवासी मोहल्ला घेर, कागारोल जिला आगरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी ट्रक में पशु भरकर उत्तर प्रदेश ले जा रहे थे।

# हवाई फायरिंग और मारपीट के मामले में 9 लोग गिरफ्तार : ट्रैक्टर दौड़ाने पर हुआ था झगड़ा

## दोनों पक्षों ने दर्ज कराया था हत्या के प्रयास का मामला



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र के परसोंदा गांव में आपसी विवाद को लेकर कुछ दिनों पहले दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। दोनों पक्षों की ओर से हवाई फायरिंग और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास में दोनों पक्षों के नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। मनियां थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि 5 नवंबर को परसोंदा गांव में तेज गति से ट्रैक्टर चलाने को लेकर गांव के ही गब्बर सिंह और दाताराम पक्ष के बीच जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों ने मारपीट के साथ हवाई फायरिंग करते हुए हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया था। मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हुए थे। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि मारपीट की घटना में शामिल दोनों पक्षों के नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी लोगों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने सभी आरोपियों को 11 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर भेजा है। मारपीट और हत्या के प्रयास की घटना में शामिल सभी आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

**इनकी हुई गिरफ्तारी :** दोनों पक्षों की ओर से हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले में पुलिस ने कल्याण सिंह (70) पुत्र खूबचंद, पीतम सिंह (68) पुत्र खूबचंद, धर्मेंद्र (28) पुत्र लाखन सिंह, गब्बर सिंह (33) पुत्र लाखन सिंह, लवकुश (27) पुत्र दाताराम, दाताराम (70) पुत्र जरमन सिंह, ओम प्रकाश (58) पुत्र जगन्नाथ और रमेश (60) पुत्र जरमन सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को 11 नवंबर तक रिमांड पर लिया है।

# सड़क हादसे में हुई मार्बल मजदूर की मौत दीपावली के त्यौहार पर आया था घर

## सरमथुरा रोड़ पर गड़रपुरा गांव के पास शुक्रवार की रात हुई घटना

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड से गुजर रहे हाईवे 11बी पर सरमथुरा रोड के गडरपुरा गांव के पास शुक्रवार की रात सड़क हादसा हुआ है। एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारी है। जिसमें उसकी उपचार से पूर्व भी मौत हो गई है। घटना की सूचना पर ग्रामीण और परिजन अस्पताल पहुंचे जहां पुलिस ने मृतक के शव को अस्पताल की मोर्चरी रखवाया। शनिवार सुबह मृतक के परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना को लेकर पुलिस आरोपी ट्रैक्टर चालक और ट्रैक्टर की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार कंचनपुर थाना क्षेत्र के मूसलपुर गांव निवासी 28 वर्षीय मार्बल मिस्त्री रामनाथ पुत्र लखपत कुशवाह दीपावली के त्योहार पर अहमदाबाद सूरत से अपने घर आया था और एक दो दिन में वापस जा रहा था। ऐसे में अपने किसी रिश्तेदारी में मिलने शुक्रवार को करीब चार बजे सरमथुरा गया था। जहां से रात करीब 8 बजे वापस लौट रहा था। इस दौरान जैसे ही वह गडरपुरा के पास पहुंचा। सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भयानक हुई की मोटरसाइकिल घटना स्थल से दूर जाकर गिरी। घायल रामनाथ सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने जब दुर्घटना की आवाज सुनी तो मौके पर पहुंचे और तुरंत हाईवे की एंबुलेंस 1033 को सूचना दी। घायल रामनाथ पुत्र लखपत कुशवाहा को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसका चेकअप का मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर आगई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। इसके बाद अस्पताल में मृतक के शव को मोर्चरी रखवाया गया। जहां शनिवार को सुबह परिजनों की मौजूदगी में पुलिस द्वारा पंचनामे के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### अपने पीछे छूट गया दो वर्षीय मासूम को

मृतक के भाई ने बताया की रामनाथ की 6 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसके एक दो वर्षीय मासूम बालक है। पत्नी और बच्चे सहित पूरे परिवार को रोता बिलखता छोड़ गया है। घटना की बाद गांव मूसलपुर में शोक छाया है। आगई थाना पुलिस आरोपित ट्रैक्टर और चालक की तलाश कर रही है।

## जलदाय विभाग द्वारा सरकार के आदेश को किया जा रहा अनदेखा

### ग्रामीण क्षेत्रो में नल के बिल सरकार द्वारा माफ किये हुवे है, बावजूद इसके दिए जा रहे नल बिल




आबिद हुसैन

**चौमहला( बढ़ता राजस्थान )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में जलदाय विभाग द्वारा कस्बे में नल के बिल देकर शीघ्र जमा करने के निर्देश दिए गए है। बिल जमा नही करवाने पर नल कनेक्शन काटने की चेतावनी दी जारही है जिसको लेकर नागरिको में भारी गुस्सा व आक्रोश है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में नल के बिल निशुल्क कर रखे है।बावजूद इसके विभाग द्वारा नागरिको को लगातार बिल दिए जा रहे है।जिनको शीघ्र जमा करवाने के निर्देश जारी कर चेतावनी दी जा रही है।की बिल जमा नही होने की स्थिति में नल कनेक्शन काट दिए जाएंगे।जबकि पंचायत समिति व तहसील मुख्यालय डग व गंगधार में नल के बिल निशुल्क कर रखे है। फिर चौमहला कस्बे में क्यो वसूले जा रहे है नल के बिल ? इस सम्बंध में क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल को भी अवगत करवा चुके है फिर भी कोई कार्यवाही नही हुई है।इस बारे में कनिष्ठ अभियंता जलदाय विभाग रोहित कुमार ने बताया कि चौमहला की पेयजल योजना शहरी पेयजल योजना के अंतर्गत आती है इसलिए चौमहला में नल के बिल जारी किए जा रहे है।

# आगामी नगर पालिका कपासन चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में अभी से चिंता पसार रही पैर

## उदासीन नेताओं के वार्ड की जन समस्याओं का अन्य जनप्रतिनिधि कर रहे समाधान

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** जनसमस्याओं के समाधान को लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेता के वार्ड क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाओ से बचने हेतु पर्दे के पीछे से भाजपा के जनप्रतिनिधियों द्वारा सेवक रूपी भूमिका का निर्वहन करते हुवे आमजन को राहत प्रदान की जा रही है।जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।यहां नगर पालिका कपासन के वार्ड नं. 6 में स्थित स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना का समाधि स्थल विगत दिनों विकास हेतु उपेक्षा को लेकर चर्चा में आया तथा क्षेत्रीय जनता जनार्दन एवं दैनिक बढ़ता राजस्थान की मुहिम के बाद सोशल मीडिया पर खरी-खोटी उपरांत आनन-फानन में यहां रंगरोगन का कार्य नगर पालिका कपासन में वार्ड नं. 6 पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि व पूर्व पार्षद राजीव सोनी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर पूर्ण कराया गया।

इसी के साथ यहां विगत चार माह पूर्व शुरू हुवे मंशापूर्ण महादेव व्रत से ही व्रतधारी भक्तो को अलसुबह एवं स्थानीय


स्वतंत्रता सेनानी के समाधि स्थल पर 6 से 7 हजार रु. की लागत का विकास कार्य कराने में कपासन के कांग्रेस नेता का कार्यकाल प्रारंभ से अंतिम दौर तक आ गया

वार्ड नं. 6 के वाशिंदों को लंबे समय से आवागमन के मुख्य मार्गो पर विद्युत अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा था।जिस पर स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा ध्यान केंद्रित नहीं करने से समस्या का समाधान नहीं हुआ तथा आमजन एवं शिवभक्तों में रोष बना रहा।

इधर विद्युत अव्यवस्था के मामले में राजनीतिक तड़का तब लगता दिखाई दिया जब नगर के वार्ड नं. 6 में शिवभक्तों एवं वार्डवासियों की समस्या जनता जनार्दन के गलियारों से दबे स्वरों तले भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों के समक्ष पहुंची।जिस पर नपा कपासन में भाजपा समर्थित शीर्ष जनप्रतिनिधि एवं तथाकथित भाजपा समर्थित महिला पार्षद द्वारा स्वयं का निर्वाचन क्षेत्र नहीं होने एवं राजनीतिक चर्चा से परहेज करते हुवे।उक्त जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्युत अव्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु पर्दे के पीछे से जनसेवक की भूमिका का निर्वहन करते हुवे समस्या समाधान हेतु त्वरित प्रयास किया गया।जिसके बाद वार्ड नं. 6 की विद्युत व्यवस्था में तुरंत सुधार देखा गया। जिससे वार्डवासियों एवं शिवभक्तों में स्थानीय जनप्रतिनिधि की उदासीनता एवं



कांग्रेस नेता कपासन में माताओं-बहनों एवं शिवभक्तों की समस्या पर भी कुंभकर्णीय निंद्रा में लीन

भाजपा जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार हर्षपूर्वक चर्चा का विषय बना रहा। बहरहाल नगर पालिका कपासन क्षेत्र में कांग्रेस जनप्रतिनिधियों की उदासीन कार्यशैली जनता जनार्दन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ में आये दिन चर्चा का विषय बनी रहती है।यहां कांग्रेस संगठन के युवा कार्यकर्ताओं में आगामी नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस समर्थित शीर्ष जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का खामियाजा भुगतने की चिंता कांग्रेस कार्यकर्ताओ में पैर पसारती जा रही है।जिसमे कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के निर्वाचन वार्ड की समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं होना तथा विकास इत्यादि मुद्दों पर नगर पालिका पटल पर विपक्ष की नगण्य भूमिका राजनीतिक एवं जनता जनार्दन के गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है।साथ ही कांग्रेस समर्थित उदासीन नेता के वार्ड क्षेत्र की समस्याओं का जनता द्वारा अवगत होने के उपरांत भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा पूर्ण जागरूकतापूर्वक समाधान किए जाने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जन समर्थन घटने की चिंता सताने लगी है।जिसमे विशेषकर कांग्रेस हेतु सदैव सेवारत रहने वाले युवा कार्यकर्ता शामिल है।जो आगामी नगर पालिका चुनाव में अपना भविष्य तलाशने में लगे है।

## क्षेत्रीय विधायक जीनगर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की

# जिला कलक्टर चितौड़गढ़ ने कपासन के बनाकियांकलां ग्राम में लोगों के अभाव-अभियोग सुन आवश्यक दिशा-निर्देश दिये





सुनील कुमार डभाड़ीया

**कपासन/चित्तौड़गढ़ ( बढ़ता राजस्थान )।** जिला कलक्टर चितौड़गढ़ आलोक रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत समिति कपासन की बनाकियाकलां ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया।जिसमे जिला कलक्टर ने आलोक रंजन ने ग्रामीणों को अपने समक्ष बैठाकर उनके अभाव-अभियोग सुने तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु मौके पर अधिकारियों को निर्देशित किया।रात्रि चौपाल में कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की एवं अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिये।साथ ही विधायक जीनगर ने क्षेत्र में बकाया विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफार्मर स्थिति आदि की समीक्षा की तथा ट्रांसफार्मर की डिमांड भिजवाने,लंबित कनेक्शन शीघ्र दिलवाने,बिजली एवं ट्रांसफार्मर चोरी की घटनाओं पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस रात्रि चौपाल में पट्टा,पीएम आवास, खाद्य सुरक्षा,कृषि कनेक्शन, पेंशन, बिजली, अतिक्रमण, सामाजिक न्याय की योजनाओं,कार्यों की गुणवत्ता सहित सरकारी विभागों से संबंधित प्रकरणों में आमजन की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करते हुए उन्होंने अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।जिला कलक्टर ने घुमंतू जाति हेतु पट्टे के प्रकरण में उपलब्ध जमीन पर पट्टा दिलाने की नियमानुसार कार्यवाही करने, शमशान हेतु प्रस्ताव भिजवाने,एकलव्य ज्ञान केंद्र में किताबों व अखबार की व्यवस्था,बनाकिया कलां में खेल मैदान सुविधाओं का विकास मनरेगा के माध्यम से करवाने के निर्देश दिये।यहां कुश्ती मेट एवं हाई मास्क लाइट लगाने हेतु प्रयास करने की बात कही।दिव्यांग को सहायक उपकरण के प्रकरण में उसका चिन्हीकरण कर एलेम्को को प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए।बिजली बिल अधिक आने की शिकायत पर अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने,रास्तों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिये।साथ ही पात्र नागरिकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय हैं कि इस दौरान जिला कलक्टर चितौड़गढ़ आलोक रंजन ने विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने, आंगनबाड़ी-स्कूलों का सुचारू संचालन करने, मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय करने,उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता रखने सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।जिला कलक्टर आलोक रंजन ने बोर्ड परीक्षाओ में बेहतर प्रदर्शन करने वाले,गार्गी पुरस्कार प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों एवं कुश्ती,जूडो,वॉलीबॉल आदि खेल प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

अधिकारियों को अखबार शुरू करने,ऑनलाइन माध्यमो का उपयोग करने,कम्प्यूटर व्यवस्था करने सहित आवश्यक निर्देश दिये।इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर भू.अ. रामचंद्र खटीक,एसीईओ राकेश पुरोहित,उपखंड अधिकारी राजीव सुवालका, सीएमएचओ डॉ. ताराचंद गुप्ता,संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार दिनेश कुमार जागा,उपनिदेशक उद्यान शंकरलाल जाट, महिला अधिकारिता विभाग उपनिदेशक राकेश तंवर,मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक कल्पना शर्मा, तहसीलदार नासिर बेग मिर्जा,विकास अधिकारी कपासन मुकेश पोरवाल, सरपंच अणछी बाई सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कार्मिकगण उपस्थित रहे।

# श्री ताल वाले बाबा मन्दिर पर फूल बंगला झाकी के साथ विशाल अन्नकूट प्रसादी भण्डारा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( बयाना ) ( सत्यप्रकाशअग्रवाल ) ।** श्री ताल वाले बाबा पर शनिवार को फूल बंगला झाकी सजाई गई। और अन्नकूट प्रसादी का विशाल भंडारा हुआ। भंडारे में करीब पांच हजार श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी पाई। यह मंदिर राजस्थान की सीमा से सटे हुए गांव सामरा गांव में स्थित है जो बयाना से महज 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। और भरतपुर से इसकी दूरी 18 किलोमीटर है। दरबार के महन्त श्री मिश्री लाल अग्रवाल ने बताया श्री ताल वाले बाबा का यह मन्दिर सैकड़ों साल पुराना है। यहां हनुमान जी के दर्शन मात्र से ही भक्तों के सारे मनोरथ पूर्ण होते हैं। और सबसे महत्वपूर्ण बात यह बताई जिन महिलाओं के सन्तान नहीं होती है वो महिला अगर सात शनिवार या सात मंगलवार श्री ताल वाले बाबा के दर्शन करने आती है और बाबा के चरणों का प्रसाद ग्रहण करती है तो उस महिला की गोद भर जाती है। महन्त ने बताया श्री ताल वाले बाबा की कृपा से अब तक हजारों महिलाओं की गोद भर भी चुकी है। और बाबा की कृपा से संतान पाकर बहुत खुश है। इसके अलावा महंत मिश्रीलाल ने बताया कि यहां पर परेशानियों से जूझे हुए लोग भी अपनी मनोकामना पूर्ण करने आते हैं। जैसा की श्री मेहंदीपुर बालाजी दरबार में होता है। महन्त मिश्रीलाल ने बताया श्री ताल वाले बाबा पर अन्नकूट प्रसादी का भण्डारा हर वर्ष दीपावली के बाद अष्टमी के दिन शनिवार या मंगलवार को होता है। इस भंडारे की परंपरा 25 वर्षों से चली आ रही है। और कहा इस भंडारे की परंपरा बाड़ी वालो ने शुरू की थी जो आजतक निरंतर चली आ रही है। मंदिर के महन्त



रामनिवास, महावीर व मन्दिर के प्रमुख कार्यकर्ता मुकेश कुमार बहनेरा वालों ने बताया कि इस बार भंडारे में दो कुंटल दूध की खीर, 150 किलो चावल,200 किलो बाजरा, 5 कुंटल मिक्स सब्जी और 100 किलो दही की पकौड़ी वाली कढ़ी व पूड़ी आदि बनाई गई जो दोपहर को 12.00 बजे श्री ताल वाले बाबा की आरती होने के बाद भंडारे में बने सभी आइटमों का भोग बाबा के दरबार में लगाया जाता है भोग लगने के बाद वापस भंडारे में जाकर भोग प्रसाद को मिलाकर दरबार में आए हुए हजारों भक्तों को पंगत में बैठाकर बड़े प्रेम से प्रसादी ग्रहण कराते हैं। पंगत में कोई ब्राह्मण या साधु भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं तो उन सभी को प्रसादी ग्रहण करने के बाद दक्षिण रुप में कुछ दिया जाता है। इस मौके पर हेमंत अग्रवाल, बिहारी अग्रवाल,चरण दास माली, मुकेश हाथरस, दीवान, शिव कुमार गंगादास पुजारी, राजू पंडा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सूचना के अधिकार से आया बड़ा सच सामने चौदह लाख की दिमक की दवा चट कर गए

## पं स. सुनेल में लाखों रुपए का गबन दर्जनों कर्मचारियों का नाम कोई एफआईआर नहीं, वसूली भी नहीं, तबादला करवा कर रवाना हुए गबन धारी

सुरेश मोमिया

**झालावाड़ ( बढ़ता राजस्थान )।** सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत चाही गई जानकारी में भ्रष्टाचार,गबन, चोरी, सरकारी धन को राजकोष में जमा नहीं करवा कर अपराध किये जाने का मामला सामने आया है। जिनके विरुद्ध सन् 2003-04 से लेकर पंचायत समिति में काबिज रहे किसी भी अधिकारी ने ना तो वसुली करने का प्रयास किया ना ही सुनेल थाने में एफ आई आर दर्ज करवाई। चौंकाने वाली खबर यह उन जिम्मेदार अधिकारी पर गबन करने आरोप नहीं बल्कि प्रमाणित रुप से गबन किया है।

जिसमें बड़ी राशि के गबन कर्ता है पूर्व विकास अधिकारी, सहायक अभियंता बृजपाल सिंह (वर्तमान में बकानी में कार्यरत हैं) व केशियर सहीत दो तीन कर्मचारी के नाम है जिन्होंने सामुहिक रूप से करीबन पचास लाख रुपए की सरकारी खजाने में सेंध लगाकर सरकारी खजाने को लूटा है। यह गबन आडिट टिम ने आडिट रिपोर्ट में गड़बड़ी पायें जाने के पश्चात पैरा बनाया है। जिसकी राशि स्वयं के पास से जमा करवानी थी। तथा उसके पश्चात आये विकास अधिकारी की जिम्मेदारी बनती थी । गबन कर्ताओं के विरुद्ध सुनेल थाने में मामला दर्ज करवा कर गिरफ्तार करवाया जाना था। लेकिन ऐसा नहीं करके चुपचाप अधिकारी तबादला करवा कर अन्यत्र चले गए। जिसके कारण वसुली और कार्यवाही कागज़ों में आज दिन तक दबी है। संभवत: आर टी आई के जरिए पंचायत समिति से सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी नहीं होती तो तीन दर्जन से ज्यादा कर्मचारियों का राज फाश नहीं होता। लाखों रुपए के गबन में सूत्रों से पता चला है कि हाल ही कुछ वर्षों में दिमक निस्तारण के नाम पर लाखों रुपए दिमक की दवा का भुगतान उठाया गया था। लेकिन आडिट रिपोर्ट में आडिट करता टीम के समक्ष यह साबित नहीं हो पाया की वास्तविक रुप से दिमक निस्तारण के लिए जो दवा मंगवाई गई थी। वो आई नहीं सिर्फ बिल आये थे।जिसका बंदर बांट कर लिया गया है । जानकारी मिली है बिलों पर हस्ताक्षर सहायक अभियंता बृजपाल सिंह के है ।ऑनलाइन भुगतान में तत्कालीन विकास अधिकारी के हस्ताक्षर हैं। इस बारे में कानूनविद की राय है कि गबन, चोरी, सरकारी धन में हेराफेरी हुई हैं तो संगीन अपराध की श्रेणी में आता है वसुली होना अलंग बात है लेकिन अपराध तो हुआ है जिसकी शिकायत थाने में दर्ज होना आवश्यक है।पद स्थापित अधिकारी को किसी भी प्रकार से जानकारी में आने के पश्चात कार्यवाही नहीं करता है तो वो स्वयं भी बराबर का दोषी है। क्या कब कार्यवाही करेंगे विकास अधिकारी यह जानने लिए दो बार मोबाइल लगाया लेकिन विकास अधिकारी ने संजय शर्मा ने फोन नहीं उठाया। वसुंधरा राजे सिंधिया के गृह क्षेत्र में अधिकारीयों द्वारा पत्रकारो के मोबाइल ही नहीं उठाये जा रहे तो समझा जा सकता है आम जनता का क्या हालत होती होगी।

# सीएमएचओ ने किया चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह ने शनिवार को चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। सीएमएचओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिरनी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलारना चौड़ का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। उन्होंने दोनों चिकित्सा संस्थानों पर सभी स्टाफ को यूनिफॉर्म में उपस्थित रहने, संस्थान में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने, लेब में हो रही जांचों की सूची लैब के बाहर प्रदर्शित करने, दवा काउंटर पर उपलब्ध दवाइयों की सूची को प्रदर्शित करने, संस्था के भवन का रंग रोगन करवाने, विभागीय योजनाओ की जानकारी प्रदर्शित करने, आमजन को सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने व बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश प्रदान किए।

## श्री सगस बावजी स्थल पर आज कपासन में 111 किलो अन्नकूट महाप्रसाद का वितरण होगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर में आज रविवार को श्री सगस बावजी के धार्मिक स्थल पर 111 किलो बेसन से निर्मित अन्नकूट महाप्रसाद का भक्तो एवं श्रद्धालुओं में वितरण किया जायेगा। नगर कपासन के समाजसेवी रविन्द्र सोमानी ने बताया कि नगर के श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर मार्ग पर स्थित श्री सगस बावजी के धार्मिक स्थल पर रविवार सांय 6 बजे नगर के सोमानी परिवार द्वारा श्री सगस बावजी की पूजा अर्चना एवं महाआरती उपरांत 111 किलो बेसन से निर्मित अन्नकूट महाप्रसाद का भक्तो एवं श्रद्धालुओं में वितरण किया जायेगा।जिसको लेकर आयोजक परिवार के प्रतिनिधि प्रहलादराय सोमानी,राजेंद्र कुमार सोमानी आदि सदस्यों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान किया गया।

# उप चनाव में कांग्रेस, भाजपा तथा कांग्रेस के बागी प्रत्याशी नही छोड़ रहे है कोई कसर

## कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में डिप्टी सीएम सचिन पायलेट की होगी चुनावी सभा तो बागी निर्दलिए नरेश मीणा का रोड़ शो का कार्यक्रम



अजय जैन

**उनियारा ( बढ़ता राजस्थान )।** देवली उनियारा विधानसभा उप चुनाव में मतदान की तारीख ज्यो ज्यो नजदीक आती जा रही है मुकाबला बड़ा रोचक होता जा रहा है। कांग्रेस के बागी निर्दलिए प्रत्याशी नरेश मीणा ने सांसद हरीश मीणा को खुली चुनोती देकर इस सीट को काफी हॉट बना दिया है। रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी के सी मीणा के समर्थन में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पॉयलेट उनियारा जैन नसिया के पास चुनावी सभा करने वाले है। वही कांग्रेस के बागी निर्दलिए प्रत्याशी नरेश मीणा का रोड़ शो का कार्यक्रम बना हुआ है। जिसमे करीब 10 हजार बाइक, 5 हजार कार, एक हजार ट्रेक्टर साथ रहेंगे ऐसी रणनीति तैयार की जा रही है। जिसके लिए नरेश मीणा की यूथ टीम पूरी तरह से तैयारियों में जुटी हुई है। वही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को ही उनियारा में वाहन रैली निकाल कर अपना शक्ति प्रदर्शन करने का कार्यक्रम है।

**सभा स्थल का किया निरीक्षण :** रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी के सी मीणा के समर्थन में उनियारा में होने वाली पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलेट की चुनावी सभा को मध्यनजर रखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरिभाई ने अपनी टीम के साथ उनियारा पहुचकर हेलिपैड तथा सभा स्थल का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

## करंट लगने से कपासन के उचनार कला ग्राम निवासी किसान की मृत्यु

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्र के उचनार कला ग्राम निवासी पृथ्वीराज (77) पुत्र उदा लोहार शनिवार सुबह अपने खेत में नीम के पेड़ पर टहनियां काटकर पेड़ की छंगाई कर रहा था।इस दौरान पास से गुजर रही 11 केवी सिंगल फेज लाइन के संपर्क में आने से पृथ्वीराज करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मृत्यु हो गयी।इस दौरान सूचना पर विद्युत विभाग कनिष्ठ अभियंता अनिरुद्ध सिंह,लाइनमैन तथा एएसआई भैरूलाल जाट,लालाराम जास्ते के साथ मौके पर पहुंचे।इसके बाद शव को नीचे उतार पोस्टमार्टम हेतु उपजिला चिकित्सालय केंद्र कपासन अस्पताल पहुंचाया।

## गोपाष्टमी महोत्सव पर कपासन में भक्तो ने गौमाता को लापसी का भोग लगाया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्र में गोपाष्टमी महोत्सव के अवसर पर शनिवार को भक्तो एवं श्रद्धालुओं द्वारा गौमाता की विधिवत पूजा-अर्चना कर लापसी का भोग लगाया गया। जानकारी अनुसार नगर पालिका क्षेत्र कपासन के मुख्य मार्ग स्थित श्री जेलेश्वर महादेव गौशाला में श्रद्धालुओ द्वारा गोपाष्टमी के अवसर पर गौमाता की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ गौसेवा की तथा भक्तो द्वारा इस दौरान गौमाता को लापसी का भोग लगाया गया।

इस मौके पर श्री जेलेश्वर गौ सेवा समिति सहित भक्तो एवं श्रद्धालुओं द्वारा विशाल अन्नकूट महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे सायंकाल बेसन से निर्मित अन्नकूट महाप्रसाद का श्रद्धालुओं में वितरण किया गया।



# भारत ने 61 रन से जीता पहला टी-20 : साउथ अफ्रीका के खिलाफ सैमसन की सेंचुरी; चक्रवर्ती और बिश्नोई को 3-3 विकेट






**डरबन। भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले टी-20 में 61 रन से हरा दिया। डरबन के किंग्समीड स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। संजू सैमसन की सेंचुरी के दम पर भारत ने 202 रन बनाए। साउथ अफ्रीका 17.5 ओवर में 141 रन बनाकर सिमट गया। भारत से रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती ने 3-3 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका से जेराल्ड कूट्जी ने 3 विकेट लिए, उन्होंने बैट से 23 रन भी बनाए। पहला टी-20 जीतकर भारत ने 4 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा मैच 10 नवंबर को केबेरा में खेला जाएगा।**

### 5 पॉइंट्स में मैच एनालिसिस...

**1. प्लेयर** ऑफ द मैच भारत के विकेटकीपर बैटर संजू सैमसन ने पावरप्ले से साउथ अफ्रीका पर दबाव बनाया। उन्होंने अफ्रीकी बॉलर्स की कमजोर गेंदों पर बड़े शॉट लगाए और भारत का स्कोरिंग रेट तेज रखा। उन्होंने 7 चौके और 10 छक्के लगाकर 107 रन की पारी खेली। मुश्किल पिच पर खेली गई इस पारी के लिए सैमसन को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।

### 2. जीत के हीरो

**तिलक वर्मा :** टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 90 रन पर 2 विकेट गंवा दिए थे। यहां से तिलक ने सैमसन के साथ 77 रन की पार्टनरशिप की और स्कोर तेजी से 160 के पार पहुंचा दिया। तिलक ने 18 गेंद पर 33 रन बनाए।

**रवि बिश्नोई :** क्लासन और मिलर जैसे फिनिशर्स के सामने बिश्नोई ने कसी हुई गेंदबाजी की और शुरुआती 3 ओवर में 15 ही रन दिए। उन्होंने 3 विकेट लिए और साउथ अफ्रीका को बैकफुट पर धकेल दिया।

**वरुण चक्रवर्ती :** साउथ अफ्रीका 203 के टारगेट के सामने भी तेजी से रन बना रहा था। चक्रवर्ती ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में तेजी से बैटिंग कर रहे रायन रिकेलटन को कैच आउट कराया। उन्होंने फिर हेनरिक क्लासन और डेविड मिलर को एक ही ओवर में पवेलियन भेजकर मैच भारत की झोली में डाल दिया।

**3. फाइटर ऑफ** द मैच साउथ अफ्रीका के लिए पहला विकेट जेराल्ड कूट्जी ने लिया, उन्होंने अभिषेक शर्मा को पवेलियन भेजा था। कूट्जी ने फिर डेथ ओवर्स में हार्दिक पंड्या और रिंकू सिंह को खुलकर शॉट्स नहीं खेलने दिए। कूट्जी ने दोनों को पवेलियन भी भेजा। 3 विकेट लेने के बाद कूट्जी ने बैट से 11 ही गेंदों पर 3 छक्के लगाकर 23 रन बनाए।

**4. टर्निंग पॉइंट** सैमसन ने अपनी सेंचुरी से भारत को पहले ही मैच में हावी कर दिया था। दूसरी पारी में फिर क्लासन और मिलर सेट हो चुके थे। यहां चक्रवर्ती 12वां ओवर फेंकने आए, उन्होंने एक ही ओवर में दोनों सेट बैटर्स को पवेलियन भेजा और मैच होम टीम के हाथ से खींच लिया। दोनों के विकेट के बाद टीम ने 54 रन बनाने में आखिरी 5 विकेट गंवा दिए।

### 5. मैच रिपोर्ट

सैमसन की लगातार दूसरे टी-20 में सेंचुरी टीम इंडिया ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट खोकर 202 रन बनाए। टीम ने संजू सैमसन की सेंचुरी के दम 15 ओवर के बाद 3 विकेट खोकर 167 रन बना लिए थे। सैमसन 107 रन बनाकर आउट हुए।

सैमसन ने लगातार दूसरे टी-20 में सेंचुरी लगाई, इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने हैदराबाद में शतक लगाया था। वह लगातार 2 टी-20 में सेंचुरी लगाने वाले पहले ही भारतीय और ऐसा करने वाले दुनिया के चौथे खिलाड़ी बने।

सैमसन के विकेट के बाद भारत आखिरी 26 गेंद में 27 रन ही बना सका। टीम से तिलक वर्मा ने 33 और सूर्यकुमार यादव ने 21 रन बनाए। साउथ अफ्रीका से जेराल्ड कूट्जी ने 3 विकेट लिए। केशव महाराज, एन पीटर, पैट्रिक क्रूगर और मार्को यानसन को 1-1 विकेट मिला। एक बैटर रनआउट हुआ। शुरुआत से बिखरती चली गई होम टीम 203 रन के टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका टीम 18वें ओवर में ही सिमट गई। आवेश खान ने ओवर की पांचवीं गेंद पर केशव महाराज को बोल्ड किया। टीम 141 रन के स्कोर पर सिमट गई। इसी के सथ भारत ने 61 रन से पहला टी-20 जीत लिया। साउथ अफ्रीका से हेनरिक क्लासन 25, जेराल्ड कूट्जी 23, रायन रिकेलटन 21, डेविड मिलर 18, मार्को यानसन 12, ट्रिस्टन स्टब्स 11, एंडिले सिमेलेन 6, केशव महाराज 5, पैट्रिक क्रूगर 1, एन पीटर 5 और ऐडन मार्करम 8 रन बनाकर आउट हुए। भारत से रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती ने 3-3 विकेट लिए। आवेश खान ने 2 और अर्शदीप सिंह ने 1 विकेट लिया। एक बैटर रनआउट भी हुआ। डरबन में भारत ने अब तक एक भी टी-20 गंवाया नहीं है।

भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच मोमेंट्स

# सूर्या की डायरेक्ट हिट, रिकेलटन का 104 मीटर का सिक्स

## 2 बार हुआ भारत का राष्ट्रगान, नो-बॉल पर अर्शदीप बोल्ड

**नई दिल्ली।**

टीम इंडिया ने शुक्रावर को साउथ अफ्रीका को उसी के घर में पहला टी-20 मैच हरा दिया। डरबन के किंग्समीड में संजू सैमसन ने शतक लगाया। इंडिया ने 203 रन का टारगेट दिया और साउथ अफ्रीका की टीम को 141 रन पर ऑलआउट कर मैच 61 रन से जीता। वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई ने 3-3 विकेट लिए।

इस मैच में चौकों-छक्कों के अलावा कई मोमेंट्स भी देखने को मिले। मैच से पहले भारत का राष्ट्रगान बीच में रुक गया, इसे दोबारा गाया गया। पैट्रिक क्रूगर ने अपने पहले ओवर में 11 गेंदें फेंक डालीं, सूर्या की डायरेक्ट हिट और रिकेलटन का 104 मीटर का सिक्स भी चर्चा में रहा।

## इंडिया-साउथ अफ्रीका टॉप मोमेंट्स...

### यानसन और सूर्यकुमार में बहस

साउथ अफ्रीका की पारी के 15वें ओवर में मार्को यानसन और सूर्यकुमार यादव के बीच बहस हो गई। ओवर की दूसरी बॉल को जेराल्ड कूट्जी ने सिंगल के लिए खेला। यहां अर्शदीप ने कीपर संजू सैमसन की तरफ थ्रो फेंका। जिसे पकड़ने के लिए संजू पिच पर आ गए। जिसके बाद यानसन ने अंपायर से इसकी शिकायत की। बाद में सूर्यकुमार यादव जेराल्ड कूट्जी और मार्को यानसन से बहस करते दिखे।

### जीवनदान के बाद आउट हुए यानसन

15वें ओवर की पांचवीं बॉल पर यानसन का कैच हार्दिक पंड्या ने छोड़ दिया। अगली ही बॉल पर वह आउट हो गए। यानसन ने रवि बिश्नोई की बॉल पर शॉट खेला, पॉइंट पर खड़े पंड्या ने डाइव लगाई, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके। अगली ही बॉल पर यानसन ने फिर से हवाई शॉट खेला, इस बार बॉल फिर से हार्दिक पंड्या के पास गई। पंड्या ने आसानी से कैच पकड़ा। यानसन 12 रन बनाकर आउट हुए।

### 3. सूर्या की डायरेक्ट हिट पर कूट्जी आउट

पारी के 17वें ओवर में सूर्यकुमार यादव ने शानदार थ्रो फेंककर कूट्जी को रन आउट कर दिया। यहां कूट्जी ने अर्शदीप की बॉल पर कवर्स की ओर शॉट खेला, सूर्या ने गेंद को कलेक्ट किया और सीधा थ्रो मारा। बॉल स्टंप पर लगी और कूट्जी रन आउट हो गए। उन्होंने 23 रन की पारी खेली।

### मार्करम का रनिंग कैच

साउथ अफ्रीका की पारी के चौथे ओवर की आखिरी बॉल पर रायन रिकेलटन ने आउटसाइड ऑफ स्टंप बॉल को पुल करके सिक्स लगाया। आवेश खान ने शॉर्ट लेंथ की बॉल फेंकी थी। रिकेलटन का यह 104 मीटर लंबा सिक्स स्टेडियम की छत से जा टकराया। भारत ने अपने पहला विकेट 24 रन पर गंवाया। पारी के चौथे ओवर में जेराल्ड कूट्जी की बॉल पर अभिषेक शर्मा ने हवाई शॉट खेला। यहां बॉल मिड-ऑफ पर खड़े कप्तान ऐडन मार्करम के पास गई। उन्होंने पीछे की तरफ दौड़ते हुए डाइव लगाकर शानदार कैच लपका। अभिषेक शर्मा 7 रन बनाकर आउट हुए।

### पैट्रिक क्रूगर के हाथ से बॉल फिसली, ओवर में 11 बॉल डाली

पैट्रिक क्रूगर ने 9वें ओवर में 15 रन दिए, लेकिन आखिरी बॉल पर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को आउट भी किया। उन्होंने ओवर में 2 नो बॉल, 3 वाइड डालकर कुल 11 बॉल डाली। ओवर की चौथी बॉल क्रूगर के हाथ से फिसल गई, जो सूर्या के ऊपर से कीपर के पास गई। यह नो-बॉल थी।




### भारत का राष्ट्रगान बीच में रुका

मैच से पहले भारत का राष्ट्रगान चल रहा था, लेकिन तकनीकी कारण से राष्ट्रगान बीच में रुक गया। भारतीय खिलाड़ी राष्ट्रगान गाए जा रहे थे, लेकिन पहली बार राष्ट्रगान पूरा होने के बाद उसे फिर एक बार लाउड स्पीकर में चलाया गया। भारतीय खिलाड़ियों ने फिर से राष्ट्रगान को पूरा गाया।

### संजू ने सिक्स लगाकर फिफ्टी पूरी की

संजू सैमसन ने 8वें ओवर में लेग स्पिनर पीटर के खिलाफ लगातार 2 छक्के लगाकर फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने काबायोम्जी पीटर के ओवर की दूसरी और तीसरी बॉल पर मिड-विकेट की तरफ सिक्स लगाए। सैमसन ने महज 27 गेदों पर फिफ्टी लगा दी। उन्होंने 107 रन की पारी खेली।

### तिलक के हेलमेट पर बॉल लगी

सूर्यकुमार के आउट होने के बाद तिलक वर्मा बैटिंग करने आए। उन्होंने एंडिले सिमेलेन के ओवर की पहली दोनों बॉल पर शॉट खेलना चाहा, लेकिन कनेक्ट नहीं कर पाए। दूसरी बॉल तिलक के हेलमेट पर जा लगी। यहां तिलक ने पुल शॉट खेलने की कोशिश की थी। हालांकि, तिलक ने ओवर की आखिरी बॉल पर सिक्स भी लगाया।

### नो बॉल पर बोल्ड हुए अर्शदीप

आखिरी ओवर की चौथी बॉल पर अर्शदीप सिंह बोल्ड हो गए। यहां यानसन ने यॉर्कर लेंथ बॉल फेंकी। अर्शदीप पवेलियन लौट रहे थे, लेकिन कुछ देर बाद थर्ड अंपायर ने गेंद को नो बॉल करार दिया और बैटर को जीवनदान मिल गया। अर्शदीप सिंह ने अपनी पहली बॉल पर चौका लगाया था।

# दूसरा अनऑफिशियल टेस्ट- आस्ट्रेलिया-ए ने इंडिया-ए को 6 विकेट से हराया : सीरीज 2-0 से जीती, सैम कोनस्टास की फिफ्टी; इंडिया-ए दूसरी पारी में 229 रन पर सिमटी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ए ने इंडिया ए को दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट में 6 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज 2-0 से जीत ली। सीरीज का पहला मैच मेजबानों ने 7 विकेट से जीता था। इंडिया ए ने दूसरे टेस्ट में कंगारुओं के सामने जीत के लिए 168 रनों का लक्ष्य रखा था, इस स्कोर को ऑस्ट्रेलिया ए ने मात्र 4 विकेट खोकर हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया ए के लिए दूसरी पारी में सैम कोनस्टास ने 73 रनों की नाबाद पारी खेली।

मैच के तीसरे दिन भारत की दूसरी पारी 229 रनों पर सिमट गई। ध्रुव जुरेल ने 68 रनों की शानदार पारी खेली। उनके अलावा तनुश कोटियन ने 44, नीतिश रेड्डी ने 36 और प्रसिद्ध कृष्णा ने महत्वपूर्ण 29 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कोरी रोच्चिचोली ने 4 विकेट लिए।

### प्रसिद्ध कृष्णा ने पहले ओवर में 2 विकेट लिए

168 के स्कोर को डिफेंड करते हुए टीम इंडिया को शानदार शुरुआत मिली। प्रसिद्ध कृष्णा ने पारी के पहले ही ओवर में मार्कस हैरिस और कैमरून बैनक्रॉफ्ट को आउट किया। इसके बाद मुकेश कुमार ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान नाथन मैकस्वीनी और तनुश कोटियन ने ओलिवर डेविस को बोल्ड कर भारत को दो और सफलताएं दिलाई। हालांकि इसके बाद भारतीय गेंदबाज एक भी विकेट नहीं ले पाए। सैम कोनस्टास का अर्धशतक एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 4 विकेट पर 73 रन था। इसके बाद सैम कोनस्टास और ब्यू वेबस्टर ने मैच विनिंग पार्टनरशिप की। दोनों ने मिलकर 123 बॉल पर 96 रन जोड़े और टीम को जीत दिलाई। सैम कोनस्टास ने 128 बॉल पर 73 रन बनाए। पारी में उन्होंने 7 चौके और 1 सिक्स भी लगाया। वहीं ब्यू वेबस्टर ने 66 बॉल पर 46 रन बनाए। उन्होंने पारी में 6 चौके लगाए। भारतीय टीम 229 रन पर सिमटी शुक्रवार को दूसरे दिन इंडिया-ए ने दूसरी पारी में 73 रन बनाने में ही 5 विकेट गंवा दिए। इसके बाद ध्रुव जुरेल ने एक बार फिर से पारी को संभाला और 68 रनों की शानदार पारी खेली। उनके अलावा तनुश कोटियन ने 44, नीतिश रेड्डी ने 36 और प्रसिद्ध कृष्णा ने महत्वपूर्ण 29 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कोरी रोच्चिचोली ने 4 विकेट लिए। इंडिया-ए के लिए दूसरी पारी में अभिमन्यु ईश्वरन 17, ऋतुराज गायकवाड 11, केएल राहुल 10, साई सुदर्शन 3 और देवदत्त पडिक्कल 1 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया-ए के लिए ब्यू वेबस्टर को 3 और नाथन मैकएंड्रयू को 2 विकेट मिले।



### पहली पारी में भारत ने 161 रन बनाए

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने अपनी पहली पारी में 161 रन बनाए थे। ध्रुव जुरेल ने पहली पारी में भी अर्धशतक जड़ा था और 80 रनों की शानदार पारी खेली थी। भारत ए के इस स्कोर के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ए ने 223 रन बनाकर 62 रनों की बढ़त हासिल की थी।

### ऑस्ट्रेलिया में भी फेल रहे केएल राहुल

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मुकाबले में फ्लॉप रहने के बाद केएल राहुल को इंडिया ए से खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया भेजा गया था। भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल ओपनिंग पोजिशन पर फेल रहे। उन्हें पहली पारी में 4 रन पर स्कॉट बोलैंड ने आउट किया। दूसरी पारी में वे 10 रन पर अजीब तरीके से आउट हो गए। यहां स्पिनर कोरी रोचिचिओली की पैड लाइन की बॉल पर बिना शॉट खेले छोड़ दिया और क्लीन बोल्ड हो गए।

# न्यूजीलैंड से हार के बाद बीसीसीआई ने रिव्यू मीटिंग की : छह घंटे की मीटिंग में रोहित-गंभीर शामिल; भारत 3-0 से टेस्ट सीरीज हारा था

**नई दिल्ली।** भारत को हाल ही में न्यूजीलैंड से खेली गई टेस्ट सीरीज में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद गुरुवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने रिव्यू मीटिंग की। मीटिंग 6 घंटे तक चली। इमसें कप्तान रोहित शर्मा, हेड कोच गौतम गंभीर, सिलेक्शन कमेटी हेड अजीत अगरकर के साथ बीसीसीआई सचिव जय शाह और अध्यक्ष रोजर बिन्नी भी मौजूद रहे। गंभीर ऑनलाइन इस मीटिंग में शामिल हुए।

इसमें मुंबई टेस्ट के लिए रैंक टर्नर पिच का सिलेक्शन, जसप्रीत बुमराह को आराम देना और गौतम गंभीर की कोचिंग स्टाइल पर चर्चा की गई। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीती थी।

तीसरे मैच में बुमराह की गैरमौजूदगी से खुश नहीं है बीसीसीआई रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई के अधिकारी इस बात से खुश नहीं थे कि तेज गेंदबाज और टीम के उप-कप्तान बुमराह को तीसरे टेस्ट के लिए आराम दिया गया। मैच की सुबह बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, जसप्रीत बुमराह वायरल फीवर से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं और मुंबई में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हैं। बुमराह ने शुरुआती दो टेस्ट मैचों में 41 ओवरों में 42.33 की औसत से केवल तीन विकेट लिए। उनकी गैरमौजूदगी में भारत ने खराब फॉर्म में चल रहे मोहम्मद सिराज को तीसरे मैच में खिलाया, जो एक भी विकेट नहीं ले पाए। रैंक टर्नर पिच का सिलेक्शन भी मुद्दा वहीं, मुंबई में रैंक टर्नर पिच के सिलेक्शन को लेकर भी चर्चा की गई। टीम ने पुणे में इसी तरह की पिच पर हारने के बाद मुंबई में भी रैंक टर्नर पर खेला। यहां भारत को 25 रन से हार का सामना करना पड़ा था। बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए तैयारी को लेकर भी चर्चा हुई एक सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, हां, बीसीसीआई सचिव जय शाह, रोहित, गंभीर और अगरकर के बीच करीब छह घंटे तक बैठक हुई। कीवी टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली हार के रिव्यू के अलावा ऑस्ट्रेलिया में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए तैयारी को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।



# दृश्यम 3 और शैतान 2 पर अजय देवगन ने लगाई मुहर

## सिंघम अगेन के बाद 6 फिल्मों के सीक्वल में मचाएंगे धमाल



**अजय देवगन इस वक्त सिंघम अगेन की सफलता का स्वाद चख रहे हैं। मगर बैक-टू-बैक दूसरी फिल्मों का भी ऐलान कर रहे हैं। उनकी फेमस थ्रिलर फिल्म दृश्यम और सुपरनैच्युरल मूवी शैतान पर्दे पर धमाल मचा चुकी है। अब वह इसके आगे की कहानी दिखाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कंफर्म किया है कि वह दृश्यम 3 और शैतान 2 पर काम कर रहे हैं। जिसे जानकर फैंस बेहद एक्साइटेड हो गए हैं और इसके रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इन दोनों फ्रैंचाइजी के बारे में अपडेट दिया। उन्होंने कहा, इस समय शैतान 2 लिखी जा रही है। एक टीम दृश्यम की अगली फिल्म पर भी काम कर रही है। इस दौरान अजय देवगन ने यह भी पुष्टि की कि दे दे प्यार दे, सन ऑफ सरदार, धमाल और गोलमाल के सीक्वल पर भी काम चल रहा है।**

### अजय देवगन ने सिंघम अगेन की कमाई पर क्या कहा?

अजय देवगन ने कहा, यह सीक्वल का समय है। और ऐसा इसलिए है क्योंकि दर्शक जानने के लिए बेताब हैं कि उन्हें अब अगले पार्ट में क्या मिलने वाला है। किरदारों को वह इतना पसंद करते हैं कि उन पर उनका भरोसा कायम हो जाता हैं और दर्शकों को यकीन हो जाता है कि उन्हें बड़े पर्दे पर क्या मिलेगा। एक्टर ने सिंघम अगेन के 100 करोड़ का आंकड़ा पार करने के बारे में कहा कि जनका का प्यार है और उनके इसी प्यार से कलाकार जिंदा रहते हैं।

### अक्षय कुमार-अजय देवगन के साथ रोहित शेट्टी की फिल्म

इसी इंटरव्यू में रोहित शेट्टी ने अक्षय कुमार और अजय देवगन के साथ एक कॉमेडी फिल्म बनाने के बारे में सोचने पर भी कहा है। एक्टर ने भी हामी भरी और कहा कि ये अच्छा आइडिया है। वैसे दोनों ने 90 के दशक में काम किया है। लेकिन फिर से पर्दे पर उनकी जुगलबंदी देखना दर्शकों को बेहद पसंद आएगा।

### स्त्री और सिटाडेलः हनी बनी के मेकर्स राज और डीके बोले- फिल्में बनाने के लिए उधार लिया, कार बेची, कंगाल हुए

इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले राज और डीके क्रिएटिविटी की भूख को शांत करने के लिए फिल्मों में लेखक-निर्देशक बने। हालांकि अपने करियर में इन दोनों को कई चुनौतियों और नाकामियों का सामना करना पड़ा, मगर स्त्री का लेखन -निर्माण और फैमिली मैं उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। अब वे लेकर आ रहे हैं, सिटाडेल:हनी बनी। इस लेखक-निर्देशक जोड़ी से एक खास बातचीत।

### आप दोनों ही इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे थे,फिर निर्देशन के क्षेत्र में कैसे आ गए?

राज और डीके एनालेटिकल लोगों के बारे में कहा जाता है कि वे ब्रेन का लेफ्ट साइड इस्तेमाल करते हैं जबकि क्रिएटिव लोगों के बारे में माना जाता है कि वो दिमाग का दांयां साइड इस्तेमाल करते हैं, तो हम दोनों ही दिमाग का लेफ्ट साइड ज्यादा इस्तेमाल कर रहे थे और राइट हिस्सा खाली पड़ा हुआ था। हम लोग जो कर रहे थे, उसमें हमें संतुष्टि नहीं मिल रही थी। हम क्रिएटिव रूप से कुछ करना चाहते थे। हालांकि हमारा इंडस्ट्री से कभी कोई ताल्लुक नहीं रहा। हमें फिल्म स्कूल में जाने का समय भी नहीं मिला, क्योंकि हम तब काम कर रहे थे। कभी किसी के असिस्टेंट भी नहीं रहे। मगर जब हमें क्रिएटिव भूख कुछ ज्यादा ही सताने लगी, तो हमने सोचा कि हम अपने पैसे लगा कर अपनी फिल्म खुद बनाएं। हमारे पास तब घर नहीं था, मगर कार थी, तो हम दोनों ने अपनी -अपनी कार बेच दी। हमारी सारी सेविंग उस फिल्म में लगा दी। वही दौर हमारे लिए फिल्म स्कूल बन गया। हम एडिटिंग और फिल्म मेकिंग सीखने लगे और फिल्मों में आने का दुस्साहस कर बैठे।

### आप दोनों के लिए सबसे मुश्किल दौर क्या था?

राज और डीकेः मुश्किल दौर बहुत मुश्किल था, जब हमारी दो बड़ी फिल्में नहीं चलीं और वो फिल्में थीं हैपी एंडिंग और जेंटलमैन। इन फिल्मों का बजट बहुत था, स्टार कास्ट भी काफी बड़ी थी। आम तौर पर जब आपकी दो बड़ी फिल्में न चलें, तो आपका करियर खत्म हो जाता है। ऐसे समय में कई लोग डिप्रेशन में भी चले जाते हैं, मगर हम लोगों ने अपना विश्लेषण किया और सोचा कि हम क्या गलत कर रहे हैं। हम मासी या क्लासी फिल्मों की बात नहीं करेंगे, मगर हमें लगा कि हमारी उन फ्लॉप फिल्मों में कुछ ज्यादा ही हो गया था। अब भी जब हम उन फिल्मों के बारे में सोचते हैं, तो लगता है कि कहानी तो बहुत अच्छी थी, हमने दिल लगाकर काम किया था, मगर शायद पैकेजिंग सही नहीं थी। आज भी उन दोनों फिल्मों की बड़ी फैन फॉलोइंग है, मगर उन फिल्मों के बाद हमें लगा कि हमें दोबारा आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। वहां से हमारी दूसरी जर्नी शुरू हुई और तब हमने लिखी स्त्री और उसे प्रड्यूस भी किया।

हमें लगा कि फिल्म अगर चली, तो बहुत अच्छी बात है। नहीं चली, तब भी कंट्रोल तो हमारे हाथ में ही होगा। हमारी सोच यही थी कि हमें जो चाहिए होगा, हम बनाएंगे। इसमें दूसरों की दखलंदाजी नहीं होगी। बस वहीं से सिलसिला शुरू हुआ। स्त्री, फैमिली मैन, फैमिली मैन 2, फर्जी, गन्स एंड गुलाब, जो अब सिटाडेल:हनी बनी तक चलता ही जा रहा है। स्त्री को लेकर हम बहुत गर्व महसूस करते हैं, क्योंकि स्त्री हमारी ही बेबी है। इसकी कहानी हम लोगों ने ही लिखी थी, तो इसके सृजनकर्ता हम ही हैं। ऐसे में जब पार्ट वन के बाद पार्ट टू इतनी हिट रही है, तो लगता है कि स्त्री और बड़ी हो गई है।

### अब्बास-मस्तान की तरह आप लोगों की भी निर्देशकों की जोड़ी है, आप लोगों में से कौन सृजनात्मक पक्ष देखता है और किस पर आर्थिक जिम्मेदारी होती है?

डीके :अब्बास-मस्तान साहब को मैं जब से देख रहा हूं, तो मैंने पाया कि वे एक जैसे दिखते हैं, उनका पहनावा भी एक जैसा ही है, तो शायद उनकी सोच भी मेल खाती होगी। हमारा भी ऐसा ही है, हमारे तमाम टेक्नीशियनों तक हम दोनों की एक ही राय पहुंचती है। कई बार दृश्यों को लेकर कभी मैं बात करता हूं, तो कभी डीके, मगर शूटिंग पर हमारा कन्विक्शन इतना एक-सा होता है कि किसी को याद नहीं रहता कि राज ने क्या कहा था और मैंने क्या, क्योंकि हम हमेशा सामान पक्ष में होते हैं। हमने जब शुरुआत की, तो हम एक साथ लिख रहे थे, एक साथ निर्देशित और निर्माण भी कर रहे थे। पैसों का बोझ हम दोनों को सहना पड़ता था। हम दोनों को ही बैंक अकाउंट खाली करना पड़ता था।

# बंदा सिंह में अपने किरदार के लिए मेहर विज ने सीखा गतका, कहा- एक्ट्रेसेस खुद को शक्तिशाली बनाएं



**ये हवाएं, स्त्री तेरी कहानी, बजरंगी भाईजान और जहां चार यार जैसे टीवी शोज और फिल्मों में मेहर विज ने अपना अभिनय कौशल दिखाया है। इंडस्ट्री में करीब दो दशक का सफर तय कर चुकी अदाकारा कहती हैं कि अब यहां महिलाओं को थोड़े बहुत प्रयोग की जरूरत है। वह खुद को भाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें फिल्म बंदा सिंह चौधरी में एक सशक्त किरदार निभाने का मौका मिला। बीते दिनों लखनऊ आई थीं।**

### ऐक्शन सीक्वेंस के दौरान चोटें आईं

हां, मुझे फिल्म में ऐक्शन वाले पार्ट के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी थी। मैंने इसके लिए गतका (सिखों की पारंपरिक युद्ध कला) का अभ्यास किया, उस दौरान मुझे कई चोटें आई थीं। कभी हाथ में दर्द होता तो कभी कंधे पर। गतका के लिए कंधों का मजबूत होना बहुत जरूरी है क्योंकि बिना इसके आप चकरा नहीं घूमा सकते। यह बहुत मुश्किल है लेकिन खुद को चुनौती देने में बहुत मजा आया। कभी-कभी कुछ चीजों से आप जुड़ाव महसूस करते हो, गतका के बाद मुझे भी कुछ ऐसा ही महसूस हुआ।

### ऐक्ट्रेस को कम मौके मिलते हैं

बतौर ऐक्ट्रेस हमारे पास बहुत रेंज है लेकिन वो किसी न किसी वजह से एक्सप्लोर नहीं हो पाती हैं। मुझे लगता है कि अभिनेत्रियों को इधर-उधर थोड़े प्रयोग करने की जरूरत है, जिसमें वह खुद को शक्तिशाली दिखा सकें। वैसे, उन्हें इस तरह के मौके बहुत कम मिलते हैं। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे एक सशक्त महिला का किरदार निभाने का मौका मिला। अब ऑडियंस को भी वॉर्मअप करना चाहिए। आगे मैं एक फिल्म कर रही हूं, जिसमें मैं सीक्रेट एजेंट की भूमिका में नजर आऊंगी।

# अनंत महादेवन ने सुनाया विनोद खन्ना की 'इंसाफ' का किस्सा : बोले- टिकट के लिए 1 किलोमीटर लंबी लाइन लगती थी; 1987 में रिलीज हुई थी फिल्म

एक्टर और डायरेक्टर अनंत महादेवन ने हाल ही में विनोद खन्ना के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि भले ही विनोद खन्ना अमेरिका में ओशो आश्रम में चले गए थे, लेकिन उनकी पॉपुलैरिटी इतनी जबरदस्त थी कि जब फिल्म इंसाफ रिलीज हुई, तब सिनेमाघरों के बाहर टिकट के लिए घंटों तक लोगों की लंबी लाइनें लगी थीं। सिद्धार्थ कन्नन के साथ एक इंटरव्यू में अनंत महादेवन ने विनोद खन्ना के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कहा, मैं हमेशा विनोद खन्ना जैसे बड़े कलाकार के साथ काम करना चाहता था। जब आप दिल से कुछ चाहते हैं, तो वह सच भी हो जाता है। जब मैंने रेड अलर्ट फिल्म बनाई, जो नक्सलियों पर थी, तो उसमें आशीष विद्यार्थी, समीर रेडी और सुनील शेट्टी जैसे स्टार्स थे। हालांकि, उस फिल्म में विनोद खन्ना ने एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और मुझे उनके साथ काम करने का मौका भी मिल गया। अनंत महादेवन ने कहा, एक वक्त ऐसा था जब विनोद खन्ना का स्टारडम अमिताभ बच्चन के लिए चुनौती बन गया था। फिर सब कुछ तब बदल गया जब वह अपना फिल्मी करियर छोड़कर अमेरिका में ओशो आश्रम चले गए। हालांकि, जब वह पांच साल बाद वापस आए और फिल्म इंसाफ से फिर अपना करियर शुरू किया तो उनकी पॉपुलैरिटी इतनी जबरदस्त थी कि लोग अप्सरा थिएटर से लेकर मराठा मंदिर तक, जो एक किलोमीटर से भी ज्यादा दूर था; वहां टिकट खरीदने के लिए लाइन पर लगे थे।' अनंत ने कहा, 'इंसाफ फिल्म की शुरुआत तो काफी अच्छी हुई थी, लेकिन फिल्म ज्यादा सफल नहीं हो पाई।

# विधु विनोद से बिग बी को पड़ी थी डांट:फिल्म की पूरी क्रू वहां मौजूद थी, 10 मिनट सेट पर लेट आए थे अमिताभ

अमिताभ बच्चन ने डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म एकलव्य: द रॉयल गार्ड में काम किया था। शो केबीसी के हालिया एपिसोड में एक्टर ने खुलासा किया कि एक दिन वे इस फिल्म के सेट पर 10 मिनट लेट पहुंचे थे, तो डायरेक्टर ने पूरी क्रू के सामने उन्हें डांट लगा दी थी।

केबीसी के हालिया एपिसोड में एक्टर विक्रांत मैसी पहुंचे थे, जिन्होंने विधु की फिल्म 12हृद्ध फेल में काम किया है। इस मौके पर बिग बी ने डायरेक्टर के साथ काम करने के अपने अनुभव को भी साझा किया था। उन्होंने कहा, 'हम फिल्म की शूटिंग कर रहे थे और रात बहुत हो गई। हमने लगभग 3 बजे पैक अप किया था। पैक अप करने के बाद उन्होंने मुझे अगले दिन सुबह 6 बजे सेट पर आने के लिए कहा गया। मुझे आश्चर्य हुआ और मैंने विधु से कहा, क्या तुम पागल हो? इतनी देर से पैक अप करने के बाद क्या चाहते हो कि मैं कल इतनी जल्दी आ जाऊं?' बिग बी ने आगे कहा, 'हालांकि, मैं अगली सुबह 6:10 बजे सेट पर पहुंच गया। उन्होंने पूरी टीम के सामने मुझे डांटा- तुम दस मिनट लेट हो गए!'

**फिल्म ने कमाए थे 38 करोड़ रुपए**-2007 में रिलीज हुई फिल्म एकलव्य में अमिताभ बच्चन के साथ सैफ अली खान, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, विद्या बालन और शर्मिला टैगोर जैसे सेलेब्स नजर आए थे। 30 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 38 करोड़ की कमाई की थी। फिल्म का डायरेक्शन और प्रोडक्शन विधु विनोद चोपड़ा ने किया था।

# बैलेंस बिगड़ने से सीढ़ियों पर गिरे विजय देवरकोंडा:टीम ने मौके पर संभाला; सॉन्ग के प्रमोशन के लिए मुंबई पहुंचे थे

साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह सीढ़ियों पर फिसलते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, विजय की टीम ने तुरंत उन्हें संभाल लिया। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, एक्टर मुंबई में अपने सॉन्ग का प्रमोशन करने के लिए पहुंचे थे। विजय देवरकोंडा शुक्रवार को मुंबई के मिथिबाई कॉलेज पहुंचे थे, जहां एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने अपकमिंग सॉन्ग का प्रमोशन किया। कार्यक्रम खत्म होने के बाद, जब विजय बाहर आ रहे थे, तो अचानक सीढ़ियों पर उनका बैलेंस बिगड़ गया और वह गिर गए।

साहिबा सॉन्ग में नजर आएंगे विजय देवरकोंडा बता दें, विजय देवरकोंडा पहली बार हिंदी म्यूजिक वीडियो साहिबा में नजर आएंगे। इस गाने में उनके साथ जसलीन रॉयल और राधिका मदान भी दिखेंगी। कुछ दिन पहले ही, विजय और राधिका ने सोशल मीडिया पर इस म्यूजिक वीडियो की झलक फैंस के साथ शेयर की थी। साहिबा सॉन्ग का निर्देशन सुधांशु सरिया ने किया है।

# अर्जुन कपूर बोले- टूट कर बिखर गया था, उन्होंने मुझे समेटा, दो साल से अपनी फिजिकल हेल्थ से जूझ रहा था



बीते लंबे समय से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहने वाले अर्जुन कपूर इन दिनों खबरों में हैं अपनी नई फिल्म सिंघम अगेन में अपनी नेगेटिव भूमिका के कारण। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है और अर्जुन की भूमिका को पसंद भी किया जा रहा है। उनसे एक खास बातचीत।

**आपको लेकर अटकलें, अफवाहें और आलोचनाएं चलती रही हैं, तो क्या आपकी हालिया सोशल मीडिया पोस्ट यकीन न करने वालों को यकीन करने तक बदलना है एक तरह से आपका जवाब है?**

इसलिए मैं आपसे भी बात कर रहा हूं। मैं हमेशा से सर झुकाकर काम करने में यकीन करता रहा हूं। आज जब मेरा काम बोल रहा है, तो उन्हें जवाब देना जरूरी था, जिन्होंने मेरे काम पर सवाल उठाए, हालांकि वो उनका हक था। कुछ लोग वास्तविक रूप से उठाते थे, मगर कुछ मजाक उड़ाने के लिए भी सवाल उठाते थे। अब जब डेंजर लंका लोगों को पसंद आ रहा है, तो मुझे लगा कि मैं उनका शुक्रिया अदा करूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास रखा और उनका भी धन्यवाद अदा करूं, जिन्होंने नहीं किया। कई बार सवाल खड़ा करने वालों से ज्यादा ताकत मिलती है। मुझे लगा मुझे और मेहनत करनी होगी, मगर आज के सोशल मीडिया के माहौल में दुनिया ही नेगेटिव हो गई है। यहां चीजों को उछाला जाता है, तो अब मैंने अच्छा काम भी किया है। मेरा हक है कि आज मैं अपने अच्छे काम की लोगों को याद दिलाऊं, जब नेगेटिविटी उछाली जाती है, तब भी हम उसे चुपचाप सहते हैं,तो आज जवाब देना तो बनता है।

**सबसे कठिन वक्त किसे मानते हैं आप अपने लिए?**

जब कोविड की पहली लहर आई, तो उस वक्त मैं बहुत लॉस्ट था। वो बहुत मुश्किल समय था। पिछले डेढ़ -दो साल से मैं अपनी फिजिकल हेल्थ, मेंटल हेल्थ और कहीं न कहीं करियर को लेकर जूझ रहा था। मेरे काम के बजाय मेरे सक्सेज को लेकर ज्यादा सवाल उठाए जा रहे थे।मेनस्ट्रीम हीरो हूं, तो मेरे लिए बॉक्स ऑफिस बहुत मायने रखता है। मैं ये नहीं कहूंगा कि क्रिटिक्स का मेरे लिए महत्व नहीं, मगर और अधिक काम करने के लिए जरूरी है सफलता, ताकि पैसे मिलें और आप पर लोग यकीन करें। कहीं न कहीं मुझे वो सुई अटकती नजर आ रही थी, क्योंकि पसंदीदा काम नहीं मिल रहा था। मेरे खिलाफ एक माहौल बन गया था।

एक विलेन रिटर्न ने भी 45 करोड़ का बिजनेस किया, मुझे निराशा हुई। मगर सच कह रहा हूं, अगर सिंघम अगेन नहीं आती, तो मैं टूट जाता। रोहित शेट्टी ने मुझे यह फिल्म देकर मेरे लिए संजीवनी बूटी का काम किया है। मैं बिखर गया था, उन्होंने मुझे समेटा। लगातार मिलने वाली नाकामियों से मैं खुद पर संदेह करने लगा था। मैं हाथ मले जा रहा था। मगर मैंने अपने रोल रावण अर्थात डेंजर लंका के जरिए अपने पुराने बोझ को जला दिया।

**अपनी कामयाबी में आज आप अपनी दिवंगत मां को कितना याद कर रहे हैं?** मेरी मौसी मेरी ये फिल्म संडे को देखना चाहती थीं, मगर उन्हें टिकट नहीं मिली। आज उनका जन्मदिन है और उन्होंने कल लेट नाइट शो देखा, क्योंकि वे अपने जन्मदिन पर मेरी फिल्म देखना चाहती थीं। मेरे लिए इससे बड़ी बात हो नहीं सकती, क्योंकि वे मेरी मां की छवि हैं। मेरे पिता (निर्माता बोनी कपूर) ने मुझे कॉल किया और वे तुरंत रोहित शेट्टी को कॉल लगाना चाहते थे। मेरी बहन अंशुला ने बीच फिल्म से मुझे फोन किया और पब्लिक रिएक्शन की जानकारी दी। खुशी और जाह्नवी ने भी तारीफ की। इस बार बॉक्स ऑफिस के साथ-साथ जो मेरे रोल की तारीफ हो रही, उसमें मेरी मॉम का ही आशीर्वाद है।

**फिल्म में काम करने को लेकर किसी तरह की इनसिक्योरिटी थी, क्योंकि फिल्म में दिग्गज कलाकारों का मेला लगा हुआ है?** फिल्म के निर्देशक रोहित शेट्टी ने ऑफिस बुलाकर मुझे जब स्क्रिप्ट समझाई, तभी मेरी सारी इनसिक्योरिटी दूर हो गई थी। मेरी नर्वसनेस यह थी कि मेरा लुक कैसा लगेगा? मगर जब फोटोशूट हुआ और मैंने अपना लुक देखा, तो मैं संतुष्ट हुआ। मेनस्ट्रीम सिनेमा में आपको समझना पड़ता है कि आप फिल्म का हिस्सा हो और निर्देशक को फिल्म का पता है। वैसे भी हम जब बड़े हो रहे थे, तब हमने सुभाष घई, मनमोहन देसाई साहब का मल्टी स्टारकास्ट वाला सिनेमा देखा है।

# टीवी एक्टर नितिन चौहान ने की आत्महत्या : पत्नी-बेटी गार्डन से लौटकर आईं तो फंदे से लटके मिले एक्टर, काम न मिलने से डिप्रेशन में थे

7 नवंबर को टीवी एक्टर नितिन चौहान का निधन हो गया। क्राइम पेट्रोल, सावधान इंडिया और तेरा यार हूं मैं जैसे कई पॉपुलर टीवी शोज का हिस्सा रहे नितिन की मौत की सटीक वजह सामने नहीं आ सकी थी, हालांकि अब पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एक्टर ने आत्महत्या की है। हाल ही में आई आज तक की रिपोर्ट में पुलिस अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि नितिन डिप्रेशन में थे। वो दवाइयां भी ले रहे थे। उनके पास लंबे समय से कोई काम नहीं था, जिसके चलते वो परेशान चल रहे थे। 35 साल के एक्टर नितिन चौहान अपनी पत्नी और बेटी के साथ यशोधम एरिया में स्थित अपार्टमेंट में रह रहे थे। गुरुवार शाम पत्नी बेटी को लेकर गार्डन गई थीं। जब वो लौटकर घर आईं तो नितिन ने दरवाजा नहीं खोला। दरवाजा बंद होने पर पत्नी ने शोर मचाकर आस-पड़ोस के लोगों को बुलाया। जब दरवाजा तोड़ा गया तो देखा कि नितिन पंखे में फंदे में लटके हुए हैं। नितिन, अलीगढ़ से ताल्लुक रखते हैं। 7 नवंबर को उनकी मौत की खबर सुनकर परिजन मुंबई पहुंचे थे। अंतिम संस्कार के लिए उनके पार्थिव शव को अलीगढ़ ले जाया गया था। नितिन के निधन से टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर नितिन के निधन के बाद स्प्लिट्सविला 5 में उनके को-कंटेस्टेंट रहे, अली गोनी मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में कहा, मैं शॉक में हूं। हालांकि, हम बीते 13 सालों से संपर्क में नहीं थे, लेकिन किसी की मौत बेहद दुखद है। टीवी एक्ट्रेस विभूति ठाकुर ने नितिन की मौत की खबर मिलते ही उनके लिए एक इमोशनल पोस्ट शेयर की है। उन्होंने लिखा है, आपकी आत्मा को शांति मिले। काश तुम्हारे पास हर मुश्किल को झेलने की ताकत होती। काश तुम मेंटली भी उतने स्ट्रॉन्ग होते, जितनी तुम्हारी बॉडी है। कई रियलिटी शो और टीवी शोज का हिस्सा रहे नितिन नितिन चौहान रियलिटी शो दादागिरी 2 के विजेता बनकर फेमस हुए थे। आगे उन्होंने दूरदर्शन के टीवी शो जिंदगी डॉट कॉम के एक्टिंग डेब्यू किया था।

परिश्रम पर ध्यान केंद्रित करने वाला हर व्यक्ति वीर है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# पितृसत्ता लेफ्ट का बनाया कॉन्सेप्ट : निर्मला सीतारमण

## अगर ये महिलाओं को आगे बढ़ने से रोकता, तो इंदिरा गांधी पीएम कैसे बनीं

बढ़ता राजस्थान



**बेंगलुरु।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पितृसत्ता को लेकर अपनी राय दी है। उन्होंने कहा कि अगर पितृसत्ता भारत में महिलाओं को अपनी इच्छाओं को पूरा करने से रोकती, तो इंदिरा गांधी कैसे प्रधानमंत्री बन पाईं? बेंगलुरु के सीएमएस बिजनेस स्कूल में शनिवार को स्टूडेंट्स से बातचीत के दौरान उन्होंने ये बात कही। महिला सशक्तिकरण को लेकर एक सवाल का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि पितृसत्ता का विचार लेफ्टिस्ट पार्टियों ने बनाया है। सीमारमण ने महिलाओं को सलाह दी कि वे आकर्षक जटिल शब्दों के जाल में न उलझें। अगर आप अपने लिए खड़े होते हैं और तर्कसंगत तरीके से बात रखते हैं, तो पितृसत्ता आपको अपने सपने पूरे करने से नहीं रोक सकती। हालांकि उन्होंने यह माना कि महिलाओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं मौजूद नहीं हैं और इसमें बदलाव की जरूरत है।

इस कार्यक्रम में निर्मला ने केंद्र सरकार की तरफ से इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों और युवाओं के लिए मौजूद सरकारी योजनाओं के बारे में बातचीत की। निर्मला ने इनोवेशन के मौकों को लेकर कहा कि मोदी सरकार ऐसा माहौल बना रही है जो इनोवेटर्स के लिए अच्छा है। हमारी सरकार सिर्फ नीतियां बनाकर इनोवेशन को सपोर्ट नहीं करती है। सरकार यह भी सुनिश्चित कर रही है कि ऐसे इनोवेशन को बाजार भी मिले।

# मौसम : राजस्थान के श्रीगंगानगर में सुबह घना कोहरा छाया

## झुंझुनूं, जयपुर, भिवाड़ी, हनुमानगढ़ की हवा जहरीली हुई, एक्यूआई लेवल 250 से ऊपर पहुंचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सुबह श्रीगंगानगर के अनूपगढ़, घड़साना और रायसिंह में घना कोहरा छाया। इससे विजिबिलिटी काफी कम रह गई। वहीं, राजस्थान के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में मौसम शुष्क होने के साथ हवा की स्पीड कमजोर हो गई है। इससे इन एरिया के शहरों में सुबह-शाम एयर क्वालिटी इंडेक्स लेवल भी बिगड़ रहा है। कल झुंझुनूं, जयपुर, भिवाड़ी, हनुमानगढ़ में औसत एक्यूआई 250 से ऊपर रहा। वहीं, कई शहरों में कल दिन का तापमान भी थोड़ा बढ़ गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले चार-पांच दिन प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा।

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को पूरे दिन गंगानगर में एक्यूआई लेलव 234, झुंझुनूं में 256, हनुमानगढ़ में 266, भिवाड़ी में 291 और चूरू में 231 के स्तर पर रहा। वहीं, जयपुर के मानसरोवर एरिया में 325, एमआई रोड, चारदीवारी एरिया में 213, रीको सीतापुरा, प्रताप नगर, जगतपुरा एरिया में 257 और शास्त्री नगर, विद्याधर नगर एरिया में एक्यूआई लेवल 234 पर दर्ज हुआ। इन एरिया में हवा की गति भी कल पूरे दिन बहुत कम रही, जिसके कारण यहां प्रदूषण का स्तर ज्यादा रहा।

### दिन के तापमान में बढ़ोतरी

इधर धौलपुर, पिलानी, अलवर, अजमेर, जैसलमेर, चूरू और गंगानगर में दिन के टेम्प्रेचर में 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 37.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर में 37.2, जालौर में 36.9, चूरू में 36.6, बीकानेर में 36, पिलानी में 36.2 और अजमेर में 35.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### रात में भी तापमान स्थिर, हल्की ठंडक

राजस्थान में इन दिनों रात के तापमान में भी उतार-चढ़ाव जारी है। कल सबसे कम तापमान हिल स्टेशन माउंट आबू में 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सिरोही में 14.2, जालौर में 16.2, सीकर में 16.5, फतेहपुर में 15 और उदयपुर में 16.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। जयपुर में न्यूनतम तापमान बढ़कर फिर 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।



# हमारे रहते मुस्लिमों को आरक्षण नहीं मिलेगा : शाह

## झारखंड में कहा- राहुल की चौथी पीढ़ी भी अनुच्छेद 370 नहीं ला सकती

बढ़ता राजस्थान



**रांची (एजेंसी)।** गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को झारखंड के पलामू, हजारीबाग और पोटका में चुनाव सभाएं कीं। उन्होंने कहा- कांग्रेस ओबीसी, आदिवासियों और दलितों से आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को देने की योजना बना रही है।

पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा कभी भी धर्म आधारित आरक्षण की अनुमति नहीं देगी। जब तक भाजपा की सरकार है, नरेन्द्र मोदी जी हैं, तब तक हम दलितों और पिछड़ों के आरक्षण को हाथ नहीं लगाने देंगे।

कांग्रेस ओबीसी कोटा के खिलाफ है। जब उलेमाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने महाराष्ट्र में कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की तो उसने 10 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया। हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की परमिशन नहीं देता। मगर ये कांग्रेस और जेएमएम वाले अपनी वोटबैंक के लिए मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते हैं।

कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। मैं राहुल गांधी को चेतावनी देता हूं कि आपकी चौथी पीढ़ी भी अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकती।

### अमित शाह की 3 सभा की 3 मुख्य बातें

पलामू की रैली में शाह ने कहा- राहुल गांधी संविधान की फर्जी प्रति दिखाकर उसका अपमान कर रहे हैं। राहुल गांधी ने संविधान की एक प्रति दिखाई। दो दिन पहले उनका पर्दाफाश हुआ था। उन्होंने जो संविधान दिखाया, उसकी एक प्रति किसी के पास थी। उस प्रति के कवर पर भारत का संविधान लिखा था, जिसमें कोई सामग्री नहीं थी। ऐसा न करें। संविधान का मजाक ना बनाएं। यह आस्था और विश्वास का सवाल है।

शाह ने हेमंत सरकार को देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। मुख्यमंत्री कहते हैं कि घुसपैठ भाजपा का राजनीतिक एजेंडा है। मैं कहता हूं कि यह सीएम का बैंक है...भ्रष्ट नेताओं को उल्टा लटका दिया जाएगा। आप 350 करोड़ रुपए लूटने वाले को सबक सिखा दो। हम आपको सुखद प्रदेश देंगे। ये सरकार (हेमंत) अपने वोट बैंक के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही है। ये झारखंड के युवाओं की नौकरी खा जा रहे हैं। हमारी सरकार बना दो, हम सभी घुसपैठियों को खदेड़ देंगे।

शाह ने कहा- हो समेत अन्य स्थानीय भाषाओं को पहले राज्य की अधिकृत सूची में शामिल करेंगे। इसके बाद संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया जाएगा। सरकार सहारा का पैसा पाई-पाई वापस करेगी। झारखंड का ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है। इस चुनाव में आपको तय करना है कि यहां पर आदिवासी और पिछड़ों का अपमान करने वाली सरकार चाहिए या आदिवासी और पिछड़ों का सम्मान करने वाली सरकार चाहिए।कांग्रेस व जेएमएम वाले अगर पोटका, झारखंड में चुनाव प्रचार करने आएं तो पूछना कि 10 साल तक केंद्र में यूपीए की सरकार थी, आपने आदिवासी कल्याण के लिए कितना बजट दिया। आजादी के 75 साल तक, देश में कभी कोई आदिवासी बेटा या बेटी देश का राष्ट्रपति नहीं बना। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक गरीब आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाया और आदिवासियों का सम्मान किया।

### जमशेदपुर में अमित शाह का रोड शो

पोटका में जनसभा के बाद जमशेदपुर में अमित शाह ने रोड शो किया, जो दो विधानसभा (जमशेदपुर पूर्वी और जमशेदपुर पश्चिम) से होकर गुजरा। रोड शो में भारी भीड़ है। उनके साथ गाड़ी पर जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू और जमशेदपुर पश्चिम से ह्ष्ठ प्रत्याशी सरयू राय हैं। पूर्णिमा पूर्व सीएम और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू हैं। शाह का रोड शो जुबिली पार्क गेट से शुरू होकर भालुबासा चौक पर जाकर समाप्त होगा। इन सभी इलाकों में पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होगा। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 13 नवंबर को 43 सीटों पर वोटिंग होनी है।

# सीडीएस बोले-देश का बड़ा हिस्सा सेना की उपलब्धियों से अनजान

## इसे एजुकेशन में शामिल करेंगे; इंडियन हेरिटेज मिलिट्री फेस्टिवल में शौर्य गाथा प्रोजेक्ट लॉन्च




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन मिलिट्री हेरिटेज फेस्टिवल का दूसरा एडिशन शुक्रवार को नई दिल्ली में शुरू हुआ। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा- देश का बड़ा हिस्सा भारतीय सेना की उपलब्धियों को नहीं जानता। इसलिए इसे एजुकेशन में भी जोड़ा जाएगा।

शुक्रवार को फेस्टिवल के दौरान सीडीएस ने शौर्य गाथा प्रोजेक्ट लॉन्च किया। इसका मकसद अगली पीढ़ी में नेशनल प्राइड यानी राष्ट्रीय गर्व की भावना बढ़ाना है।

इस फेस्टिवल में रक्षा मंत्रालय, डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स और इंडियन फोर्स के अलावा पर्यटन विभाग लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश सरकार और संस्कृति मंत्रालय के अलावा एनसीसी कैडेट भी शामिल हैं।

फेस्टिवल का लक्ष्य भारतीय वायुसेना, नौसेना और आर्मी की उपलब्धियों को प्रमोट करना है। साथ ही यह युवाओं के बीच सेना को बतौर करियर बढ़ावा देने का काम भी कर रहा है। इसका पहला एडिशन पिछले साल 21-22 अक्टूबर को आयोजित हुआ था। शौर्य गाथा प्रोजेक्ट से सेना के इतिहास को प्रमोट किया जाएगा शौर्य गाथा प्रोजेक्ट डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स की पहल है। इसे डीएमए और यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सेंटर फॉर मिलिट्री हिस्ट्री एंड कॉन्फ्लिक्ट स्टडीज ने साथ मिलकर शुरू किया है। इस प्रोजेक्ट का मकसद भारतीय सेना के इतिहास और उपलब्धियों को टूरिज्म और शिक्षा की मदद से प्रमोट करना है। इस प्रोजेक्ट के जरिए बैटलफील्ड टूरिज्म यानी बॉर्डर एरिया में टूरिज्म को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इससे नए रोजगार पैदा होंगे। इसके तहत भारतीय सेना के अहम मिलिट्री लैंडमार्क की पहचान की जाएगी, उन्हें रीस्टोर किया जाएगा।

# बिहार में छठ के दौरान डूबने से 45 की मौत

## मरने वालों में ज्यादा बच्चे, कई लापता की तलाश जारी



बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में छठ पर्व के दौरान डूबने से 45 लोगों की मौत हो गई है। कोसी-सीमांचल और पूर्वी बिहार के अलग-अलग जिलों में छठ पर्व पर डूबने से 22 लोगों की जान चली गई। सबसे ज्यादा खगड़िया में 4 लोग डूब गए। इसके अलावा मुंगेर और सहरसा में 3-3, मधेपुरा, किशनगंज, लखीसराय और अररिया में 2-2 लोगों और छपरा में 2 लोगों की डूबने से मौत हुई है। कटिहार और पूर्णिया में 1-1 की मौत हुई है।

वहीं, भागलपुर जिले में दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। लापता की एसडीआरएफ की टीम तलाश कर रही है। खगड़िया में अलग-अलग जगहों पर छठ घाट तैयार करने और नदी में स्नान के दौरान दो किशोरी समेत पांच लोग डूब गए। इसमें से चार के शव को निकाला गया। लापता किशोरी को एसडीआरएफ टीम ढूंढ रही है। मुंगेर जिले के अलग-अलग प्रखंड में गुरुवार और शुक्रवार को अर्घ्य के दौरान दो बच्चे समेत छह लोग डूब गए। इसमें से दो लोगों को गोताखोरों ने बचा लिया, जबकि तीन लोगों की मौत हो गई और एक की तलाश जारी है। सहरसा में एक युवक, एक बच्चा और एक किशोरी की मौत हो गई। लखीसराय में छठ पूजा के दौरान घाट पर नहाने और सेल्फी लेने के दौरान दो बालक की मौत डूबने हो गई।

### समस्तीपुर में डूबने से सबसे ज्यादा मौत

पूर्णिया के कसबा के मलहरिया कोसी नदी पुल के समीप गुरुवार को एक महिला का शव कोसी नदी से बरामद हुआ। कटिहार के बारसोई प्रखंड की कदमगाछी पंचायत के आलेपुर छठ घाट में छठ पूजा देखने गए भाई-बहन का घाट पर पैर फिसल जाने से दोनों डूब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने बहन को बचा लिया, लेकिन भाई की डूबकर मौत हो गई। उधर, मधेपुरा में भी एक बच्चा समेत दो लोगों की डूबकर मौत हो गई। वहीं उत्तर बिहार में विभिन्न स्थानों पर डूबने से 19 लोगों की मौत हो गई। समस्तीपुर में सबसे ज्यादा 7 लोगों की मौत हुई है। वहीं, मुजफ्फरपुर में 3, सीतामढ़ी में 5, मोतिहारी में 2 और दरभंगा और मधुबनी में एक-एक व्यक्ति की मौत डूबने से हो गई।

### रतन टाटा पर पीएम मोदी का ब्लॉग, लिखाः

# भारत ने अमूल्य रत्न खोया, लेकिन वे उन सपनों में जिंदा, जिन्हें उन्होंने सहारा दिया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दिवंगत बिजनेसमैन रतन टाटा के लिए एक ब्लॉग लिखा है। इसमें उन्होंने रतन टाटा के योगदान, जीवन, लीडरशिप और देशप्रेम का जिक्र किया है। पीएम ने लिखा- रतन टाटा के हमसे दूर चले की जाने की वेदना अब भी मन में है। इस पीड़ा को भुला पाना आसान नहीं है। रतन टाटा जी के तौर पर भारत ने अपने एक महान सपूत को खो दिया है...एक अमूल्य रत्न को खो दिया है।

गौरतलब है कि टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन नवल टाटा का 86 साल की उम्र में 9 अक्टूबर को निधन हो गया था। भारत सरकार ने उन्हें साल 2000 में पद्मभूषण और 2008 में पद्मविभूषण से सम्मानित किया था।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# हिमाचल, तेलंगाना, कर्नाटक कांग्रेस के शाही परिवार के एटीएम : मोदी

## कहा : चुनाव महाराष्ट्र में है और वसूली इन तीन राज्यों में डबल हो गई है

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार दूसरे दिन रैली की। उन्होंने शनिवार को अकोला में एक बार फिर एक हैं तो सेफ हैं का नारा दिया। इससे पहले 8 नवंबर को नासिक और धुले की रैली में भी उन्होंने यह नारा लगाया था।

शनिवार को अकोला की रैली में पीएम के निशाने पर एक बार फिर कांग्रेस ही रही। उद्धव ठाकरे और शरद पवार के बारे में एक शब्द नहीं बोला। उन्होंने कहा- जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आर्टिकल 370 की वापसी की मांग हो रही है। कांग्रेस और उसके सहयोगी इसका समर्थन करते हैं। पाकिस्तान भी यही चाहता है।

पीएम ने कहा- कांग्रेस की सरकार जिस राज्य में बन जाती है, वह राज्य शाही परिवार (गांधी परिवार) के लिए एटीएम बन जाता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक सरकार का जिक्र किया। कहा- चुनाव महाराष्ट्र में है और वसूली इन राज्यों में डबल हो गई है। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि चुनाव जीतने के बाद क्या लूट होगी।



**राम मंदिर पर मोदी बोले**- एक बार फिर महायुति के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। आज 9 नवंबर है, ये तारीख बहुत ऐतिहासिक है। आज ही के दिन 2019 में देश की सर्वोच्च अदालत ने राम मंदिर पर फैसला दिया था। 9 नवंबर की तारीख इसलिए भी याद की जाएगी कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हर धर्म के लोगों ने संवेदनशीलता का परिचय दिया। ये राष्ट्र प्रथम की भावना है। पीएम ने जय श्री राम का नारा भी लगाया।

**एक हैं तो सेफ हैं पर मोदी बोले**- कांग्रेस अच्छी तरह जानती है, जितना देश कमजोर होगा, उतना ही वे मजबूत होंगे। जब कांग्रेस मजबूत होगी, देश मजबूर होगा। कांग्रेस विभिन्न जातियों के बीच विभाजन पैदा करती है। इसने हमारी जातियों को कभी एकजुट नहीं होने दिया। अगर हमारी जातियां एकजुट नहीं रहेंगी और एक-दूसरे के साथ संघर्ष करती रहेंगी, तो कांग्रेस इसका फायदा उठाएगी। आपको सचेत रहना होगा। याद रखें, एक हैं तो सेफ हैं।

**परिवारवाद पर मोदी बोले**- जहां कांग्रेस की सरकार बन जाती है, वो राज्य कांग्रेस के शाही परिवार का एटीएम बन जाता है। इन दिनों हिमाचल, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्य कांग्रेस के शाही परिवार के एटीएम बने हुए हैं। लोग बता रहे हैं कि इन दिनों महाराष्ट्र में चुनाव के नाम पर कर्नाटक में वसूली डबल हो गई है।